फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -37, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एलिएंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 16
अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, एनआईए की टीम पहुंची

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को बम धमाके से 10 लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को हुआ धमाका कम तीव्रता का था और उसमें टाइमर लगा हुआ था। जांच के लिए एनआईए की टीम विस्फोट स्थल पर पहुंच गई है। बम और फोरेंसिक टीमें भी जांच में सहायता कर रही हैं।



- बैग में रखे बम में लगा था टाइमर जांच टीमें सुराग ढूंढने में जुटीं

शिवकुमार ने राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर के साथ घटनास्थल का दौरा किया और बाद में अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने गए। शिवकुमार ने बताया कि धमाका अपराह्न करीब एक बजे हुआ। 28 से 30 वर्ष का एक युवक कैफे में आया और काउंटर पर रवा इडली खरीदने के बाद अपना बैग छोड़कर चला गया। बैग रखने के करीब एक घंटे के बाद धमाका हुआ। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कम तीव्रता का बम धमाका था। उसने (व्यक्ति) एक घंटे के बाद धमाका होने के लिए टाइमर लगाया था। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है। एक चश्मदीद एडिसन ने कहा कि मैं अपनी बारी के इंतजार में कैफे के बाहर खड़ा था, तभी हमने एक तेज आवाज सुनी। हम डर गए लेकिन हमें पता नहीं चला कि दरअसल हुआ क्या। उस समय वहां करीब 35-40 लोग थे। वे सभी बाहर भागने लगे।

## इस साल पड़ेगी अधिक गर्मी

**नई दिल्ली।** इस वर्ष गर्मी के मौसम की शुरूआत काफी अधिक गर्म रहने की संभावना है तथा पूरे मौसम के दौरान अल-नीनो परिस्थितियों के बने रहने का अनुमान है। उत्तर-पूर्व प्रायद्वीपीय भारत-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक तथा महाराष्ट्र एवं ओडिशा के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विभाग ने कहा कि देश में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश के ज्यादातर हिस्सों में मार्च और मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।



बंपर खरीदारी से शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर

## 1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

### मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।

### जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12 .5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18 .40 लाख करोड़ हो चुका है।

## एक नजर

### यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन



**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने। उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

### पूर्व फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी का निधन

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रहीं रिंकी चकमा का शुक्रवार को यहां कैंसर से बहादुरी से लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 28 वर्ष की थीं। फेमिना मिस इंडिया 2017 की फाइनलिस्ट रहीं रिंकी चकमा के निधन की आधिकारिक जानकारी फेमिना मिस इंडिया द्वारा एक्स पर एक तस्वीर और कैप्शन के साथ साझा की गई है। रिंकी को साल 2022 में एक घातक फाइलोड्स ट्यूमर (स्तन कैंसर) का पता चला था। शुरुआती दौर में सर्जरी के बावजूद कैंसर उनके फेफड़ों और उनके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे ब्रेन ट्यूमर हो गया।

### अनुराग अग्रवाल संसद सुरक्षा के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** आईपीएस अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया। तत्कालीन संयुक्त सचिव रघुबीर लाल के अपने कैडर में वापस जाने के बाद 20 अक्टूबर से जेएस (सुरक्षा) का पद खाली था।

### आरएमएलआई के निदेशक बने डॉ. सी एम सिंह



**लखनऊ।** डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआई) लखनऊ के लिए नियमित निदेशक की तलाश पूरी हो गयी है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ .सीएम सिंह को आरएमएलआई का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को डॉ सीएम सिंह को लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का निदेशक नियुक्त किया है।

# संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

### बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के



2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

### ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

### इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

# प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

- सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति
- अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी

### राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

- ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह

## तंबाकू कारोबारी के यहां आयकर छापे में मिली करोड़ों की कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबारी के दिल्ली स्थित आवास से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त

**अमृत विचार :** तंबाकू बनाने वाली फर्म वंशीधर श्रीराम के ठिकानों पर शुक्रवार को भी आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। इस दौरान बड़े पैमाने पर कर (टैक्स) चोरी पकड़ी। करोड़ों रुपये की लग्जरी गाड़ियां भी मिलीं। जांच टीम यह देख रही है कि ये गाड़ियां किनके नाम हैं और फर्म ने जो रिटर्न भरा था उसमें जिक्र किया गया है या नहीं।

कर चोरी के शक पर ही आयकर विभाग की दो दर्जन से अधिक टीमों ने गुरुवार को फर्म के दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर, समेत विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। कानपुर में नयागंज में बने कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही दिल्ली और अहमदाबाद में जांच के लिए छापेमारी की। कानपुर में छापेमारी तो बंद हो गई है लेकिन दिल्ली व अन्य जगहों पर टीम अभिलेखों की जांच कर रही है। आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक फर्म का टर्नओवर सौ करोड़ से अधिक का है लेकिन कंपनी आयकर विवरणी में कम टर्न ओवर दिखा रही है। विभाग ने दिल्ली स्थित ठिकाने से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त किया है। कंपनी के पास से मैकलेरन, लेम्बोर्गिनी, फेरारी, रोल्स-रॉयस जैसी लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। कंपनी ने रियल एस्टेट में भी निवेश कर रखा है।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है।

**पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से खत्म किया समझौता :** पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।



- वित्तीय खुफिया ईकाई ने की कार्रवाई, बैंक की बढ़ीं मुश्किलें

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती में संस्कृत का टीईटी प्रमाण पत्र मान्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के पूर्व में दिए गए निर्णय को पलटा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10 हजार रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, याची की उम्मीदवारी को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि उसने संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं लगाता कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक नहीं हो सकते और याची को नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए निर्देश जारी किया था, जिसे परिषद द्वारा वर्तमान अपील में चुनौती दी गई।

## हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे।

ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इस मामले में एक 'हवाला कारोबारी' हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की गई है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है। सूत्रों के अनुसार ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'स्काईएक्सचेंज' का मालिक और संचालक भी है।

## राम मंदिर न्यास की जानकारी देने का आदेश खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से संबंधित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन का जिम्मा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालता है। उच्च न्यायालय ने गत 28 फरवरी को सीबीडीटी की उस याचिका को मंजूर कर लिया, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा

शासन की ओर से 32 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोलने को मिली मंजूरी

## एटीएस परखेंगे वाहन का स्वास्थ्य, ठीक होंगे तभी सड़क पर दौड़ेंगे

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरआई ने आंखों से कामर्शियल गाड़ी देखी। बात बनीं तो फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। अब यह नहीं चलेगा। आरटीओ में जुगाड़ के बल पर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की परंपरा पर अतिशीघ्र विराम लगने वाला है। सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहनों से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खुलने जा रहे हैं। इन केंद्रों पर ऑटोमेटिक मशीन से वाहनों के फिटनेस की जांच की जाएगी। भारत सरकार ने प्रदेश को 36 एटीएस खोलने का लक्ष्य दिया है।

- भारत सरकार ने 36 एटीएस खोलने का प्रदेश को दिया है लक्ष्य

प्रदेश में अभी तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल होती है। अब मशीन से जांच कराने की तैयारी है। इसे लेकर परिवहन विभाग ने एक पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) बना कर आवेदन मांगे थे। इसमें 308 आवेदन मिले हैं। इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने जमीन समेत अन्य तैयारी पूरी कर ली है। आवेदनों की पड़ताल के बाद 32 जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पर मुहर लगा दी गई। इनमें 41 प्रारंभिक पंजीयन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर 2024 तक इनकी शुरुआत होनी है।

### एटीएस के लिए इन जिलों को दिए गए प्रमाणपत्र

राजधानी लखनऊ-1, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, , फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, उरई, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, औरैया, कौशांबी, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मेरठ, उन्नाव, कानपुर देहात।



लोगों के सुरक्षित सफर के लिए वाहन का शत प्रतिशत फिट होना जरूरी है। इसके लिए गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस के बजाए मशीन से उनकी जांच कराई जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन शीघ्र ही खोल दिए जाएंगे। इसके लिए ठोस कार्रवाई गतिशील है। सरकार की मंशा है कि जीवन रक्षा और सुरक्षित सफर के लिए छोटी से छोटी चीज पर नजर रखी जाए। जब वाहन पूरी तरह स्वस्थ होंगे तो सफर सुरक्षित होगा। - **चंद्रभूषण सिंह**, परिवहन आयुक्त

- 500 करोड़ का होगा निवेश, मिलेगा रोजगार
- एक सेंटर पर करीब 12 करोड़ रुपये व्यय होगा।
- 25 से 30 लोगों को एक सेंटर पर मिलेगा काम।
- 1,200 से 1,500 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।
- 10,000 लोगों को अपरोक्ष रोजगार के मौके मिलेंगे।

कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की जांच मशीन से कराने की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ गई है। जल्द ही प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोल दिए जाएंगे।
- **पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

## एक नजर

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। अजीज कुरैशी उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड व मिजोरम के भी राज्यपाल रहे।

### डॉ. कन्हैया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रहे डॉ. कन्हैया सिंह के बेटे चित्रसेन सिंह को मुख्यमंत्री ने पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यन्त दुखदायी होता है।

### पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त को एक वर्ष का सेवा विस्तार

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग को एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को ऊर्जा विभाग की ओर से आदेश जारी किये गये। आदेश में कहा गया है कि 18 फरवरी 2024 से नये निदेशक वित्त का चयन होने या एक वर्ष की अवधि जो भी कम हो, तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। भविष्य में इसे दृष्टांत नहीं माना जाएगा। निदेशक वित्त के सभी अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

# जिलों में तीन साल से तैनात अधिकारियों को हटाया गया

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शासन ने सौंपी रिपोर्ट




कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** शासन व पुलिस विभाग ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसरों को हटा दिया है। शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को को इस सिलसिले में रिपोर्ट सौंपी गई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से अफसरों के तबादले को लेकर रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई है।

आयोग ने पिछले दिनों प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों को निर्देश जारी कर एक ही जिले में तीन से अधिक समय से जमे अफसरों को हटाने व गृह जिले में अफसरों को संबंधित संसदीय क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिये थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था। आयोग ने अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिये थे। इस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां हों पूरी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

अमृत विचार, लखनऊ: भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को मंडल व जिला स्तर के निर्वाचन अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अफसरों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जायं। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सभी अधिकारियों से प्रदेश में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त हिृदेश कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा आदि अधिकारी शामिल हुए।

### ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

**अमृत विचार, लखनऊ:** गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।

ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया गया था।

# पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा ही नहीं, एक कीर्तिमान भी है। इनमें 2.80 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड पिछले एक साल में बनाए गए हैं। कार्ड की संख्या बढ़ने के साथ ही योजनातंर्गत रोजाना इलाज प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या आठ हजार पहुंच गई है। जबकि पूर्व में मात्र दो हजार मरीज ही रोजाना आते थे।

आयुष्मान भवः अभियान अंतर्गत प्रदेश में सितंबर 2023 से अब तक पांच सालों में 3.06 करोड़ में मात्र आठ माह के में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की संगीता सिंह ने बताया कि पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनने के बाद योजनातंर्गत मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए प्रदेश में पांच हजार से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी इलाज मरीजों को उपलब्ध है।

#### एक नजर में आयुष्मान योजना

- आयुष्मान योजना में लाभार्थी परिवारों की संख्या : 1,80,47,024
- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित परिवार :1,31,23,662
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अंत्योदय अन्न योजना : 49,23,362
- पीएम जन आरोग्य योजना में कुल अस्पतालों की संख्या : 5,351
- सरकारी अस्पतालों की संख्या : 2,795
- कुल उपचारित लाभार्थी की संख्या : 34,81,252
- बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या 5,00,17,920

# मायावती के भतीजे आकाश को वाई प्लस सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राजनीतिक गलियारों में चर्चा बसपा,भाजपा की बी पार्टी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का तोहफा बताया जा रहा है।

केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था।

हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस पर कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी बसपा इंडिया गठबंधन मे शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। ऐसे में आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने पर विपक्ष के आरोपों को बल मिला है।

आकाश आनंद को वाई प्लस सुरक्षा करीब एक महीना पहले ही मिल गई थी। सुरक्षा मिलने के बाद वह शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में फरीदाबाद गए, तभी ये बात सामने आई। फरीदाबाद में शुक्रवार को सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा का कार्यक्रम था। 28 वर्षीय आकाश को बसपा प्रमुख ने पिछले दिसंबर में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। बसपा के कार्यक्रमों में वह लगातार सक्रिय हैं।

### पंचायत भवन तो बने पर कितने कमरे पता नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : पंचायत भवनों का लाखों रुपये से निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन क्षेत्रफल और उस पर बने कमरों की जानकारी नहीं है। भवनों का परीक्षण कर फोटो व विवरण बेवसाइट पर अपलोड तक नहीं किया गया। गांवों में पंचायत भवन बनाना शासन की प्राथमिकता में है। जिनके निर्माण पर जिले स्तर से परीक्षण कर फोटो, क्षेत्रफल, कक्षों की संख्या आदि विवरण विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करना है। यह कार्य जिलों पर पंचायती राज निदेशालय से जिला परियोजना प्रबंधक को करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन पालन नहीं किया। इससे निदेशालय को यह जानकारी नहीं हो पा रही कि कितने क्षेत्रफल में कितने कमरे बनाए गए हैं। निदेशक राज कुमार ने कार्रवाई की चेतावनी देते हुए शनिवार तक भवन का दृश्यमान फोटो पोर्टल पर अपलोड करने के साथ प्रमाण पत्र मांगा है।

# यूपी बोर्ड: पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा/ लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाओं में सेंध लग गई। दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापक:** पेपर लीक मामले में शासन स्तर तक हडक़ंप मच गया है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे। वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था।

**मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी:** डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। गुरुवार रात तक दो आरोपी केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पेपर लीक करने वाला मुख्य आरोपी विनय चौधरी और अन्य के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### आज से परीक्षा के दौरान केंद्रों पर मोबाइल बैन

अमृत विचार :माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन या अन्य संचार उपकरण का प्रयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व होगा कि वह सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
> –दिब्यकांत शुक्ला, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी -2024 की परीक्षा से संबंधित दस्तावेज भी बरामद

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नही मिला।

एसटीएफ के मुताबिक वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। इस परीक्षा में प्रवीन एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त रहे हैं। उत्तर कुंजिका देकर परीक्षा में पास कराने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 लाख रुपये लेना तय हुआ था।

### बिजली चोरी रोकने के लिए विजिलेंस टीम जल्द होगी बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली चोरी रोकने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस टीम जल्द बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस होगी। जांच टीम का ऑडियो-वीडियो लोकेशन रिकॉर्ड होगा। कॉरपोरेशन का नियंत्रण कक्ष इसकी मॉनिटरिंग करेगा।कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव की ओर से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत सभी वितरण कंपनियों को पत्र लिखा गया है। भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विभागीय व विजिलेंस टीमों की ओर से छापे के दौरान किसी घटना के घटित होने, भ्रष्टाचार को रोकने व छापे की कार्रवाई को रिकार्डिंग करने के लिए बॉडी वार्न कैमरा क्रय करने का निर्णय लिया गया है। सभी कंपनियों के लिए तीन सौ बॉडी वार्न कैमरे किये जाने हैं। सभी कंपनियों के लिए कैमरे की खरीद के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को अधिकृत किया गया है। निदेशक वाणिज्य ने इस सिलसिले में मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में कॉरपोरेशन ने 300 बॉडी वॉर्न कैमरों की खरीद करेगा। इसकी सफलता के बाद कॉरपोरेशन आगे इसे बढाने पर विचार करेगा। वर्तमान में पूरे प्रदेश की बिजली कंपनियों मे लगभग 88 विजिलेंस टीमें है। 392 वितरण खंड व 120 परीक्षण खंड हैं। इसमें सफलता मिलने के बाद सभी खंड में अनिवार्य रूप से चेकिंग पर जाने के पहले बॉडी वार्न कैमरा पहनना अनिवार्य होगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कॉरपोरेशन के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा।




सबको राशन सबको पोषण






1,100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण

एवं

79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से

खाद्यान्न वितरण का शुभारंभ

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सतीश चन्द्र शर्मा
राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति, उत्तर प्रदेश

विजय लक्ष्मी गौतम
राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण, उत्तर प्रदेश

दिनांक : 2 मार्च, 2024 | समय : प्रात: 10:00 बजे | स्थान : लोक भवन सभागार, लखनऊ

अन्नपूर्णा भवन की विशेषताएं

♦ 75 जनपदों में 5,626 दुकानें चिन्हित, 3,914 का निर्माण प्रारंभ ♦ 484 वर्ग फीट के परिसर में खाद्यान्न वितरण कक्ष, सी.एस.सी. कक्ष, जनोपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउंटर, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान ♦ सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था अंतर्गत खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचाने की सुविधा ♦ पीएम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड एवं सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण-पत्र बनवाने एवं विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा ♦ लाभार्थियों को स्वयं के गांव में ही राशन प्राप्त करने की सुविधा ♦ आवश्यक वस्तुओं, जनोपयोगी वस्तुओं, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं गुणवत्तापरक एफ.एस.एस.ए.आई. प्रमाणित वस्तुओं की उपलब्धता ♦ 5 एवं 2 किलो के रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता

ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन की विशेषताएं

♦ अद्यतन तकनीक से युक्त, 4जी सिम से संचालित ♦ राशन कार्डधारकों के आधार प्रमाणीकरण हेतु फिंगरप्रिंट एवं आइरिस स्कैनर से युक्त ♦ लाभार्थियों को पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न वितरण ♦ विभागीय वेबसाइट के माध्यम से वितरण की मात्रा की ऑनलाइन मॉनिटरिंग ♦ अत्यंत प्रभावी, लाभार्थीपरक एवं पारदर्शी खाद्यान्न वितरण प्रणाली

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
20 वर्षों से अधिक अनुभव
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज

- सरोजनीनगर के वसंतखेड़ा स्थित संत कबीर अध्यात्म संस्थान में 24वां सदगुरु कबीर विशाल सत्संग समारोह - 8:00 बजे।
- केजीएमयू में कृतिम अंगों पर कार्यशाला का आयोजन - 11:00 बजे।
- प्रेस क्लब में नेशनल सोलर एंड ईवी एक्सपो को लेकर प्रेस वार्ता - 1:00 बजे।
- होटल शैवी ग्रैंड विभूतिखंड में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद अवध द्वारा इनकम टैक्स रिटर्न भरने के फायदे पर कार्यशाला - 4:00 बजे।

## एक नजर

### नगर निगम ने बुलडोजर चला खाली कराई भूमि

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने ग्राम उत्तरधौना में अवैध निर्माण ध्वस्त कर विभागीय भूमि कब्जामुक्त कराई। जमीन की कीमत एक करोड़ पांच लाख रुपये बताई गई। कब्जेदारों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम उत्तरधौना में नगर निगम ने खसरा संख्या 355 व 338 पर्शवनाथ सिटी से जमीन के बदले में ली थी। इसका क्षेत्रफल 3770 वर्गमीटर है। संबंधित भूमि पर भूपेंद्र सिंह व अन्य लोगों ने कब्जा कर लिया था। शुक्रवार को मौके पर नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची। जमीन पर किया गया निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। जमीन खाली कराते हुए संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई के लिए लिखा।

### मुंशी पुलिया में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज में 5 मार्च और मुंशी पुलिया इलाके में शनिवार को सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान इन इलाकों में आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तार बदले जाएंगे। उपभोक्त टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। जवाहर भवन से पोषित इलाहाबाद बैंक फीडर से हरजतगंज के आसपास नरही ग्रेन मार्केट, सेठ रामजस रोड नरही, राम तीरथ मार्ग नरही, न्यू जनपथ कॉम्प्लेक्स, पीएनबी में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# रुका बुलडोजर तो खाली किए दुकान व मकान

## अकबर नगर : सुप्रीम कोर्ट की अनुमति पर लोगों ने बाहर निकाला सामान, 5 मार्च से फिर चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर में कुकरैल नदी व बंधे पर मकान व दुकान बनाए लोगों को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ध्वस्तीकरण कार्रवाई से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट की अनुमति पर शुक्रवार को बुलडोजर नहीं चला और लोगों को मकान, दुकान व शोरूम खाली करने का मौका दिया गया। किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की गई। जगह-जगह पुलिस और पीएसी तैनात रही।

अधिकारियों ने भ्रमण कर क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखी। कुछ परिवारों ने दहशत के बीच मकान व दुकान खाली किए तो कई परिवार दूसरा ठिकाना तलाशते रहे। इससे पहले ध्वस्त किए गए भवनों के मलबे में लोगों ने सामान ढूंढा। दुकानों से गेट, टीनशेड, कांच आदि सुरक्षित बचा सामान निकाला।


अकबर नगर में एलडीए द्वारा चलाए गए अभियान में तोड़े गए भवनों के मलबे से जरूरत का सामान निकालते स्थानीय लोग। अमृत विचार

### 23 मकान व 20 कॉम्पलेक्स ध्वस्त

अकबर नगर में एलडीए ने 26 फरवरी को पुलिस, प्रशासन, नगर निगम समेत कई विभागों के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की थी। 29 फरवरी तक दिन-रात अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में 20 मकान, 50 झोपड़ी व मुख्य रोड के दोनों तरफ बने 23 बड़े कॉम्पलेक्स ध्वस्त किए हैं। ध्वस्तीकरण में 15 से अधिक जेसीबी व पोकलैंड लगाई गई हैं। तब से दिन व रात पूरा क्षेत्र छावनी में तब्दील है। पुलिस ड्रोन से बराबर गतिविधियों पर नजर रखे हैं।

हालांकि अभी पूरी तरह से क्षेत्र खाली नहीं हो पाया है। जो 4 मार्च तक हर हाल में खाली करना है। 5 मार्च से एलडीए फिर बुलडोजर चलाएगा।


अकबर नगर में एलडीए द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नोटिस मिलने के बाद मकान खाली कर वाहन से सामान ले जाते लोग। अमृत विचार

### कुकरैल के पुनर्जीवन को लेकर कार्रवाई

अकबर नगर में कुकरैल नदी की जमीन व बंधे को पाटकर लोगों ने तेजी से झुग्गी झोपड़ी, पक्के मकान, दुकान व मेन रोड पर बड़े-बड़े कॉम्पलेक्स बना लिए। जमीन की खरीद-फरोख्त भी अवैध तरीके से की गई। जिन्होंने आसपास की ग्रीन बेल्ट तक बेच दी। इस तरह से करीब 1200 मकान और 100 से अधिक शोरूम बन गए और नदी गायब हो गई। यह सभी निर्माण ध्वस्त कर कुकरैल नदी का पुनर्जीवन कर सुंदरीकरण किया जाना है। यहां रहने वाले परिवारों को एलडीए ने अपनी व डूडा की योजना में आवास आवंटित किए हैं। कई परिवारों को बसंतकुंज में बने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में शिफ्ट कराया है।

# पांच जिलों के लिए विमान सेवाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं शनिवार से शुरू होंगी। फ्लाई बिग एयरलाइंस ने इसका शेड्यूल जारी कर दिया है। एयरलाइंस की ओर से डी-हैविलैंड डीएससी 6-400 एयरक्राफ्ट का प्रयोग किया जाएगा, यह 19 सीटर होगा।

रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को विस्तार देने के लिए चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से उक्त पांच शहरों के लिए उड़ान शनिवार से शुरू होगी। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर आधे से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा। सूत्रों की मानें तो दो से ढाई हजार के बीच किराया हो सकता है। वहीं, 31 मार्च से लखनऊ से भोपाल के लिए फ्लाइट सेवा दोबारा बहाल की जाएगी। विमान सेवाएं सप्ताह में चार दिन रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को मिलेंगी।

इंडिगो एयर लाइंस की उड़ान संख्या 6 ई-7073 भोपाल से शाम 5:25 पर रवाना होगी और 6:50 पर अमौसी हवाई अड्डे पर पहुंचेगी। इसका किराया 4859 रुपये रखा गया है। लौटने में उड़ान संख्या 6ई-7076 लखनऊ से शाम 7:15 बजे उड़ान भरेगी और रात 8:45 बजे भोपाल एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। भोपाल के लिए किराया 5636 रुपये रखा गया है।



- फ्लाई बिग ने जारी किया शेड्यूल, मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान भरेंगे उड़ान
- 31 मार्च से लखनऊ से भोपाल के लिए बहाल होगी उड़ान

### ये हैं पांच जिलों के लिए शेड्यूल

- **लखनऊ से श्रावस्ती :** विमान एस 9-337 दोपहर 3 :15 बजे उड़ान भरकर शाम 4 बजे श्रावस्ती पहुंचेगी और एस9-340 शाम 4 :20 पर उड़ान भरकर लखनऊ शाम 5 :10 पर पहुंचेगी।
- **लखनऊ से चित्रकूट :** विमान एस9-333 सुबह 11 :40 पर उड़ान भरेगी और दोपहर 12 :35 पर चित्रकूट पहुंचेगी। चित्रकूट से एस9-334 दोपहर 12 :25 पर उड़ान भरकर दोपहर 2 :05 पर लखनऊ पहुंचेगी।
- **लखनऊ से अलीगढ़ :** विमान एस9-315 लखनऊ से 12 :10 पर उड़ान भरेगी और 1 :10 पर अलीगढ़ पहुंचेगी। जबकि एस9-316 दोपहर 1 :30 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 2 :40 पर अमौसी पहुंचेगी।
- **लखनऊ से आजमगढ़ :** विमान एस9-331 लखनऊ से सुबह 8 :55 पर उड़ान भरेगा और सुबह 9 :50 पर आजमगढ़ पहुंचेगा। एस9-332 सुबह 10 :10 पर उड़ान भरेगा और 11 :10 पर लखनऊ पहुंचेगा।
- **लखनऊ से मुरादाबाद :** विमान एस9-327 लखनऊ से सुबह 8 :45 पर उड़ान भरेगा और सुबह 10 :05 पर मुरादाबाद पहुंचेगा। एस9-330 सुबह 10 :25 पर उड़ान भरेगा और 11 :30 पर लखनऊ पहुंचेगा।

# एयरपोर्ट पर बस में मिला 98.41 लाख का सोना

संवाददाता, सरोजनीनगर

- शारजाह से यात्रियों को लेकर आया था विमान
- जब्त किया गया सोना, शुरू हुई जांच

**अमृत विचार :** राजधानी स्थित चौधरी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को रनवे से आगमन हाल तक यात्रियों को छोड़ने वाली बस में करीब 98.41 लाख रुपये का सोना बरामद किया गया। सोने को जब्त कर अधिकारी मामले की छानबीन कर रहे हैं।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को शारजाह से आने वाली इण्डियो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1424) सुबह 7 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची। विमान से उतरे यात्रियों को रनवे से आगमन हाल तक बस से लाया गया। यात्रियों के उतरने के बाद अधिकारियों ने बस की जांच की। बस की एक सीट के नीचे 1533 ग्राम सोना बरामद हुआ। सोने की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 98.41 लाख रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों ने यात्रियों के बीच बरामद सोने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे कस्टम अधिकारियों ने यात्रियों से सोने के संबंध में जानकारी ली। सभी यात्रियों ने जानकारी होने से इनकार कर दिया। कस्टम अधिकारियों ने सोने को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नगर आयुक्त व पार्षद विवाद में कार्रवाई की मांग

- नगर आयुक्त के पक्ष में नगर निगम कर्मचारी संघ, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



- 28 फरवरी को सदन में पार्षद राम नरेश ने लगाए थे गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह पर सदन में लगे आरोपों पर घमासान अभी थमा नहीं है। उन पर 28 फरवरी को सदन में सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने हैदराबाद की रामकी कंपनी को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। इससे सदन में हंगामा हो गया।

हालांकि महापौर सुषमा खर्कवाल ने आरोप बेबुनियाद बताकर नगर आयुक्त की प्रशंसा की थी, लेकिन मामले का पटापेक्ष नहीं हो पाया है।

### हैदराबाद की कंपनी को लेकर विवाद

सदन में हैदराबाद की रामकी कंपनी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। कंपनी को आठ में से पांच जोन में सफाई का काम दिया गया था। सदन में रामनरेश रावत ने नगर आयुक्त पर कंपनी को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। इससे आहत होकर नगर आयुक्त सदन से बाहर चले गए थे। इसको लेकर पार्षदों में हंगामा ने किया था। पुलिस के आने पर मामला शांत हुआ था। इस पर राम नरेश को महापौर ने सदन से निलंबित कर दिया था।

### सदन का अपमान कार्रवाई की मांग

नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ भी नगर आयुक्त के पक्ष में उतरा। शुक्रवार को अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा। लिखा कि सदन में हुई घटना आशोभनीय है। नगर आयुक्त पर गलत आरोप और अमर्यादित व्यवहार से नगर निगम की छवि खराब हुई है। वहीं, सदन का अपमान हुआ है। इस मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की जाए।

राम नरेश ने महापौर, नगर आयुक्त, पार्षद मुकेश सिंह मोंटी, गिरीश गुप्ता, रंजीत सिंह, अनुराग मिश्रा व राजू दीक्षित पर आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस कमिश्नर को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिया तो मामला और तूल पकड़ गया। शुक्रवार को नगर आयुक्त के पक्ष में नगर निगम कर्मचारी संघ उतरा। अध्यक्ष आनंद वर्मा व महामंत्री राम अचल ने नगर आयुक्त की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और नगर आयुक्त के 28 जून 2022 से उनके द्वारा किए कार्यों की प्रशंसा की। राम नरेश के आरोपों को निराधार बताते हुए उनके द्वारा किया गया बर्ताव गलत बताया और कार्रवाई की मांग की।

### शिविर का आयोजन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लेसा सिस गोमती-प्रथम के आलमबाग, कानपुर रोड, वृंदावन, सेस-1, सेस-2, सेस-3 और सेस-4 के उपभोक्ताओं के लिए दो मार्च को शिविर लगाया जाएगा। शिविर आशियाना क्षेत्र के चांसलर क्लब सेक्टर- के 1 में लगाया जा रहा है। विभाग के स्थानीय अधिकारियों से लेकर उच्च अधिकारी तक इस शिविर में मौजूद रहेंगे। जो उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। यह जानकारी विद्युत निगरीय वितरण खंड के अधिशासी अभियंता ने दी।

# इंटर कॉलेज का प्रशासनिक भवन सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जानकीपुरम में बिना मानचित्र के बना लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज का प्रशासनिक भवन सील कर दिया। साथ ही, कॉम्पलेक्स समेत छह और निर्माण सील किए।

शुक्रवार को टीम ने जोन-5 में पुलिस बल के साथ बिना मानक निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। इंदिरा नगर के तकरोही में स्थित लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंधक शिव सागर वर्मा व अन्य द्वारा परिसर में चार हजार वर्गफिट में प्रशासनिक भवन बिना मानचित्र स्वीकृति के बनाने पर सील कर दिया। इसके बाद टीम ने पानी गांव इन्क्लेव में लगभग 270 वर्गमीटर क्षेत्रफल में डॉ. एसके अहमद व अन्य द्वारा बनाया जा रहा कॉम्पलेक्स निर्माण सील किया। इसी गांव में अनवर सिद्दीकी व अन्य द्वारा 280 वर्गमीटर क्षेत्रफल में नीचे दुकानें व ऊपर भवन निर्माण सील किया। इसके अलावा इंदिरा नगर में लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल में रामचन्दर व अन्य द्वारा तीन दुकानों का निर्माण व अमराई गांव में बजरंग चौराहा के पास राम प्रताप व अन्य द्वारा बनाया जा रहा शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण सील किया गया। वहीं, जानकीपुरम के ग्राम-रसूलपुर में शुक्ला चौराहे के पास अमर सिंह व अन्य द्वारा बेसमेंट व अपर ग्राउंड फ्लोर पर बनाई जा रहीं दुकानें व हॉल का निर्माण सील किया। इसी गांव में संकल्प सैनी व अन्य द्वारा बनाया जा रहा व्यावसायिक निर्माण सील किया।

अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत न होने कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी राज कुमार के नेतृत्व में सहायक अभियंता एनएन चौबे, संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा रहे।


इंदिरा नगर में एलडीए द्वारा सील किया गया निर्माण। अमृत विचार

- एलडीए ने इंदिरा नगर व जानकीपुरम में की कार्रवाई
- बिना मानचित्र स्वीकृति के बनाए जा रहे थे भवन

# 36 बच्चों के फार्म दाखिले के लिए हुए जमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अवध कॉलीजिएट और वरदान एकेडमी में दाखिले के जमा कराए गए फार्म

**अमृत विचार :** अनाथ बच्चे अब अशिक्षित नहीं रहेंगे। बच्चों को कान्वेंट स्कूल में शिक्षा दिलाने के लिए फार्म भरा दिए गए हैं। शीघ्र ही 36 बच्चों का दाखिला वरदान एकेडमी और अवध कॉलीजिएट में होगा। इस माह बच्चों की फीस जमा करा दी जाएगी।

भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बेसहारा बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनको बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने बच्चों का विवरण जुटाया और उनका डाक्टरों से परीक्षण कराया। साथ बच्चों का मानसिक स्तर भी परखा गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। नर्सरी से लेकर बड़ी कक्षा में बच्चों का दाखिला कराया जाएगा। वरदान एकेडमी और अवध कालीजिएट में 36 बच्चों का दाखिला कराया जाएगा। इनके फार्म भर दिए गए हैं। स्कूल में दाखिला कराने की प्रक्रिया इस माह चलेगी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई पर आने वाला पूरा खर्च प्रदेश सरकार वहन करेगी। सरकार की ओर से इनको स्कूल ड्रेस, कॉपी-किताब आदि दिलाई जाएगी।

# सिर्फ काम के लिए नहीं, समर्पण भाव से जुड़े व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने दारुलशफा स्थित संगठन कार्यालय में शुक्रवार को प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी सांगठनिक कमेटियों के पदाधिकारियों से व्यवसाय में आ रहीं समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी सांगठनिक कमेटियों में सेवा भाव के साथ काम करने का जज्बा रखने वाले व्यापारियों को ही पद दिया जाए। सिर्फ काम के लिए संगठन से जुड़े लोगों को शामिल करने से परहेज किया जाए।

संगठन में भले ही कम लोग हों, लेकिन ठीक हों जिससे व्यापार मंडल और उनके आनुषंगिक संगठनों का सिस्टम में सीधा प्रवेश और लोग उन्हें व्यापारी पदाधिकारी के रूप में तरजीह दें। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छबलानी ने कहा कि स्वार्थ से उठकर संगठन के प्रति समर्पण दिखाने वाले व्यापारी ही अब जोडे. जाएंगे। इसमें प्रदेश के कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य वेद रतन श्रीवास्तव, विवेक कुमार लखवानी, राजीव कक्कड़, दीपेश गुप्ता, मो. सालिम, पदम जैन, आदर्श अग्रवाल, सनत गुप्ता, शिशिर सिंह, राजेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, मुकेश कुमार नाग, संजय, निधी अग्रवाल, असीम चंद्रा, आर के मिश्र, राजीव अरोड़ा, जय मिगलानी, नितिन श्याम अग्रवाल, अमरनाथ चौधरी, लाल बहादुर, रामस्वरूप, शुभम केसरवानी आदि उपस्थित थे।



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते संगठन अध्यक्ष। अमृत विचार

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में अध्यक्ष ने दी व्यापारियों को नसीहत

**विवाद** | परीक्षा समिति सदस्य ने जताई भ्रष्टाचार की आशंका

# मदरसा बोर्ड के मूल्यांकन केन्द्रों को लेकर छिड़ी रार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र को लेकर रार छिड़ गई है। बोर्ड सदस्यों का आरोप है कि सब कुछ गुपचुप तरीके से हुआ है। मूल्यांकन केंद्र बनाने को लेकर भ्रष्टाचार की आशंका है। वहीं, बोर्ड रजिस्ट्रार ने आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि उनके पास विशेषाधिकार हैं। मूल्यांकन केन्द्रों का निर्धारण अब तक गोपनीय तरीके से ही होता आया है।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा के लिए 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों ने आवेदन किए थे। इसमें एक लाख 15 हजार से अधिक ने मुंशी, मौलवी, आलिम, फाजिल और कामिल की परीक्षाएं दीं। कई अभ्यर्थियों ने एकल परीक्षा भी दी। उत्तर पुस्तिकाओं के समायोजन के बाद बोर्ड ने 30 मूल्यांकन केन्द्रों का चयन किया है।

- बोर्ड रजिस्ट्रार बोलीं- सब ठीक, मेरे पास हैं विशेषाधिकार

> मूल्यांकन केन्द्रों के निर्धारण की प्रक्रिया गोपनीय तरीके से होती है। विभागीय विशेषाधिकार भी हैं। केन्द्रों का निर्धारण पारदर्शिता से किया गया है।
>
> -प्रियंका अवस्थी, रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

चयन प्रक्रिया पर परीक्षा समिति के सदस्य ने आपत्ति की है। बोर्ड सदस्य कमर अली का कहना है कि परीक्षा समिति में अध्यक्ष के अलावा अन्य सदस्य भी हैं। नियम है कि मूल्यांकन केन्द्रों के आवंटन से पहले समिति द्वारा एक बैठक करके प्रस्ताव पारित कराया जाता है। इस बार सब कुछ गुपचुप तरीके से हुआ है, भ्रष्टाचार की आशंका है।

### अभी भी जारी है मदरसों की जांच

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने मदरसों से जुड़े संचालकों, शिक्षण कार्य सहित अन्य मामलों को लेकर जांच के निर्देश दिए थे। हालांकि, बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने इसका विरोध किया था, लेकिन जांच का क्रम जारी रहा। सूत्रों के अनुसार, गहराती जांच के बीच कई चर्चित मदरसा संचालकों पर गाज गिरने की चर्चा हाल फिलहाल जोरों पर है।

# प्रतियोगी छात्रों की परखी जाएगी मेधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए 1944 विषय विशेषज्ञ रखे गए हैं

**अमृत विचार :** अभ्युदय योजना के तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की अब मेधा भी परखी जाएगी। प्रदेश में 27 हजार से अधिक छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया है और उसी के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने के लिए 1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को जिम्मा सौंपा गया है। छात्रों के लिए अलग से पाठ्यक्रम तैयार किया गया है और उसी के अनुसार, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

पाठ्यक्रम के अनुरूप एक माह पढ़ाने के बाद अगले माह छात्रों की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा के परिणाम से ही अध्यापकों और छात्रों दोनों का मूल्यांकन किया जाएगा। कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि प्रयास किया जाएगा कि इस माह के अंत या अप्रैल से पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई शुरू करा दी जाए।

### क्लैट को भी दिलाई जाएगी कोचिंग

लखनऊ : अभ्युदय योजना के तहत छात्रों को क्लैट (कॉमन ला एडमिशन टेस्ट) की कोचिंग भी दिलाई जाएगी। क्लैट की तैयारी करने वाले छात्रों को प्रचार-प्रसार कर जानकारी दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के और जरूरतमंद छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। कोचिंग में अनुभवी शिक्षकों को रखा जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि प्रयास किया जाएगा कि अप्रैल से क्लैट की कोचिंग का लाभ छात्रों को मिल सके।

### अब ऑनलाइन रिपोर्ट न भेजकर विरोध जताएंगे एनएचएम कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारी दो दिन तक मरीजों से संबंधित ऑनलाइन रिपोर्ट शासन व भारत सरकार को नहीं भेज कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि इस दौरान मरीजों का इलाज प्रभावित नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. के अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि हाल में ही वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक की गई। एनएचएम के तहत सरकारी अस्पतालों, वेलनेस सेंटर आदि जगह पर तैनात संविदा कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर किए जाने के लिए भारत सरकार की ओर से वर्ष 2016 से तीन फीसदी अतिरिक्त बजट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 से 22 फरवरी तक प्रदेश भर के कर्मचारियों ने करीब 12 हजार से अधिक डाक पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजकर वेतन विसंगति दूर किए जाने की मांग की।

## एक नजर

### एकेटीयू : कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को मिलेंगे रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र निजी कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी बन सकते हैं। कंपनी इसी महीने कैंपस प्लेसमेंट कराने जा रही है। जिसमें शामिल होने के लिए छात्र 4 मार्च तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन मार्च के दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। इसमें 2022-23 और 2024 बैच के पासआउट छात्र हिस्सा ले सकते हैं।

### विद्यार्थियों ने मताधिकार का प्रयोग करने की ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं मतदान करने व लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली गयी। कार्यक्रम के दौरान पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोरा एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. पवन चौरसिया मौजूद रहे। बता दें कि शिक्षा मंत्रालय और यूथ अफेयर्स मंत्रालय के निर्देश पर मेरा पहला वोट देश के लिये, चुनाव का पर्व, चुनाव का पर्व देश का पर्व आदि विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सीएमएस में उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन शुक्रवार को गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. निधि पटेल एडीशनल डेप्युटी कमिश्नर एवं एडीएम बिलासपुर ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला का उद्देश्य मान्टेसरी से लेकर कक्षा 2 तक के छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है। इस कार्यशाला में अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि विभिन्न जनपदों के प्रतिष्ठित विद्यालयों से 600 से अधिक शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं।



लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य गेट का घेराव कर प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# छात्रवृत्ति मामला : लविवि में छात्रों ने किया हंगामा

## करीब तीन हजार छात्रों की अटकी है छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों की अटकी छात्रवृत्ति का मामला शुक्रवार को सड़क पर आ गया। एबीवीपी इकाई ने विवि के कुलपति कार्यालय का घेराव किया। फिर समाज कल्याण निदेशालय के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन भी किया गया। ऐसे में निदेशक की ओर से आश्वासन दिया गया है।

बता दें कि लविवि में छात्रवृत्ति को लेकर करीब तीन हजार छात्र परेशान हैं। किसी का आवेदन नहीं हो पाया, कई ऐसे भी हैं कि जिनको छात्रवृत्ति नहीं मिल सकी। ऐसे में छात्र संगठनों के विरोध के स्वर काफी समय से चले आ रहे हैं। शुक्रवार को एबीवीपी की विवि इकाई और छात्र विवि के गेट संख्या एक पर एकजुट हुए। काफी देर तक धरना चला, फिर छात्र व संगठन सदस्यों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया।



समाज कल्याण विभाग के निदेशक को ज्ञापन सौंपते छात्र। अमृत विचार

- एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने घेरा कुलपति और समाज कल्याण निदेशालय का कार्यालय

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने काफी देर तक छात्रों को समझाया लेकिन स्थितियां सामान्य नहीं हो सकी। फिर छात्र -छात्राएं पैदल मार्च करते हुए समाज कल्याण विभाग निदेशालय पहुंचे। कार्यालय के बाहर प्रदर्शन होते ही अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत द्वारा कुछ छात्रों को कार्यालय बुलाया, जहां देर तक वार्ता चली। बताते हैं कि छात्रवृत्ति को लेकर पोर्टल खोलने सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत हुई। ऐसे में सकारात्मक आश्वासन छात्रों को मिला। इस दौरान प्रणव कांत, अनिवेश सिंह, उत्कर्ष चौहान, हमजा खान, आरुषि सिंह, रुचि, एल्विन मैसी सहित काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# आरटीई प्रवेश : दूसरे चरण के आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई प्रवेश 2024 के क्रम में दूसरे चरण के आवेदन शुक्रवार से शुरू हो गये। आरटीई जिला समन्वयक अखिलेश अवस्थी ने बताया कि आनलाइन चल रही आवेदन प्रकिया में अभिभावकों को आवेदन करते हुए बच्चे की सही जानकारी भरनी होगी। इसके साथ ही किसी भी दशा में त्रुटि न होने पाये तो ये बच्चे के हित में होगा।

उन्होंने कहा कि आरटीई का पहला चरण पूरा हो चुका है प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। दूसरे चरण की पूरी प्रक्रिया 8 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में एक मार्च से 30 मार्च तक आवेदन लिए जायेंगे। वहीं सत्यापन तिथि निर्धारित 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक निर्धारित है। इसके बाद लॉटरी 8 अप्रैल को निकाली जायेगी।

**पहले चरण के पात्र बच्चों के प्रवेश जारी**

पहले चरण के चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाने की भी प्रकिया शुरू हो गई है। आरटीई समन्वयक के मुताबिक अभिभावकों को चयनित बच्चों के पत्र दिए जा रहे हैं। विद्यालय में प्रबंधकों को भी निर्देश दिए गये हैं कि समय से बच्चों को प्रवेश लें नहीं तो आरटीई अधिनियम का उल्लंघन माना जायेगा और फिर कार्रवाई भी हो सकती है।

# तदर्थ शिक्षकों ने शिक्षा निदेशालय का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सेवा बहाली की मांग को लेकर एमएलसी को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** माध्यमिक तदर्थ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संरक्षक रमेश प्रताप सिंह और अध्यक्ष रविंद्र सिंह के नेतृत्व में सेवा बहाली के लिए शुक्रवार को सभी तदर्थ शिक्षक शिक्षा निदेशालय में इकट्ठा हुए। इन शिक्षकों ने जौनपुर, लखनऊ और बहराइच के वेतन भुगतान के लिए शिक्षा निदेशालय का घेराव कर सेवा बहाली की मांग की।

तदर्थ शिक्षकों ने कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला सदस्य विधान परिषद को ज्ञापन भी दिया। उन्होंने आश्वत किया कि जल्द मुख्यमंत्री तक आपकी बात पहुंचाएंगे सरकार आपके साथ है। प्रदर्शन में अनिल सिंह राणा, सूर्य प्रताप सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्र पांडे, पवन जायसवाल, उदय प्रताप सिंह, आसाराम वर्मा, कौशलेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

बताते चले कि प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में वर्ष 1993 से अद्यतन राजकोष से वेतन प्राप्त कर रहे लगभग तीन से चार हजार तदर्थ शिक्षकों की 9 नवंबर 2023 को एक शासनादेश निर्गत करके सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं।


सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा

सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें

प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक

सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।

राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891

हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए

GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें

जन कल्याण आँख का अस्पताल

ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क



**लखनऊ नगर निगम**

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

फोन : : 0522-2612639 email : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 379/मु.अ./23-24 दिनांक : 29.02.2024

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति अल्पकालिक निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा वायुगुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत दिनांक 06.03.2024 को 01 कार्य हेतु ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि RTGS/NEFT/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 06.03.2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट य ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/नि0-चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मोहर बन्द **ई-निविदाएं एक पैकेट** में आमन्त्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम तथा स्थान | परियोजना प्रबन्धक/लखनऊ कार्यालय परिसर और अधिकारी विश्राम गृह के सुधार कार्यों के साथ-साथ उप मुख्य अभियंता/नि0-चतुर्थ लखनऊ के अधीन फील्ड पर्यवेक्षकों के कार्यालय/स्टोर में नवीनीकरण के लिए विविध सिविल कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 15 (पंद्रह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रू० 374.04 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रू० 3,37,000.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 28.03.2024 को 11.30 बजे तक आई०आर०ई०पी०एस० के वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 28.03.2024 को समय 15.30 बजे खोली जायेगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 07.03.2024 से आई०आर०ई०पी०एस० के वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 14.03.2024 से 28.03.2024 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती हैं। |

संख्याः 66-टेण्डर/उप-मुख्य अभियंता/नि०-चतुर्थ/लखनऊ दिनांक 01.03.2024 682/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सार-संक्षेप

### रैंप के सहारे छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा सांस्कृतिक एक्सट्रावेगैंजा दो का आयोजन किया गया। आईएमएस ने कल्चरल एक्सट्रावेगैंजा दो का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा नृत्य, गीत, संगीत और नाटकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वकर्मा सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लविवि के डीन, विभागों के प्रमुख, संकाय सदस्य, कर्मचारी और नए परिसर के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रबंधन, इंजीनियरिंग, कानून, फार्मेसी, योग के छात्रों ने भाग लिया।

### दिव्यांगता के शुरुआती लक्षणों का परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित दिव्य अनुभूति मेले में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कार्ययोजनाओं एवं उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई गयी। प्रदर्शनी का आयोजन कुल सचिव रोहित सिंह द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में सहायक आचार्य गार्गी खरे, डिमांस्ट्रेटर अनुप्रिया त्रिपाठी, सृष्टि सिंह तथा विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में दिव्यांगता के प्रारंभिक लक्षणों का परीक्षण किया गया साथ ही विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग व पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर ललित कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा चित्रकारी की प्रदर्शनी भी लगायी गयी।




लविवि में नियुक्ति पत्र के साथ मृतक आश्रित, साथ में कुलपति व अन्य। अमृत विचार

### लविवि में 11 मृतक आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने मृतक आश्रितों को नियुक्त पत्र दिया। पत्र वितरण के दौरान कुल सचिव और चीफ प्रॉक्टर भी मौजूद रहे। लखनऊ विवि के 11 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी थी। ऐसे में उनके आश्रितों को नियुक्त करना था। व्यवस्था को विस्तार करते हुए शुक्रवार को कुलपति प्रो. एके राय द्वारा नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। सभी 11 मृतक आश्रितों को विवि में नियुक्ति दी गई। पत्र वितरण के दौरान हुई नियुक्ति में 9 कनिष्ठ सहायक और दो परिचर के पद पर नियुक्त किये गए। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश द्विवेदी, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संगीता साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अटल सभागार में सहज योग आज का महायोग विषय पर सहज योग ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहज योग का अभ्यास आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा करवाया गया। सहज योग की पद्धति एवं प्रक्रिया पर उद्बोधन देने का कार्य रंजन यादव द्वारा किया गया। अभ्यास कार्य प्रमोद सिंह द्वारा कराया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की एवं सहज योग के द्वारा जीवन को सरल और तनाव मुक्त बनाने का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के आचार्य, सहआचार्य एवं सहायक आचार्य उपस्थित रहे।

### नेशनल सोलर एंड ई वी एक्सपो का आयोजन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल सोलर एंड ई वी एक्सपो का आयोजन शनिवार को उत्तर प्रदेश सोलर पावर डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा उपनेडा और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सह आयोजक एसोचैम यूपी-यूके के सहयोग से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सभी प्रकार के सौर और ईवी उत्पादों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेगा।

# लविवि में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र और छात्राओं को रोजगार की नई उभरती सम्भावनाओं से अवगत कराना था। संगोष्ठी में चर्चा का मुख्य विषय कैरियर चॉइसेज अन्वील्ड नैविगेटिंग न्यू होरायजन्स फॉर स्टूडेंट्स एंड एकेदैमिशियंस रहा।

कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने असुरक्षित रोजगार पर बल दिया। कौशल सेट, एनईपी, निवेश सहित अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला। हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के निदेशक डॉ. एम प्रियदर्शिनी एवं काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना ने कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान नैविगेटिंग एचआर होरायजन्स, सही नेतृत्व, सहयोगात्मक शिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के नवीनीकरण, सांस्कृतिक समावेश एवं शिक्षण तंत्र के सशक्त तालमेल को भी उजागर किया गया। इस अवसर पर विवि के सभी संकायाध्यक्ष और छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

- अडानी फाउंडेशन के सीईओ बोले- बदल रहा कॉर्पोरेट सेक्टर
- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ बोले- प्रदेश में बढ़े रोजगार के अवसर

अडानी फाउंडेशन के सीईओ डॉ. अभिषेक लखटकिया ने कहा कि वर्तमान व्यवस्थाएं अस्थिर, अनिश्चित, जटिल और अस्पष्ट हैं। कॉर्पोरेट सेक्टर में सामाजिक जिम्मेदारी बदल रही है। हमें इस बदलाव को अपनाने के लिए कौशल और एक क्रॉस फंक्शनल टीम विकसित करनी होगी। वर्तमान में यूपी में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।

**वेबसाइट बनी सहयोगी :** इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट और समुदाय वेबसाइट छात्रों को रोजगार के अवसर तलाशने में मदद कर रही है। यूपी में कई पंजीकृत स्टार्ट अप और उद्यमशीलता कार्यरत हैं, जो रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। एआई को सकारात्मक तरीके से लेना होगा। निवेश मित्र और निवेश सारथी भी उपयोगी साबित हुए हैं।

**रोजगार के अवसर बढ़े**

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने कहा कि अब यूपी परिवर्तन की प्रक्रिया में है, जहां पिछले कुछ वर्षों में नौकरी के अवसर 16 गुना अधिक हैं। तकनीक, मीडिया, कृषि उद्योग, वास्तुकला, रियल एस्टेट, आतिथ्य, सुपर फील्ड जैसे विविध क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र जहां आवश्यक निर्णय लेता है वहां मदद करता है।

### कुलपति ने निर्माणाधीन गेट का जाना हाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में निर्माणाधीन गेट और फार्मेसी का निरीक्षण कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने किया। अवलोकन के दौरान दिशा निर्देश अधीनस्थों को दिये गए।


**सूचना**

भूखण्ड संख्या बी-1/157, प्रकार ''बी'' स्थित गोमती नगर योजना लखनऊ मे हैं। उपरोक्त सम्पत्ति को लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ ने श्रीमती कृष्णा सिंह के पक्ष में आंवटन किया है। उपरोक्त सम्पति का मूल आवंटन पत्र मेरे द्वारा कहीं खो गया है जिसका प्रयोग किसी व्यक्ति या अन्य द्वारा अवैध माना जायेगा।

वर्तमान स्वामिनी श्रीमती कृष्णा सिंह


# पुनर्वास विवि में अधिकारियों की 'दो टूक'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्रों में राहत की उम्मीदें जगी हैं। शुक्रवार को राजभवन से आए वरिष्ठ अधिकारियों ने न सिर्फ हालातों का जायजा लिया, बल्कि भोजन व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिये गए।

राजभवन के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे एवं विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जानी ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय पहुंचे। विशेष अधिकारी सबसे पहले मेस पहुंचे। यहां भोजन की गुणवत्ता को परखा। साफ-सफाई का आंकलन किया। फिर विवि के प्रशासनिक कर्मियों को विशेष निर्देश दिये। अधिकारियों की दो टूक के बीच अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों की समस्याओं पर फोकस किया गया। इसके साथ ही कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के उत्पाद, विद्यार्थियों की खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता के साथ विवि के विभिन्न संवर्ग के विज्ञापित एवं रिक्त पदों के साथ प्रोन्नति पर भी चर्चा की गई। इस दौरान कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा मौजूद रहे।




अमृत विचार में प्रकाशित खबरें

**खबर का असर**

- भोजन वितरण को लेकर अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

**पुस्तकालय और ब्रेल प्रेस का जाना हाल**

राजभवन ने जांच करने आई अधिकारियों की टीम ने कृत्रिम अंग पुनर्वास केंद्र, पुस्तकालय, छात्रावास, ब्रेल प्रेस एवं विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। दिव्यांगजनो को दी जा रहीं सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.: (1)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-233, **कार्य का नामः** गोरखपुर छावनी-छपरा खण्ड के मध्य स्लीपर का आकस्मिक नवीनीकरण, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 51,73,958/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 1,03,500/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह, **क्र.सं.: (2)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-234, **कार्य का नामः** गोरखपुर छावनी-पनियहवा खण्ड में आईएसडी के लिए स्लीपर का नवीनीकरण, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,88,16,023/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,44,100/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह, **क्र.सं.: (3)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-235, **कार्य का नामः** छपरा कचहरी-थावे अनुभाग में पटेरही-मढ़ौरा के मध्य समपार सं. 15सी किमी. सं. 20/167 पर एलएचएसडब्लू का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 6,48,97,627/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 4,74,500/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह, **क्र.सं.: (4)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-236, **कार्य का नामः** हथुवा-पंचदेवरी अनुभाग में अमानवित समपार संख्या 15 कि.मी. 15.275, समपार संख्या 21 कि.मी. 19.973 तथा समपार संख्या 22 कि.मी. 20.263 पर लिफ्टिंग बैरियर (आरडीएसओ टाइप/एम-गेट) की आपूर्ति एवं लगाई का कार्य (कुल 3 अदद), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 17,51,996/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 35,000/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 03 माह, **क्र.सं.: (5)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-237, **कार्य का नामः** वमई/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एफओबी/आरओबी पर सुरक्षात्मक स्क्रीन का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 21,17,314/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 42,400/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह, **निविदा बन्द होने की तिथिः क्र.सं.: 1 से 5 के लियेः-** 27.03.2024, **नोटः** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-233 से एनईआर-बीएसबी-2023-237 दिनांक 27.03.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.) वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-558

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अविनाश मिश्रा पुत्र मदन मोहन मिश्रा ग्राम हुसेनपुर खुर्द पोस्ट अन्नापुर तहसील आलापुर थाना जहांगीरगंज जिला अंबेडकर नगर मैं जहांगीरगंज अपने निजी कार्य से गया हुआ था तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2013 अनुक्रमांक 2716096 बी.एस.सी. द्वितीय वर्षअंक पत्र सन 2018 अनुक्रमांक 17472130 कहीं वास्तव में खो गया है

**सूचना**

सूचित हो कि हम अपने पुत्र जॉन मसीह तथा पुत्रवधू नेहा दयाल के चाल चलन व व्यवहार से दुखी होकर उससे सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन से हमारा का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **-राकेश वयस्क पुत्र मसीह चरन, एवं शोभा वयस्क पत्नी राकेश, निवासी-133/6, देवीगंज, मजार वाली गली, पोस्ट- चकेरी एयरोड्रम, कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम TASLEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD TASLEEM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD TASLEEM S/O: SAHEEK AHMAD, VILL- SISORA SAHAMAT, POST- SISORA NASIR, LAKHIMPUR KHERI, UTTAR PRADESH-262804

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम EHSANUL HAK था अब मैने बदलकर अपना नाम AHSANUL HAQ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AHSANUL HAQ S/O: ABDUL RAHMAN, R/O: BAMBHAURA POST JARWAL ROAD TEHSIL KAISERGANJ, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक- 1761629 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1289096 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **-संजीव कुमार सरोज पुत्र सुरेश कुमार सरोज, ग्राम - धरमपुर, पोस्ट - हैंसी परजी, मानधाता, प्रतापगढ़**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अनुक्रमांक नं0-23203930/2020 **सावन्त सिंह पुत्र चन्द्र पाल सिंह, निवासी- ग्राम हिम्मापुरवा, पो0- मोहाना, तहसील- अकबरपुर, जनपद- कानपुर देहात** की हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश माता का नाम श्रीमती अर्चना देवी अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम श्रीमती हीरा मुन्नी देवी हैं तथा अन्य समस्त प्रपत्रो में हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित है। अतः मेरी माता का नाम हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित किया जाय। - सावन्त सिंह द्वारा वर्ष 2021 में CBSE BOARD से 10th परीक्षा पास की थी। सावन्त सिंह प्राइवेट कैंडिडेट था जिसका रजि0 नं. 99999/01613 7072, व मार्कशीट सीरियल नं0 2310612 है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र कृष्णा शर्मा उर्फ राज को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य या लेन-देन से हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **घनश्याम पुत्र स्व0 राम सेवक, मूल, निवासी- ग्राम तमनपुर, पो0- सहगंवा पश्चिम, गांव- महाराजगंज, रायबरेली, उ0प्र0-229311, वर्तमान- निवासी- म0नं0-67/69, कल्लू पंडित लेन, लाल कुआं, लखनऊ**

**सूचना**

यह कि मैने शास्त्रीनगर तिर्वा मे एक आवासीय प्लाट का बैनामा दिनांक 13 जुलाई 2009 में कराया था। जिसकी पुस्तक सं0- 1, खण्ड 1391, पृष्ठ- 95-124, रजिस्ट्री क्रमांक 2761 वास्तव मे कही खो गया है। जिसे मिले वह संपर्क करे। **-अनीता देवी पत्नी सुनील कुमार शर्मा, निवासी-शास्त्रीनगर, तिर्वा, जनपद- कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 211324359 वर्ष 2021 एवं इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2236132674 वर्ष 2023 के अंकपत्र वास्तव में खो गये हैं। **- रोहित पाल पुत्र ब्रजेश कुमार, सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील, इटावा, आवासीय पता- मैनपुरी, रेलवे क्रासिंग के पास अड्डा जालिम इटावा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर BML/4281 जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। **- शिवराज सिंह पुत्र भूप सिंह, निवासी-ग्राम- बघुईया, थाना- सैफई जनपद इटावा।**

## एक नजर

### 45 डॉक्टरों की भर्ती के लिए साक्षात्कार आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएमओ के अधीन संचालित सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए 45 डॉक्टरों की भर्ती होगी। इसके लिए सीएमओ कार्यालय में शनिवार को डॉक्टरों का साक्षात्कार होगा। गली-मोहल्लों के लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के 100 से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले जा रहे हैं। करीब 75 सेंटरों का संचालन हो रहा है। बाकी सेंटर खोलने की प्रक्रिया चल रही है। इन सेंटरों में एमबीबीएस डॉक्टर तैनात किए जाने हैं। इसके लिए 45 डॉक्टरों की भर्ती की जानी है।

### जनता से जुड़े मुद्दों का ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करेंगे : डॉ. बलकार


डॉ. बलकार सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनता से जुड़े मुद्दों का ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करेंगे। ताकि उनकी समस्याओं का निचले स्तर पर समाधान हो सके। शुक्रवार को आवास विकास परिषद में आवास आयुक्त का पदभार ग्रहण करते हुए यह बात डॉ. बलकार सिंह ने कही। उन्होंने कि शासन की योजनाओं का प्राथमिकता से क्रिन्यावयन करेंगे। जनता की शिकायतें प्राथमिकता से हल होंगी। ताकि उन्हें अन्य जगह न जाना पड़े। विकास की जो भी योजनाएं हैं, उन पर काम करेंगे। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाएं जानीं। डॉ. बलकार 2004 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह करीब दो साल तक प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) भी रहे। साथ ही सचिव नमामि गंगे, जल जीवन मिशन और निदेशक भूगर्भ का भी कार्यभार संभाला। इससे पहले वह जौनपुर, हरदोई, चित्रकूट, फिरोजाबाद, अलीगढ़ जिलाधिकारी के साथ कई विभागों के निदेशक पद पर भी रहे।

# एआई तकनीक से बढ़ेगी दिव्यांगजनों की क्षमता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिव्यांगजन मंत्री ने किया चार दिवसीय दिव्य अनुभूति मेले का उद्घाटन
- 50 मोटोराइज्ड, 100 हस्तचलित ट्राईसाइकिलें, 230 श्रवण यंत्र भी बांटे गए

**अमृत विचार :** एआई तकनीक से दिव्यांगजन की क्षमता व प्रतिभा का विकास होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। ये बातें प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने चार दिवसीय दिव्य अनुभूति मेले में कहीं।

राज्यमंत्री ने शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम में चार दिवसीय दिव्य अनुभूति मेले का उद्घाटन किया। मेले में एआई तकनीक से जुड़े दिव्यांगों के उपकरणों की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल पर लगाए गए उपकरणों का राज्यमंत्री ने निरीक्षण भी किया। मंत्री ने कहा कि गोरखपुर, वाराणसी के बाद लखनऊ में मेले का आयोजन किया गया है। मेलों के माध्यम से दिव्यांगजनों के हुनर, उत्पाद को आम जनता तक पहुंचाने के लिए स्टॉल लगाए जा रहे हैं।


दिव्य अनुभूति मेले में दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल देते दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, साथ में अन्य। अमृत विचार

### रोजगार के अवसर भी कराए जा रहे उपलब्ध

प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन को प्रदेश सरकार रोजगार के लिए दुकान का निर्माण कर 700 दिव्यांगजन को लाभ दिया गया। विशिष्ट दिव्यांगता पहचान-पत्र (यूडीआईडी) योजनान्तर्गत इस साल 2 लाख से अधिक नवीन यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए हैं। अब तक कुल 12 लाख से अधिक यूडीआईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के वरिष्ठ दिव्यांग कवियों के साथ अष्टावक कवि सम्मेलन का आयोजन जल्द किया जायेगा।

### दिव्यांगजनों को दिए उपकरण

राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने मेले में 50 मोटोराइज्ड ट्राईसाइकिलें, 100 हस्तचलित ट्राईसाइकिलें, 230 श्रवण यंत्र तथा 90 स्मार्ट केन व ब्रेल किट का वितरण किया है। साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण के माध्यम से ट्रिपल सी व ओ लेवल प्रमाण-पत्र और शादी अनुदान राशि आवंटित प्रमाण-पत्र भी दिए। इस दौरान पद्मश्री डॉ. अरुणिमा सिन्हा, विष्णुकांत मिश्रा, मृदु गोयल, विजय विष्ट, डॅ. रेड्डी फाउंडेशन, केके मौर्य व मनीष गुप्ता को सम्मानित किया गया।

### गायन व नृत्य प्रतियोगिता का होगा आयोजन

चार दिवसीय मेले में कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें रविन्द्र जैन गायन प्रतियोगिता (एकल व सामूहिक), स्टेज डॉस ड्रामा, सुधा चन्द्रन नृत्य प्रतियोगिता (एकल व सामूहिक), ज्योति अमगे फैशन शो, फैंसी ड्रेस तथा बेबी शो (10 वर्ष से कम उम्र के दिव्यांग बच्चे), पोस्टर मेकिंग, रंगोली, ओपन चेस, फेस पेंटिंग, स्टीफन हाकिन्स विज्ञान, अरुणिमा सिन्हा आर्ट, नुक्कड़ नाटक तथा मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। मेले में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, विशेष सचिव पिछड़ा कल्याण सुनील चौधरी, निदेशक भूपेंद्र एस चौधरी, डॉ. वंदना वर्मा मौजूद रहे।

# पीएम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर वसूली की मुख्यमंत्री से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- मर्च्युरी में कार्यरत कर्मचारियों ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मनमुताबिक बनवाने का झांसा देकर परिजन से की थी वसूली

**अमृत विचार :** पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मनमुताबिक बनवाने का झांसा देकर मृतक के परिजनों से वसूली करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपियों के विरुद्ध अब तक केजीएमयू व पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने से आहत परिजनों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में मृतक के दामाद की ओर से गुरुवार को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले में केजीएमयू की ओर से गठित पांच सदस्यीय समिति मामले की जांच कर रही है।

**यह है मामला :** हादसे में जख्मी व्यक्ति की ट्रॉमा में मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शराब न पीने की पुष्टि होने की बात कहकर पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी ने बीस हजार रुपए की मांग की थी। 10 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। बकाया रकम मांगने को लेकर कर्मचारी पीड़ित परिवार को धमका रहा था। परिजनों का कहना है मर्च्युरी में कार्यरत कथित पंवार नाम के फार्मासिस्ट को डॉक्टर बताकर वसूली हुई थी। अभी तक आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

### शिकायत वापस लेने के लिए बना रहे दबाव

परिजनों का कहना है जिस कर्मचारी ने उनसे वसूली की थी। उसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। शिकायत करने के बाद से आरोपी लगातार धमकी दे रहा है। अन्य रिश्तेदारों को कॉल कर शिकायत वापस कराने का दबाव बना रहा है।

# गुड हेल्थ व पौरुष जीवन कैप्सूल में मानक से अधिक स्टीरॉयड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कई कंपनियां बेहतर परिणाम के दावे को पुख्ता करने के लिए हेल्थ और पौरुष जीवन कैप्सूल में मानक से अधिक स्टीरॉयड का प्रयोग कर रहीं है। जो शरीर पर विपरीत प्रभाव डाल रहें है। ये दवाइयां किडनी रोग सहित कई तरह की बीमारी होने का कारण बन रहीं है। जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद सरकार ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी है। ऐसे में फार्मासिस्ट फेडरेशन की ओर से आम जनता के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई है। जिसके मुताबिक ऐसी दवाइयां चिकित्सकों की सलाह पर ही लेना चाहिए।

फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि अक्सर यह देखा जाता है कि लोग अपने शरीर को अधिक मजबूत करने और पौरुष शक्ति बढ़ाने के लिए अपने आप कुछ औषधियां खरीद लेते हैं। इन दवाओं से तत्काल में तो ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति ताकतवर हो गया अथवा उसकी पौरुष शक्ति मजबूत हो गई, लेकिन इनके हानिकारक तत्वों के कारण शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा बाजार में बिकने वाले गुड हेल्थ और पौरुष शक्ति नमक कैप्सूल की जांच के उपरांत प्रयोग और बिक्री रोके जाने के निर्देश हैं। इसके बाद फेडरेशन ने भी आम जनता के नाम एक अपील जारी की है, कि कभी भी ऐसी औषधियों का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता रखें और चिकित्सकों के सलाह पर ही औषधियों का सेवन करें।

# कृत्रिम अंग सुंदरता के साथ बढ़ा रहे आत्मविश्वास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में चल रही कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दांत, आंख, नाक, कान आदि कृत्रिम अंगों के बारे में बताया

**अमृत विचार :** कई बार दुर्घटना, संक्रमण अथवा कैंसर की वजह से चेहरे पर विकृति आ जाती है। कई लोगों की आंखें, नाक और कान खराब हो जाते हैं। ऐसे लोगों में आत्मविश्वास की कमी आ जाती है। इसके पीछे की वजह यह है कि आज भी समाज में ऐसे लोगों को सही नजरिए से नहीं देखा जाता है। यह कहना है किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के एचओडी प्रोफेसर पूरन चंद का।

प्रोफेसर पूरन चंद शुक्रवार को मैक्सियोफेशियल प्रोस्थेटिक्स की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में कृत्रिम अंगों को बनाने और लगाने की तकनीक सीखने के लिए पहुंचे डॉक्टरों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जिसके चेहरे के अंग खराब हो चुके होते हैं। हमें ऐसे लोगों को कृतिम अंग लगाकर उनका खोया हुआ आत्मविश्वास वापस दिलाने में मदद करनी चाहिए।


केजीएमयू के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग में आयोजित कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञ व डॉक्टर। अमृत विचार

कृत्रिम अंग भी ऐसे होने चाहिए जो शरीर को नुकसान ना पहुंचाएं और हूबहू असली अंगों की तरह प्रतीत होते हों।

केजीएमयू में 29 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला का आयोजन थाईलैंड के बैंकॉक स्थित माहिडोल यूनिवर्सिटी और केजीएमयू के सहयोग से किया गया है।

प्रो पूरन चंद ने बताया कि केजीएमयू में अब तक करीब एक हजार से अधिक लोगों को कृत्रिम आंख कान और नाक लगाए गए हैं, आज भी ऐसे करीब 15 से 20 मरीज हर महीने यहां आते हैं। जिन्हें कृत्रिम अंगों की जरूरत होती है। कार्यशाला में शामिल डॉ. सुनीत जुरैल, डॉ. बलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. रघुबर दयाल सिंह, डॉ भास्कर अग्रवाल और डॉ. शुचि त्रिपाठी ने भी प्रतिभागी चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया।



कार्यक्रम में शामिल प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा व अन्य। अमृत विचार

# टीकाकरण के डिजिटलाइजेशन का दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निजी होटल में आयोजित प्रशिक्षण में यू-विन ऑनलाइन प्लेटफार्म की दी गई जानकारी

**अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की सेवाओं के डिजिटलाइजेशन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूएनडीपी के सहयोग से यू-विन ऑनलाइन प्लेटफार्म की शुरूआत की गई है। इस संबंध में एक निजी होटल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

शुक्रवार को पहले दिन प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा यू-विन के माध्यम से वैक्सीन सत्रों की प्लानिंग लाभार्थी का पंजीकरण एवं उन्हें लगाए गए टीके की जानकारी रियल टाइम में अपडेट किया जाना है। यू-विन आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन, इलेक्ट्रनिक वैक्सीन इन्टेलिजेन्स नेटवर्क ई-विन तथा कोविन से लिंक है। एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम एवं कोविड टीकाकरण के प्रबंधन में ई-विन एवं कोविन की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारत सरकार द्वारा यू-विन डिजीटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थी अनुसार सूचना एवं देय टीकों की रियल टाईम की स्थिति प्राप्त करना है। इसको इतने कम समय में पूरे प्रदेश में क्रियान्वित करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस प्रशिक्षण में प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद एवं ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। 10 मार्च तक पूरे प्रदेश में पोर्टल को क्रियान्वित किये जाने की योजना है। यूएनडीपी के सीनियर नेशनल प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ. पंकज सोमानी और डॉ. सोनिका बदालिया और डॉ.शैलेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अजय गुप्ता और डॉ. मनोज शुक्ला ने भी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया।

# 100 करोड़ की छात्रवृत्ति घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन कॉलेजों का संचालक है आरोपी, ईडी ने जारी किया था लुक आउट सर्कुलर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 100 करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपी कॉलेज प्रबंधक को शुक्रवार को अमौसी एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शिवम गुप्ता हरदोई के डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी समेत तीन शैक्षिक संस्थानों का अध्यक्ष है। आरोपी के खिलाफ ईडी ने लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था।

ईडी के प्रयागराज सब जोनल कार्यालय की टीम ने छात्रवृत्ति घोटाले में संलिप्तता के आरोप में पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की। शिवम अयोग्य छात्रों के नाम पर छात्रवृत्ति की रकम हजम करने के मामले का मुख्य आरोपी है। शिवम को ईडी ने कई समन जारी किए थे, लेकिन वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। इसके बाद ईडी ने उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था।

सूत्रों के अनुसार, शिवम को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अथॉरिटी ने शुक्रवार को रोक लिया गया। उस समय वह दुबई जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने जा रहा था। गिरफ्तार करने के बाद उसे पीएमएलए लखनऊ की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने उसे सात दिनों के लिए ईडी की हिरासत में दे दिया।

ईडी ने छात्रवृत्ति घोटाले में पुलिस द्वारा हजरतगंज थाने में करीब एक साल पहले दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। ईडी की जांच में सामने आया कि विभिन्न संस्थानों के प्रबंधकों और ट्रस्टियों ने फर्जी छात्रों को प्रवेश दिलाया और सरकारी धन हड़प लिया। इसके लिए सरकारी पोर्टल पर छात्रों के नाम पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया। इस संबंध में सभी औपचारिकताएं संस्थानों द्वारा विभिन्न एजेंटों के माध्यम से स्वयं पूरी की गईं। छात्रवृत्ति को कॉलेजों के खातों में स्थानांतरित कर रुपए निकाले गए थे।

### पांच आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

मामले में पांच आरोपियों अली अब्बास जाफरी, इज़हार हुसैन जाफरी, रवि प्रकाश गुप्ता, विक्रम नाग और राम गोपाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी गिरफ्तार आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। मामले में लगभग 10 .35 करोड़ की चल-अचल संपत्ति अस्थाई तौर पर जब्त की जा चुकी है। साथ ही एक अभियोजन शिकायत और पांच आरोपियों के खिलाफ दो पूरक अभियोजन शिकायतें विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष दायर की जा चुकी हैं। इस मामले की जांच की जा रही है।

# मुकदमा वापसी की अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- भाजपा नेता अशोक कटारिया समेत डेढ़ दर्जन लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमा वापसी की सरकार ने दी थी अर्जी

**अमृत विचार :** धरना-प्रदर्शन एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोपी भाजपा नेता व एमएलसी अशोक कटारिया सहित डेढ़ दर्जन लोगों के विरुद्ध सरकार द्वारा मुकदमा वापस लिए जाने की अर्जी को एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने खारिज करते हुए आरोपियों की उपस्थिति के लिए 18 मार्च की तिथि नियत की है।

पत्रावली के अनुसार 22 नवंबर 2005 को थाना हजरतगंज में सरकारी काम में बाधा डालने व बलवाकर रोड जाम करने की रिपोर्ट लिखाई गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने 26 अगस्त 2006 को भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार कटारिया, महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, हरदोई के जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह एवं बनारस के पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह सहित 17 लोगों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में 19 नवंबर 2019 को शासन ने कटारिया सहित सभी लोगों के विरुद्ध मामला वापस लेने का निर्णय किया था। जिसके बाद अभियोजन अधिकारी ने शासनादेश के साथ प्रार्थना पत्र को कोर्ट में दाखिल किया गया था।


शुक्रवार देर रात मौसम फिर बदल गया, बारिश होने से तापमान में गिरावट आने से हल्की ठंड बढ़ गई। हजरतगंज क्षेत्र में बारिश के दौरान गुजरता वाहन। अमृत विचार

# बारकोड से बायो मेडिकल वेस्ट पर रखी जाएगी नजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले चरण में शहर के 200 अस्पतालों में शुरू हुई व्यवस्था
- आगे 636 और अस्पतालों में भी कराया जाएगा लागू

**अमृत विचार :** जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में अब लापरवाही नहीं हो सकेगी।

अस्पतालों से उठने वाले कचरे के पॉलीबैग पर अब बारकोड से निगरानी रखी जाएगी। राजधानी के अस्पतालों में पहली बार इस तरह की व्यवस्था की जा रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कचरे का उठान करने वाली कंपनी एसएमएस ग्रेस को निर्देश का सख्ती से अनुपालन कराने को कहा है।

जिले में सरकारी व निजी मिलाकर करीब 830 अस्पतालों में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का काम एसएमएस वाटर ग्रेस कंपनी के पास है। नियम अनुसार रोजाना ये कचरा उठना चाहिए। आरोप है कि कई अस्पतालों से कचरे का उठान रोजाना नहीं किया जा रहा था। निस्तारण में भी लापरवाही बरती जा रही है।

इतना ही नहीं उठान होने वाला पूरा कचरा मोहनलालगंज स्थित प्लांट में नहीं पहुंच पा रहा था। बीते दिनों अमृत विचार की जांच में इसका खुलासा हुआ था। जिसके बाद बारकोड की व्यवस्था लागू कराई जा रही है। अफसरों का कहना है बार कोड से इसकी जानकारी भी मिल सकेगी कि अस्पतालों से रोजाना कचरा उठान हुआ या नहीं। पहले चरण में लखनऊ के 200 अस्पतालों में बार कोड लग चुका है। 636 और अस्पतालों में बारकोड लगेगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कार्यक्रम

ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह में किन्नरों ने कैटवॉक, नृत्य व गायन से मोहा मन

# परंपरा छोड़कर नए व्यवसायों की तरफ बढ़ रहा किन्नर समाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश सरकार किन्नर समाज की भलाई के लिए हर संभव कदम उठायेगी : असीम अरुण

**अमृत विचार :** किन्नर समाज अपनी परंपरा को छोड़कर नए व्यवसायों की तरफ बढ़ रहा है। इसके लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। ये बातें किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहीं।

वह समाज कल्याण विभाग की तरफ से भागीदारी भवन में आयोजित ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह को संबोधित कर रही थीं। महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की पुस्तक मैं हिजड़ा हूं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि समाज के भीतर छिपी तमाम प्रतिभाएं उभरकर सामने आईं। वह कवि हैं, लेखक हैं, कथक जैसे शास्त्रीय नृत्य में पारंगत हैं। समाज के मनोरंजन के लिए वह सिर्फ नाचने वाले नहीं हैं, जरूरत पड़े तो समाज की भलाई के लिए कुछ भी करने को तैयार नजर आते हैं। कोविड काल में उन्होंने यह बात साबित भी की।



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, महामण्डलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, साथ में प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम व अन्य। अमृत विचार

भागीदारी भवन में समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण और प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार किन्नर समाज की भलाई के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए तैयार है। समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत भी इस मौके पर मौजूद रहे। मंच को किन्नर समाज के हवाले किया गया तो पूरा मंच किन्नरों की प्रतिभा से चमकने लगा।

### ट्रांसजेंडर की हर समस्या का होगा समाधान

उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर के उत्थान के लिए काफी काम कर रही है। उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडरों से जुड़ीं कुछ समस्याओं को लेकर वह बहुत जल्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात करेंगी। ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की सदस्य देविका देवेन्द्र ने कहा कि मैं समाज में महिला के रूप में काम करती हूं, लेकिन साथ ही ट्रांसजेंडर समाज का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर संस्कृति है, एक विचारधारा है, एक विचार है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर को समाज से ही पैसा मिलता है, इस नाते समाज उसका यजमान है। कोरोना काल में किन्नर समाज ने समाज से मिले पैसे अपने यजमान तक पहुंचाए। कार्यक्रम में जयपुर में ट्रांसजेंडर के लिए आश्रम संचालित कर रहीं अलीशा, पंजाब से आये कवि गुरु अजान सिंह, फैमिली प्लानिंग कमीशन से जुड़े राज कनौजिया, सिनेमेटोग्राफर शिवेन गुरेज और प्रियंका सिंह रघुवंशी ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन ऋत्विक ने किया।

### प्रोफेशन मॉडल की तरह किया कैटवॉक

कार्यक्रम के दौरान किन्नर प्रोफेशनल मॉडल की तरह से फैशन शो में कैटवॉक करते मंच तक पहुंचे। किन्नर श्री ने कथक नृत्य में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तो एकता महेश्वरी ने बसंत नृत्य के जरिये अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रियंका सिंह रघुवंशी के निर्देशन में फिल्म लगान के गीत राधा कैसे न जले.. को मनभावन अंदाज में प्रस्तुत किया। इस नृत्य संरचना में राधा और कृष्ण का रास भी देखने को मिला और कृष्ण का राधा को यह सन्देश कि गोपियां तो आनी-जानी हैं, राधा ही कृष्ण की रानी हैं से लोग मुग्ध हो गए।

## एक नजर

### महिला की मौत पर दहेज हत्या का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महिला की मौत के बाद पिता ने पति समेत पांच पारिवारिक सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना और खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे के मुताबिक, इंदिरानगर निवासी मदन मुरारी ने बेटी अमृता की शादी वर्ष 2015 में आजादनगर कॉलोनी निवासी सदानन्द प्रजापति से की थी। आरोप है कि ससुराल में बेटी अमृता पर मायके से पांच लाख रुपये लाने का दवाब बनाया जा रहा था। गत 18 फरवरी को प्रताड़ना से तंग आकर बेटी अमृता ने ससुराल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पिता ने दामाद सदानन्द, ससुर वीरेंद्र, सास राजकुमारी, देवर पुनीत और दुर्गेश के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में एफआईआर दर्ज कराई है।

### पुरोहित से मारपीट करने वाला सिपाही निलम्बित

**अमृत विचार, लखनऊ:** मंत्रोच्चारण खत्म कर जल्दी शादी सम्पन्न कराए जाने को लेकर निगोहां थाने में तैनात सिपाही ने पुरोहित से मारपीट की थी। इस मामले में डीसीपी ने सख्त रुख अख्तियार कर सिपाही को निलंबित कर दिया है। वहीं, सिपाही के खिलाफ दर्ज मुकदमे की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि 27 फरवरी को निगोहां थाने में तैनात सिपाही सोनू जाटव की शादी रामपुर गढ़ी निवासी ओमप्रकाश प्रजापति की बेटी से थी। क्लासिक रेस्टोरेंट में शादी की रस्में निभाई जा रही थी। जिसमें पुरोहित विवेक शुक्ला दंपति को परिणय सूत्र में बांध रहे थे। सप्तपदी के वक्त सिपाही ने पुरोहित पर जल्दी-जल्दी मंत्र पढ़ने का दबाव बनाया। जिसके लिए पुरोहित तैयार नहीं हुआ। इस बात से नाराज सिपाही ने मण्डप में पुरोहित विवेक शुक्ल को लात-घूसों से पीट दिया था।

### कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर हड़पे 16 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज थाने में एक युवक ने जालसाज के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए धोखाधड़ी की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विनोद तिवारी के मुताबिक, पवन कुमार द्विवेदी सिटी मोरिटोरियस एकेडमी में सचिव हैं। वर्ष 2022 में कृषि भूमि खरीदने के लिए जितेंद्र से सम्पर्क हुआ था। जिसने मलिहाबाद के ग्राम घुसौली में एक जमीन दिखाई। जिसकी कीमत 20 लाख रुपये में तय हुई थी। पवन ने कई मदों में आरोपी के खाते में करीब 16 लाख ट्रांसफर किए। शेष चार लाख रुपये कब्जा दिए जाने के वक्त देने थे। बावजूद इसके जीतेंद्र ने कब्जा नहीं दिया। दबाव बनाने पर वह धमकाने लगा। जिससे परेशान होकर पवन ने अलीगंज थाने में शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीएसपी लक्ष्मी सिंह पर एक और एफआईआर

## पदोन्नति में पुराने आपराधिक मामले छुपाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस अधिकारी गबन के मामले में जेल जा चुकी हैं
- आरोपी अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू
- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी

**अमृत विचार:** गबन की आरोपी डीएसपी लक्ष्मी सिंह के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय के अपराध अनुसंधान विभाग में तैनात लिपिक महेंद्र प्रताप सिंह ने उन पर पदोन्नति के लिए झूठे शपथपत्र देने की प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज की गई है। आरोपी अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है। लक्ष्मी सिंह 70 लाख रुपये का गबन के आरोप में जेल भी जा चुकी है।

वर्ष 2019 में गाजियाबाद जनपद के साहिबाबाद साइट-चार औद्योगिक क्षेत्र के एटीएम में कैश लोड करने वाली सीएमएस इंफो सिस्टम कंपनी ने गाजियाबाद के लिंक रोड थाने में कैश कस्टोडियन एजेंट राजीव सचान के खिलाफ गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तत्कालीन लिंक रोड प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मी चौहान ने आरोपी राजीव सचान व उसके साथी आमिर की गिरफ्तारी कर एक करोड़ से भी ज्यादा की नकदी बरामद की थी। नोटों से भरा एक बैग गायब हो गया था। मामला तूल पकड़ने पर तत्कालीन एसपी राकेश कुमार ने महाराजपुर चौकी की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। इसमें मामला पकड़ में आया था। थाने की लिखापढ़ी में 45 लाख 81 हजार 500 रुपये की बरामदगी ही दिखाई गई थी। आरोप है कि 70 लाख रुपए लक्ष्मी सिंह ने गायब कर दिए थे। 25 सितंबर 2019 आईजी रेंज आलोक सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मी सिंह चौहान, दरोगा नवीन कुमार, सिपाही बच्चू सिंह, फराज खान, धीरज भारद्वाज, सौरभ शर्मा और सचिन कुमार के खिलाफ लिंक रोड थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में लक्ष्मी सिंह जेल भी भेजी गई थीं।

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि लक्ष्मी सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे से संबंधित कोर्ट के आदेश और तथ्यों को छिपाते हुए गलत जानकारी देकर धोखाधड़ी से डिप्टी एसपी के पद पर पदोन्नति हासिल की है। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर गोपनीय ढंग से जांच कराई जा रही है।

### तेज रफ्तार डंपर ने राहगीर को रौंदा, मौत

**अमृत विचार, काकोरी:** पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत बुद्धेश्वर चौराहे के पास गुरुवार तेज रफ्तार डंपर चालक राहुल मिश्रा (23) को रौंदकर घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, मूलरूप से पीलीभीत के बिलसंडा निवासी राहुल मिश्रा पारा के आदर्श विहार में रहता था। भाई निखिल ने बताया कि राहुल देवा रोड स्थित टाटा मोटर्स में नौकरी करता था। गुरुवार शाम को वह ड्यूटी कर घर लौट रहा था। बुद्धेश्वर चौराहे के पास बस से उतरकर कुछ दूर पैदल आगे बढ़ा था। इस बीच पीछे से डंपर चालक राहुल को रौंदते हुए निकल गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की भीड़ जुटती देख डंपर चालक गाड़ी समेत मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने राहुल को अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान राहुल ने दम तोड़ दिया। राहुल अविवाहित था। पिता छोटे लाल मिश्रा पेशे से किसान हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रिवीजन याचिका खारिज होने पर हंगामा होने की थी आशंका

**अमृत विचार:** राजधानी में टीले वाली मस्जिद मामले में बुधवार को कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिवीजन याचिका खारिज हिंदू पक्ष का मुकदमा चलने की बात कही थी। कोर्ट के फैसले के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज भारी सुरक्षा में अदा की गई। इस दौरान टीले वाली मस्जिद के बाहर व आसपास पुलिस और आरएएफ के जवान मुस्तैद थे। ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी की गई।

जुमे की नमाज से पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने, भड़काऊ पोस्ट, विवादित बयानबाजी, भ्रम फैलाने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही थी। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। इस दौरान पीएसी कम्पनी, आरआरएफ, सब इंस्पेक्टर, राजपत्रित अधिकारी समेत पुरुष व महिला सिपाही तैनात थे। जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण से सम्पन्न कराने के लिए, जहां पुलिस-प्रशासन के साथ मुस्लिम धर्मगुरु भी वक्फ मस्जिदों के मुतवल्लियों को निर्देश जारी किया था। इसमें बताया गया था कि हर जुमे की नमाज और कोई ऐसी तकरीर न हो, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े।

# दो मकानों और एक दुकान से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृष्णानगर और पीजीआई थानाक्षेत्र में हुई वारदात
- सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** राजधानी में कृष्णानगर व पीजीआई थानाक्षेत्र अंतर्गत चोरों ने दो मकान और एक दुकान का ताला तोड़ लाखों की ज्वैलरी समेत नकदी समेट ली। दोनों ही मामलों में पीड़ितों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए है।

कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, भोला खेड़ा न्यू इंद्रपुरी निवासी सुकांत तिर्की गत 23 फरवरी को सपरिवार झारखंड गए थे। गुरुवार को वह वापस लौटे तब मेन गेट बंद मिला। अंदर पहुंचने पर सारे दरवाजे खुले थे। फर्श पर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी के लॉकर से 18 हजार की नकदी समेत लाखों की ज्वैलरी पार कर दी। सुकांत का कहना है चोरी गए जेवर की सही जानकारी मां के लौटने पर पता चलेगी।

वहीं, क्षेत्र के महाराजा पुरम निवासी प्रेमचंद चौरसिया की घर के पास किराने की दुकान है। गुरुवार सुबह पड़ोसी ने उनकी दुकान का ताला टूटा देख पीड़ित को सूचित किया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोर ने गल्ले से 24 हजार की नकदी पार कर दी। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरी की वारदात कैद हो गई। चोर का हुलिया दुकानदार के परिचित की तरह दिखाई पड़ रहा है। वहीं, पीजीआई थानाक्षेत्र के वृंदावन योजना निवासी ठेकेदार अमित कुमार गत 16 फरवरी को सपरिवार महाराजगंज जनपद गए थे। वापस लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। पीड़ित ठेकेदार ने बताया कि चोरों ने घर से 9.35 लाख की नकदी समेत तीन लाख रुपये ज्वैलरी साफ कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि चोरों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### सुरक्षा गार्ड पर गिरा लोहे का गेट, मौत

**अमृत विचार लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर शुक्रवार रात एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कर्मचारी पर लोहे का स्लाइडिंग गेट गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से कानपुर देहात के रानियाँ निवासी रवि द्विवेदी (28) चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी कंपनी (एमएसएफ) मॉडर्न वीर सिक्योरिटी फोर्स में गार्ड के पद पर कार्य कार्य करता था। शुक्रवार देर शाम करीब 9:30 बजे वह टर्मिनल-3 बिल्डिंग एरिया में ड्यूटी कर रहा था। बताया जाता है कि यहाँ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का एक नया बैरक बनाया जा रहा। स्लाइडिंग गेट में स्टॉपर न होने की वजह से जब रवि द्विवेदी ने गेट खोलने के लिए खिसकाया तो वह अचानक रवि द्विवेदी के ऊपर गिर पड़ा। रवि की सुनकर लोगों ने बाहर निकाल कर पास के अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पांच लोगों से 4.56 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर, इंदिरानगर पीजीआई, चिनहट और गौतमपल्ली से सामने आए मामले

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों ने रिटायर्ड रेलकर्मी समेत चार लोगों के खाते से 4.56 लाख रुपये निकाल लिए है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर गोमतीनगर, इंदिरानगर, पीजीआई, चिनहट और गौतमपल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर साइबर क्राइम सेल यूनिट की मदद से जांच शुरू कर दी है।

गोमतीनगर निवासी शाहिद आजमी ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनका नंबर वाट्सएप पर वेल्थ एक्सचेंज 169 ग्रुप से जोड़ा गया। एडमिन धनंजय सिंह ग्रुप पर स्टाक से संबंधित खरीद बिक्री की जानकारी देते थे। कई मेंबर ट्रेडिंग के स्क्रीन शाट शेयर करते थे। संपर्क करने पर जालसाज ने टेलीग्राम पर एड किया। इसके बाद जालसाज ने समझाया कि उनकी कंपनी के साथ ट्रेड और इन्वेस्ट करेंगे। इसके बाद उनसे कई बार में खाते में 46 लाख ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित शाहिद आजमी ने साइबर क्राइम थाने में धोखाधड़ी और आइटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं, इंदिरानगर के मानस ग्रीन स्टार फैमिली मार्ट निवासी उदित लखमानी ने बताया कि कुछ दिन पहले पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। जालसाज ने ऑनलाइन बुकिंग रेटिंग का टास्क देकर कई बार में 3.50 लाख रुपये ऐंठ लिए। डिमांड बढ़ने पर पीड़ित को शक हुआ। उधर, साउथ सिटी निवासी रेलवे के रिटायर्ड सेक्शन इंजीनियर कपिल शंकर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि दो दिन पहले एक फोन आया था। जालसाज ने एसबीआई रिवार्ड क्लेम का आखिरी दिन बताकर फंसाया। फिर एक लिंक भेज खाते से 24 हजार रुपये पार कर दिए। इसके अलावा चिनहट के आनंद लोक कालोनी निवासी प्रियंका वर्मा ने बताया कि जालसाज ने परिचित बन फंसाया। बोला कि आपके पिता ने नंबर दिया है। बातों में फंसाकर जालसाज ने 46 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। वहीं, जियामऊ के मानस नगर निवासी विजय कुमार केसरवानी ने स्टाक ट्रेडिंग इंवेस्टमेंट का झांसा देकर जालसाज ने 36,600 रुपये जमा करा लिए।



पेट की आग बुझाने और पालन-पोषण करने के लिए हालात क्या नहीं करने को मजबूर कर देते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर पहुंच चुके बुजुर्ग को दो जून की रोटी के लिए हालात से लड़ना पड़ रहा है। इसी क्रम में राजधानी में शुक्रवार को सिर पर बोरी लादकर गंतव्य को जाता बुजुर्ग। अमृत विचार

# पत्नी से झगड़ने के बाद युवक ने पी लिया कीटनाशक, मौत

काकोरी / सरोजनीनगर

- बिजनौर में घर में फंदे से लटकता मिला आईटीआई छात्र का शव

**अमृत विचार :** पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत विक्रमनगर में पत्नी के झगड़ने के बाद संजय (47) ने बाएं हाथ की नस काटकर कीटनाशक दवा का सेवन कर खुदकुशी कर ली। वहीं, बिजनौर के सरवन नगर मोहल्ले में आईटीआई छात्र मो. इरफान (22) का शव फंदे से लटकता मिला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक विक्रम नगर निवासी संजय बाइक का पंचर जोड़ता था। वह शराब का लती था। गुरुवार रात पत्नी शोभा से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद संजय ने अपने बाएं हाथ की नस काटकर घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर दिया। हालत बिगड़ने पर उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, बिजनौर के सरवन नगर निवासी आईटीआई छात्र मो. इरफान रोजगार की तलाश कर रहा था। भाई नूर मोहम्मद ने बताया कि गुरुवार रात इरफान खाना खाने के बाद कमरे में चला गया। शुक्रवार सुबह परिजन उसे जगाने पहुंचे तब उसका शव पंखे के हुक से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटकता मिला। आनन-फानन उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छात्र के कमरे से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## सार-संक्षेप

### निस्तारण नहीं हुआ तो सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**अमृत विचार,मोहनलालगंज:** तहसील समाधान दिवस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने थाना समाधान में शिकायत की। आरोप है कि वहां भी सुनवाई नहीं हुई। कोतवाली क्षेत्र के धनवारा गांव निवासी बुजुर्ग माधव और अजीत सिंह एक गाटे में सहखातेदार हैं। अजीत ने धारा 24 के अंतर्गत गाटे की पैमाइश करायी थी। माधव ने बताया कि कई बार पैमाइश के बाद पिछले साल 29 नवंबर को कानूनगो, लेखपाल ने पुन: निशानदेही कराकर कब्जा दे दिया। दोनों खातेदारों ने अपने अपने हिस्से में पिलर और बांस बल्ली लगा दिए। माधव का आरोप है कि दूसरे गांव के कुछ लोगों ने उसके हिस्से के बांस उखाड़ कर फेंक दिये। विरोध करने पर गाली गलौज और हंगामा किया। मौके पर 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस बुलाई गई । पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। दूसरे पक्ष से कोई थाने नहीं गया। माधव ने तहसील दिवस फिर थाना दिवस में शिकायत की। थाना दिवस में शाम तक मौके पर पुलिस भेजने का आश्वासन दिया गया था। माधव के अनुसार एक सप्ताह बाद हल्का दरोगा ललित सिंह से संपर्क किया। उन्होंने थाना दिवस में शिकायत मिलने से इंकार कर दिया। अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया है।

### राजकुमार इंटर कॉलेज के छात्रों ने रोशन किया नाम

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज में किया गया। इसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। मंडलीय टीम में आलमनगर रेलवे ओवर ब्रिज के पास स्थित राज कुमार इंटर कॉलेज के छात्र वेद प्रकास मिश्रा व अभय वर्मा ने प्रतिभाग किया। दोनों छात्रों ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। स्कूल प्रबंधक राजीव बक्शी ने विजयी खिलाड़ियों के साथ कोच रमन गुप्ता को सम्मानित किया।



प्रतियोगिता में विजयी छात्र। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

### एलपीसीपीएस में हुआ जॉब फेस्ट 2024 का आयोजन

**अमृत विचार लखनऊ:** पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर में 24 फरवरी को राष्ट्रीय जॉब फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित फेस्टिवल का उद्घाटन संस्थान के संस्थापक महाप्रबंधक व पूर्व एमएलसी डॉ. एसपी सिंह, माध्यम स्टाफिंग सैल्यूशन के प्रमुख सीए राज अग्रवाल, डीन डॉ. एलएस अवस्थी और प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किया। फेस्टिवल में आदित्य बिड़ला, एक्सिस बैंक, महिंद्रा, आईसीआईसीआई, एचसीएल, डैनब्रो समेत 50 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। 1287 अभ्यर्थियों ने फेस्टिवल में पंजीकरण कराया।इसमें 687 का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ।



जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व अन्य। अमृत विचार

### केंद्रीय मंत्री ने निकाली जन आशीर्वाद यात्रा

**अमृत विचार मलिहाबाद:** केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में शुक्रवार को एक बार फिर मोदी सरकार नारे के साथ जन आशीर्वाद यात्रा निकाली गयी। जागर्स पार्क के पास से सुबह 8 बजे यात्रा का शुभारम्भ केन्द्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल किशोर ने किया। यात्रा माल, रहीमाबाद, मलिहाबाद व काकोरी क्षेत्र के गांवों से होते हुए शहीद स्मारक पर शाम करीब 7 बजे समाप्त हुई। ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा व प्रतिनिधि मीनू वर्मा ने आरएम लॉन पर 51 किलोग्राम फूलों की का माला पहनाकर राज्यमंत्री और विधायक का स्वागत किया। ग्राम प्रधान महमूदनगर ने सर्वेश रावत ने स्वागत किया। विकास किशोर आशू, ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा, मीनू वर्मा, अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, ज्ञान ठाकुर, सर्वेश रावत, जितेन्द्र गौतम, सोनू वर्मा, सिराज अहमद, चन्द्रशेखर कनौजिया, राकेश सिंह पप्पू, रिजवान उर्फ फैसल, पंकज गुप्ता, राजू कोयला वाले, अनूप गुप्ता, आशीष यादव, रामकुमार मौर्य, सुमित यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो एडिट कर किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज कोतवाली में युवक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के पुराने वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने पर हजरतगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर है।

प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक रायबरेली निवासी शिवमुनि सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मीम्स वायरल किया जा रहा है। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी के अलग-अलग वीडियो के कुछ-कुछ हिस्से को कट, कापी और पेस्ट करके जोड़ने के बाद उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है। पीएम द्वारा असली वीडियो में बोलने वाले हिस्से को हटाकर दूसरी आवाज के जरिए मीम्स बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। झूठे व भ्रामक तथ्यों के आधार पर तैयार वीडियो आपत्तिजनक है, उन्हें देख व सुनकर आमजन की भावना आहत हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज जांच की जा रही है।

# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से किया दुष्कर्म

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- पीड़िता को ब्लैकमेल कर साथ रहने का बनाया दबाव
- सआदतगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक शख्स ने रिश्तेदार युवती को जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर दुराचार किया व आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। युवती ने यह आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सआदतगंज प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती ने सीतापुर रोड बसंत विहार निवासी एहतेशाम के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी उसका दूर का रिश्तेदार है। आरोप है कि मई 2023 में उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। तबीयत बिगड़ती देख मां ने एहतेशाम को कॉल कर उसे डॉक्टर के पास ले जाने की बात कही। इसके बाद आरोपी उसे अपने साथ लेकर चला गया। रास्ते में आरोपी ने उसे गन्ने के जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। आरोपी युवती को अपने घर ले गया और बेसुध हालत में दुष्कर्म कर उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। होश में आने पर युवती ने विरोध किया तब आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर साथ रहने के लिए युवती पर दबाव बनाने लगा। इंकार पर आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो परिचितों को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी का पत्नी से अलगाव हो चुका है। वह दो बच्चों का पिता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एहतेशाम अहमद पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वैन चालक ने छात्रा को बंधक बनाकर शादी का बनाया दबाव

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अंतर्गत एक वैन चालक ने छात्रा को अगवा कर उसे एक कमरे में बंधक बना लिया। वहीं, दुबग्गा में शोहदों ने सरेराह छात्रा से छेड़छाड़ कर उसे धमकाया है। गोमती नगर विस्तार प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक, सर्विलांस की मदद से पुलिस ने इंदिरानगर के तकरोही निवासी वैन चालक नजीर अहमद को गिरफ्तार किया है। आरोपी खरगापुर के निजी स्कूल में वैन चलाता है। उसी स्कूल में ही पढ़ने वाली छात्रा को वैन चालक ने मंगलवार को अगवा कर दिया था। पिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को वैन चालक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, दुबग्गा की रहने वाली किशोरी ने बताया कि बाज नगर गांव के मोना, विशाल, विकास व अमित सरेराह उससे छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी उससे हाथपाई करने लगे। भीड़ बढ़ने पर शोहदे उसे धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

# अतिक्रमण ने बिगाड़ी दुबग्गा चौराहे की सूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दुबग्गा चौराहे पर बेतरतीब खड़े ई रिक्शा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले ऑटो -टेंपो और अतिक्रमण दुबग्गा चौराहे की सूरत बिगाड़ रहे हैं। चौराहे पर ही पूरे दिन यातायात व थाने की पुलिस टीम मौजूद रहती है पर, कोई कार्रवाई नहीं होती है। लोगों को रोजाना जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। चौराहे पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी सिर्फ अभियान के दौरान ही कार्रवाई करते हैं। यहां पर न तो यातायात नियमों का पालन होता है, न ही पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं।

दुबग्गा चौराहा शहर के प्रमुख चौराहों में शामिल है। इस चौराहे पर प्रतिदिन हरदोई, कानपुर और सीतापुर की ओर से हजारों गाड़ियां गुजरती हैं। यहां पर कई घंटे जाम लगा रहता है। जाम का एक कारण बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन भी हैं। यहां पर आने वाले ग्राहक अपनी गाड़ियों को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं, जिससे रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। ई रिक्शा चालक ज्यादातर उल्टी दिशा से निकलते हैं मनमाने ढंग से ही बीच रोड सवारियां उतारते और भरते हैं, जो जाम का मुख्य कारण हैं।

चौराहे पर ठेले और अन्य दुकानों ने अतिक्रमण कर रखा है। मुख्य सड़क पर ठेले वाले अपनी दुकान लगाते हैं। इससे लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी सिर्फ खानापूर्ति करते हैं।

### छात्रा को हरदोई भगाकर ले गया था रजिस्ट्रार

**अमृत विचार , ठाकुरगंज:** ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत एमसी सक्सेना इंजीनियर कॉलेज के रजिस्ट्रार के साथ फरार छात्रा को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। सर्विलांस की मदद से पुलिस को रजिस्ट्रार की लोकेशन हरदोई मिली। इसके बाद पुलिस रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर लिया। बयान में छात्रा ने बताया कि वह अपनी मर्जी से रजिस्टार के संग घूमने गई थी। गौरतलब है कि 20 फरवरी को बालागंज निवासी एर्युवती घर से इंटरव्यू देने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वह नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन की, तो बटी की स्कूटी बुद्धेश्वर मंदिर पर मिली थी। पिता ने एमसी सक्सेना रजिस्ट्रार विकास श्रीवास्तव पर बेटी को भगाने का आरोप लगाया था। रजिस्टार की पत्नी ने भी छात्रा के पिता को उसके पति के साथ भागने की जानकारी दी थी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि छात्रा के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। बयान में छात्रा ने अपने मर्जी से विकास श्रीवास्तव के साथ जाने का बयान दर्ज कराया है।

# पत्नी को मायके छोड़ रचाई दूसरी शादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक युवक ने पत्नी को मायके में छोड़ दिया। इसके बाद बगैर तलाक दिए दूसरी शादी रचा ली।

प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि कैंट थानाक्षेत्र अंतर्गत सदर निवासी महिला की शादी वर्ष 2015 में हुई थी। आरोप है कि ससुराल में दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। बेटी के पैदा होते ही प्रताड़ना और बढ़ गई। विरोध किए जाने पर उसे ससुराल से निकाल दिया गया। इस बीच पति ने दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी ने जानकारी मिलने पर पुलिस में शिकायत करने की बात कही। जिस पर आरोपी धमकाने लगा। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कैसरबाग कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी पति, सास, ससुर व तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला समीक्षा अधिकारी का पीछा कर धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीजीआई थानाक्षेत्र अंतर्गत दबंगों ने एक महिला समीक्षा अधिकारी का पीछा कर उसे जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग निकले। महिला समीक्षा अधिकारी बदमाशों से अपनी जान का खतरा बताते हुए सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, वृंदावन कॉलोनी निवासी वंदना तिवारी सचिवालय में समीक्षा अधिकारी हैं। पीड़िता ने बताया कि हफ्ते भर से कुछ अज्ञात लोग उसका पीछा करते हैं।

## एक नजर

### पद्मभूषण उस्ताद अमीर खान की याद में आज से सजेगी महफिल

अमृत विचार, लखनऊ : कलाश्री, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय और लखनऊ बायोस्कोप के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक उस्ताद अमीर खान को उनकी 50वीं पुण्य तिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम ए ट्रिब्यूट टू पद्मभूषण उस्ताद अमीर खान आयोजित किया जायेगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में शाम 6.30 बजे से आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय आयोजन में संगीत की नामी विभूतियां शिरकत करेंगी. इनमें डॉ. अश्विनी भिडे देशपांडे (गायन), पं. पार्थो सरोथी (सरोद) और पं. अमित मुकर्जी (गायन) का नाम शामिल है। इनके साथ तबले पर पं. अभिजीत बनर्जी एवं विनोद लेले तथा हारमोनियम पर डॉ. विनय कुमार मिश्र संगत करेंगे।

# यूपी बोर्ड : इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा आज

## केंद्रों के बाहर कोई संदिग्ध मिला तो होगी कार्रवाई, डीआईओएस ने मोबाइल पर लगाया प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के क्रम में इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक किया जायेगा। परीक्षा के विषय को ध्यान में रखते हुए राजधानी में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी केन्द्रों पर परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला के निर्देश पर मोबाइल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इस संबंध में डीआईओएस ने शुक्रवार की शाम सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को सूचना भेज दी है। इसके साथ ही किसी भी केन्द्र के बाहर कोई संदिग्ध दिखता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया है। डीआईओएस ने जिला स्तरीय मॉनीटरिंग केन्द्र का भी निरीक्षण किया है।




- डीआईओएस ने परीक्षा केन्द्र बने निजी कॉलेज के प्रबंधकों को दी सख्त चेतावनी
- प्रश्नपत्रों की सुरक्षा से खिलवाड़ होने पर विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ दर्ज होगी रिपोर्ट

### परीक्षा में आज

यूपी बोर्ड के लिए आज शनिवार का दिन भी अहम है। द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी की परीक्षा होनी है। परीक्षा प्रदेश के सभी 8229 परीक्षा केंद्रों पर होगी। द्वितीय पाली में ही हाईस्कूल में मोबाइल रिपेयर की परीक्षा छह केंद्रों पर होगी जिसमें मात्र 24 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रथम पाली हाईस्कूल में हेल्थकेयर व रिटेल ट्रेडिंग की परीक्षा 13 केंद्रों पर होगी। इंटर में संगीत गायन, वादन एवं नृत्यकला की परीक्षा 531 केंद्रों पर होनी है। हाईस्कूल में 54 एवं इंटर 7720 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। बोर्ड सचिव ने बताया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए लगातार जिलों को अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी सचल दस्ते एवं पर्यवेक्षक एक्टिव रहेंगे।

**निजी कॉलेजों को चेतावनी :** आगरा कांड के बाद डीआईओएस ने केन्द्र बने निजी कॉलेज प्रबंधकों को सख्त चेतावनी जारी की है। ऐसे में यदि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता है तो विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। डीआईओएस ने बताया सचल दल प्रभारियों को निर्देश दिए गये हैं कि निरीक्षण के दौरान केन्द्रों पर किसी के पास मोबाइल मिलता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए सूचना विभाग को उपलब्ध कराई जाये। बता दें कि राजधानी में 56 से अधिक निजी विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

**1546 परीक्षार्थी अनुपस्थित :** शुक्रवार को हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा में 1546 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। दोनों पालियों में ही मानव विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली हाईस्कूल की मानव विज्ञान एवं इंटर में उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगाली तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की एनसीसी एवं इंटर की मानव विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली में 23,012 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। द्वितीय पाली 182 परीक्षार्थियों को परीक्षा में अनुपस्थित हुए।

## सप्लाई वॉल्व खराब, जलापूर्ति रहेगी बाधित

अमृत विचार, लखनऊ : शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत खुर्रम नगर में स्थापित ओएचटी का 400 एमएम डाया का सप्लाई वॉल्व खराब हो जाने के कारण खुर्रम नगर, पंत नगर, पिकनिक स्पाट रोड, इन्द्रप्रस्थ नगर, अशोक विहार आदि क्षेत्रों की जलापूर्ति शनिवार को बाधित होगी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 01.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–02.03.2024 से 07.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–08.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जगत बहादुर के घर से राम प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 7,84,253.49 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

**नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।**

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– शाहपुर लपटा
वि0ख0 मोतिगरपुर,
जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– शाहपुर लपटा
वि0ख0 मोतिगरपुर,
जनपद सुलतानपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत संसारपुर विकास खण्ड पहला – सीतापुर

पत्रांक: मेमों /रा0वि0,पन्द्रहवां वित्त/निविदा पत्रा0/2023–24 दिनांक – 01.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्रपत्र दिनाँक 02/03/24 से 07/03/24 अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत संसारपुर वि0 ख0 पहला से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबंद कोटेशन दिनांक 07/03/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनाँक 08/03/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत संसारपुर वि0 ख0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत GST-सहित (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रामप्रकाश के घर से इशामुददीन के घर तक इण्टरलॉकिंग नाली नि0 कार्य | 221154 | 100 | 01 माह | क्षे0प0/ग्रा0प0 में पंजीकृत फर्म |

निविदा की पात्रता:–1–निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी संसारपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है। 2–निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**ग्राम पंचा0 अधिकारी**
**संसारपुर, वि0ख0पहला,**
**सीतापुर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सालेहनगर विकास खण्ड देवा–बाराबंकी

पत्रांक: मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2023–024 दिनांक– 01/03/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालेहनगर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023–24 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

**1 – छत्रपाल के घर से संजय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य**
**स्वीकृत लागत – 3.30लाख, लम्बाई– 100 मीटर**

भट्ठा ईट, इंटरलॉकिंग ईट,सीमेंट , मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 16/03/2024 को खुलेगा।

**नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**
(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**राजेंद्र प्रसाद** प्रधान **कमल किशोर** सचिव
ग्राम पंचायत सालेहनगर, विकास खण्ड देवा बाराबंकी


# 35 जिलों में पहुंचेगी चौरसिया समाज की श्री राम मंदिर रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चौरसिया समाज की ओर से शुक्रवार को गोमती नगर के 1090 चौराहे से प्रदेश स्तरीय जनचेतना श्रीराम मंदिर रथयात्रा भव्य रूप में शुरू हुई। यह यात्रा प्रदेश के लगभग 35 जिलों में भ्रमण करेगी। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कुमार कश्यप, विधायक आशीष सिंह आशू, ब्रजभूषण राजपूत और माधवेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

विधिवत पूजा अर्चना के बाद राम मंदिर मॉडल की झांकी वाले रथ की अगुआई में यह यात्रा निकाली गई। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष रिशी चौरसिया के नेतृत्व में यह जन चेतना यात्रा उत्तर प्रदेश में चौरसिया समाज को गांव-गांव और घर-घर जोड़ने का काम करेगी। इसके साथ ही साल 2024 में चौरसिया समाज को राजनीति और सरकार में हिस्सेदारी मिले, इसकी मांग भी पुरजोर ढंग से उठाएगी।

यात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले समाज के लोगों का अभिनंदन भी इस यात्रा के माध्यम से किया जाएगा। यात्रा का समापन महोबा जिले में होगा। यह यात्रा उत्तर प्रदेश के लगभग 35 जिलों में जाएगी। यात्रा का समापन 15 मार्च को होगा।

यात्रा 1090 चौराहा से शुरू होकर हजरतगंज, हुसैनगंज, उदयगंज, अर्जुनगंज, बाराबंकी, अयोध्या धाम, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थ नगर, महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर होते हुए अंतिम पड़ाव झांसी होते हुए महोबा पहुंचेगी।

इस अभियान में ज्योतिषाचार्य चौरसिया राजेश शास्त्री ही नहीं वाराणसी से गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्डधारी सोनी चौरसिया, अरुण चौरसिया, ओमप्रकाश चौरसिया, कृष्णा चौरसिया, रामजी चौरसिया, उदय चौरसिया, अनिरुद्ध चौरसिया, पंकज चौरसिया, सत्यम चौरसिया, रचित नाग, सौरभ चौरसिया, रवि शंकर चौरसिया और घनश्याम चौरसिया शामिल हैं।




श्री राम मंदिर रथयात्रा में मौजूद भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कुमार कश्यप, साथ में अन्य। अमृत विचार

- गोमती नगर के 1090 चौराहे से प्रदेश स्तरीय जनचेतना श्रीराम मंदिर रथयात्रा भव्य रूप से शुरू

## लखनऊ पुस्तक मेला आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहित्य कला और संस्कृति की थीम पर आधारित लखनऊ पुस्तक मेला 2 मार्च से रवीन्द्रालय लॉन में शुरू हो जायेगा। विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक आयोजनों से सजा यह मेला 10 मार्च तक चलेगा। मेले का उद्घाटन प्रदेश के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता करेंगे।

आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि इस पुस्तक मेले में बहुत से नये प्रकाशक अपने साहित्य के साथ 10 हजार वर्ग फुट के वॉटर प्रूफ पंडाल में मौजूद रहेंगे। मेले में लगभग 80 स्टॉल होंगे। लेखक से मिलिये, पुस्तक विमोचन, युवाओं के कार्यक्रम, कवि सम्मेलन व मुशायरा आदि आयोजनों के लिए लगभग 5 हजार वर्ग फुट का पण्डाल लगाया गया है। मेले में कवि सम्मेलन-मुशायरे का आनन्द लेने के साथ लोगों को लेखकों-कवियों के साथ बात करने का मौका भी मिलेगा। स्थानीय लेखकों की पुस्तकों के लिए भी एक स्टाल होगा। मेले के बारे में यूपी त्रिपाठी ने बताया कि विश्वम महोत्सव के अन्तर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति लगाव पैदा करने के मकसद से शहर भर के अनेक स्कूल-कालेजों के विद्यार्थियों को मेले में आमंत्रित किया जा रहा है।



अलीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के केशव सभागार का लोकार्पण करते राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती यतीन्द्र, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

## सरस्वती विद्या मंदिर में केशव सभागार का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के बहुआयामी केशव सभागार का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती यतीन्द्र, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र, प्रांत विचारक अवध कौशल, प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने किया। सचिन गुप्ता ने बताया कि शिलान्यास क्षेत्रीय संगठन मन्त्री हेमचन्द्र तथा प्रान्त प्रचारक कौशल ने 17 मई 2023 को किया था। इतने कम समय में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त केशव सभागार का लोकार्पण किया गया है। लखनऊ के चिकित्सक वैज्ञानिक और विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. आरके गर्ग ने आये हुये अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर जेपी सिंह, दिनेश सिंह, रामजी सिंह, संजय, सुनीत खरे, जयवीर सिंह, जय कृष्ण सिन्हा, अनिल, डॉ. महेन्द्र कुमार, अरविन्द जैन, अनुराग साहू आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज, गोण्डा

पत्रांक 1562/ क्षे0प0 / निविदा/2023–24 दिनांक– 01/03/2024

**अल्पकालीन निविदा विज्ञापन**

क्षेत्र पंचायत नवाबगंज में पंचम राजवित्त एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित आयोग द्वारा कार्य की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से नीचे दर्शाये गये निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निविदा दिनांक 02.03.2024 से 09.03.2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर कैशियर को नगद मूल्य देकर 03 बजे अपरान्ह तक प्राप्त कर सकते है। निविदाये दिनांक 09.03.2024 को अपरान्ह 3: 30 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं व गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि रू0 में | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 नकहरा में श्याम नरायन लंबरदार के घर से जगतपाल के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.96 | 19920 | 500 |
| 2 | ग्रा0पं0 सेमराशेखपुर में बिहारीपुर नागा बाबा स्थान से शिवनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग | 9.86 | 19720 | 500 |
| 3 | ग्रा0पं0 चौखड़िया में बाबा मेठिया उमाशंकर के घर से विजय पाल गोसाई के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.86 | 19720 | 500 |
| 4 | ग्रा0पं0 जैतपुर में लोहा के खेत से राजबहादुर के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.61 | 19220 | 500 |
| 5 | ग्रा0पं0 खड़ौवा में एक अदद हाई मास्ट स्थापना कार्य | 9.96 | 19920 | 500 |
| 6 | ग्रा0प0 तुलसीपुरमाझा के लालापुरवा में राजेश श्रीवास्तव के खेत के पास आर0सी0सी0 पुलिया | 9.86 | 19720 | 500 |
| 7 | ग्रा0पं0खरगूपुर में गोबरे के घर से मंदिर के पास नाले तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.80 | 19600 | 500 |
| 8 | ग्रा0प0खरगूपुर में मंदिर के पास से परदेसी के खेत के पास पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.86 | 19720 | 500 |
| | ग्रा0प0खरगूपुर में परदेसी के खेत के पास चकरोड से कुडवा तालाब तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.70 | 19400 | 500 |

**शर्ते :–**

1– सशर्त एवं कटिंग या ओवर राइटिंग वाली निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक कार्य के लिए आपूर्तिकर्ता को अलग–अलग निविदा देनी होगी।
2– निविदा में दी गई आपूर्ति दरों की वैधता निविदा खुलने की तिथि से कार्य समाप्ति तक होगी।
3– शपथ निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर अंकित करना अनिवार्य है। जो निविदा / समिति / खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के समक्ष होगी। टी0ए0सी0 अथवा अधिकारी द्वारा जांच में ईंट / निर्माण सामग्री में किसी भी कमी के पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता उत्तरदायी होगा और उसे वसूली की निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी।
4–निविदादाता को निविदा में अपना स्थायी एवं वर्तमान पता दूरभाष नं0 सहित पठनीय अक्षरों में अंकित करना होगा।
5– आपूर्ति पी0डब्लू0डी0 के मानको एवं गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए अन्यथा भुगतान में आवश्यक कटौती अथवा भुगतान रोकने की कार्यवाही की जाएगी।
6–दर समस्त कर सहित (बिक्री कर आदि) निविदा में दी जाए। निविदादाता फर्म को व्यापार कर विभाग में पंजीकृत होना चाहिए।
7– समस्त करों की कटौतियां निविदादाता से श्रोत पर भुगतान के समय कर ली जाएगी।
8–निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत / धरोहर की राशि का बैंक एफ0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**अरुंधती सिंह**
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत नवाबगंज, गोण्डा

खण्ड विकास अधिकारी
क्षेत्र पंचायत नवाबगंज, गोण्डा


## सार-संक्षेप

### पुलिस भर्ती में गड़बड़ी की जांच के लिए गठित होगी टीम

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की पड़ताल के लिए शीघ्र विधिक टीम गठित होगी। टीम युवाओं को न्याय दिलाने का काम करेगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि पुलिस भर्ती में पर्चा लीक होने से प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय हुआ है। कांग्रेस हर हाल में युवाओं के साथ है। उन्होंने कहा कि पार्टी की शीघ्र गठित होने वाली विधिक टीम हर पहलुओं की पड़ताल करेगी और गड़बडी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कराने पर जोर देगी। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी सरकार की विफलता साबित कर रही है, पर युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले पांच साल में हुई भर्ती प्रक्रिया की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार कर रही है।

### 24वां सदगुरु कबीर विशाल सत्संग समारोह आज से

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के बसंत खेड़ा स्थित संत कबीर अध्यात्म संस्थान में 2 मार्च से 24वें सदगुरु कबीर विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजिका और संस्थान की अध्यक्ष साध्वी राजेश्वरी ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्व शांति के प्रेरक संत सदगुरु कबीर के विचारों को आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज होंगे। कार्यक्रम में कबीर के मूल उद्देश्यों से लोगों को परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समापन 3 मार्च को आरती पूजन और विशाल भंडारे के साथ होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह हिस्सा लेंगे।




सम्मानित की गईं महिलाओं के साथ नव अंशिका फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### नव अंशिका फाउंडेशन ने महिलाओं को दिया श्रमदेवी शक्ति सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : नव अंशिका फाउंडेशन ने गोमतीनगर की रेल विहार कालोनी में द ग्रेट शक्ति स्वरूपा उत्सव के तहत महिला माह की शुरुआत की। फाउंडेशन मार्च महीने के हर शुक्रवार को कार्यक्रम करेगा। मार्च के पहले शुक्रवार को घरों में काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। सभी महिलाओं को श्रमदेवी शक्ति सम्मान के साथ साड़ियां भेंट की गईं। इस मौके पर केक काटकर इन महिलाओं का सामूहिक जन्मदिवस मनाया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि नव अंशिका फाउंडेशन पहली मार्च को महिला माह की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि इस बार महिला दिवस शुक्रवार को पड़ेगा इसलिए मार्च के हर शुक्रवार को महिलाओं को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें विभिन्न वर्गों से सम्बन्ध रखने वाली महिलाओं का सम्मान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पहले शुक्रवार के आयोजन में रमा, रंजीता, गुड्डी, मनीषा, निर्मला, नेहा, राधा और रेखा को श्रमदेवी शक्ति सम्मान दिया गया। इस आयोजन में रचना सिंह, मंजू बिष्ट, सावित्री देवी, चन्द्र प्रभा मायर, रेखा शर्मा, डॉ. शालिनी दत्त, रेनू जोशी, आभा सिंह, पूनम पाण्डेय, मीना श्रीवास्तव, पम्पी मायर और अनंदिता कौशिक के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला माह की अवधारणा राजेश जायसवाल, नीरा लोहानी और अंतरराष्ट्रीय महिला हाकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट ने तैयार की है। आठ मार्च के आयोजन की थीम शिव की शक्ति होगी।



मंच पर दीप प्रज्जवलन के दौरान उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

## शिक्षा से सकारात्मक बदलाव आए : न्यायाधीश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- एमिटी में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए देश भर से आए विधि विवि के छात्र

**अमृत विचार :** नवोदित अधिवक्ताओं एवं विधि छात्रों को न्यायपालिकाओं में होने वाले न्यायिक कार्यों का व्यवहारिक अनुभव एवं प्रशिक्षण देने के उद्देश्य के साथ एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के 15वें राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश विष्णु सहाय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह वर्तमान समय की शिक्षा व्यवस्था से संतुष्ट हैं। इसी के सहारे विभिन्न उपादानों में कई नवीनतम एवं सकारात्मक बदलाव आए हैं। कहा कि सदैव सत्य का साथ दें एवं धर्म परायणता की राह पर चले। डॉ. जेपी यादव ने कहा कि मूटकोर्ट प्रतियोगिताओं में नवोदित अधिवक्ताओं को न सिर्फ अपने विधिक ज्ञान को परखने का मौका मिलता है, बल्कि वे न्याय पालिका के कार्य-कलापों भी परिचित होते हैं। विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि यह राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता भविष्य के अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ा मंच है। यहां से हर एक विद्यार्थी लीडर बनकर निकलेगा और एक लीडर समाज में बदलाव लाने की क्षमता से भरा होना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान देश भर के विधि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 38 मूटर्स की टीमों ने प्रतिभाग किया।

## 10वें दिन भी सामयिक संग्रह अमीन व अनुसेवकों का धरना जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 52 जिलों से आये सामयिक संग्रह अमीन व अनुसेवकों का धरना 10वें दिन भी जारी रहा।

धरने को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 23 जिलों में काम न मिलने के कारण हम लोगों का परिवार भुखमरी की कगार पर है लेकिन अभी तक सरकार ने हमारी सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि नियमावली में 7वां संशोधन कर पदों में 35 प्रतिशत की व्यवस्था करना न्यायोचित नहीं है। धरने के माध्यम से संग्रह अमीनों ने मांग की कि कट आफ डेट को समाप्त करते हुए संग्रह अमीन व अनुसेवकों को आयु में शिथिलता प्रदान करते हुए रिक्त पदों में समायोजित करने का शासनादेश जारी किया जाय।

## एक नजर

### चोरी से आम के पेड़ काटने पर दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार मलिहाबाद :** माल थाना अंतर्गत बिना अनुमति के चोरी से आम के पेड़ काटने पर वन विभाग की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार इलाके में बिना अनुमति के चोरी पड़े हरे भरे पेड़ों का बड़े पैमाने पर कटान किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार चकई निवासी संजय गुप्ता की बाग में लकड़ी कारोबारी सत्ती ने बिना अनुमति आम के पांच पेड़ों पर आरा चलाकर जमींदोज कर दिया। जानकारी होने पर वन विभाग के बीट प्रभारी दिलीप सिंह चौहान ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बाग मालिक संजय गुप्ता व लकड़ी करोबारी सत्ती के विरुद्ध उत्तर प्रदेश वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# सीबीआई-ईडी भाजपा के गोरखधंधों की जांच नहीं कर रही

- सपा प्रमुख ने युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अखिलेश ने सवाल भी उठाया कि सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है। लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है।



प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा के प्रदेश कार्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण यादव, श्याम लाल पाल, राजीव निगम आदि मौजूद रहे। युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सपा प्रमुख के मुताबिक, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

### जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगते हैं

**लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहयोगी दलों और कुछ विधायकों पर भरोसा कर धोखा खाने पर नाराज दिख रहे हैं। अखिलेश यादव यह भी कहते दिखे कि जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है। इस प्रतिक्रिया से अखिलेश यादव ने पुराने सहयोगियों रालोद के जयंत चौधरी, विधायक पल्लवी पटेल से लेकर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर तक पर निशाना साधा है। उनके निशाने पर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक रहे। फिलहाल, वह अब लोकसभा चुनाव में अपने दम पर आगे बढ़ने की तैयारी करते दिख रहे हैं। हालांकि साथियों को जोड़ने की बात पर उनका आक्रोश भी सामने आ जाता है।

## प्रदेश में असुरक्षित हैं बेटियां: ममता चौधरी

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि प्रदेश में बेटियां असुरक्षित हैं। प्रदेश में औसतन हर घंटे महिलाओं से सम्बन्धित आठ अपराध हो रहे हैं। प्रदेश महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में पूरे देश में एक नंबर पर है। वह शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश गैंगरेप, दहेज हत्या व महिला अपहरण में एक नंबर पर है। रात में महिलाओं के अकेले निकलने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार की स्थिति ये है कि दिन में भी प्रदेश की बेटियां घर से निकलने में डरती हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय में एक न्याय महिला न्याय है। कांग्रेस हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस मध्य जोन की प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, विभा त्रिपाठी, प्रदेश सचिव अनामिका यादव, सिद्धीश्री आदि मौजूद रहीं।

# पहले दिन खुले 2911 केंद्र, गेहूं खरीद शून्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गेहूं की कटाई से पहले खुले केंद्र, दिनभर रहा सन्नाटा
- 6500 केंद्रों पर 60 लाख एमटी गेहूं खरीदने का लक्ष्य
- गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2024-25 सरकारी गेहूं खरीद के लिए 1 मार्च से अधिकांश जिलों पर 2911 क्रय केंद्र संचालित हो गए। लेकिन, गेहूं की कटाई न होने के कारण खरीद नहीं हुई। हालांकि गेहूं खरीद की तैयारी करने के लिए पहले से केंद्र संचालित किए गए हैं। इसकी किसानों को जानकारी हो सके और पंजीयन से लेकर अन्य प्रक्रिया कर सकें। ताकि खरीद शुरू होने के दौरान किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पिछले वर्ष बाजार भाव अधिक होने के कारण खरीद बेहद कम हुई थी। जो लक्ष्य के अनुसार पूर्ति करने के लिए पहले से तैयारी की गई है। इस बार भी प्रदेश में 6500 केंद्रों पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गेहूं खरीद के लिए 1,10,010 किसानों ने पंजीयन कराया है। 15 जून तक खरीद होगी।

### 15 मार्च से बुंदेलखंड में शुरू होती है कटाई

बुंदेलखंड में सबसे पहले गेहूं तैयार होता है। जो 15 मार्च से कटना शुरू होता है और किसान तैयार कर 1 अप्रैल से क्रय केंद्रों पर बेचना शुरू करते हैं। जबकि अन्य क्षेत्रों में 1 अप्रैल से कटाई शुरू होती है और 15-20 अप्रैल के आसपास बेचने लगते हैं। इस कारण पिछले वर्षों में क्रय केंद्र 1 अप्रैल से ही खुलते आए हैं।

### लखनऊ में खुले 45 केंद्र

क्रय नीति के अनुसार लखनऊ में 45 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। इसमें शाखा विपणन के 11, पीसीएफ 31 व एफसीआई के तीन केंद्र शामिल हैं। हालांकि केंद्रों पर आवक न होने के कारण सन्नाटा रहा और खरीद की तैयारी की गई। डिप्टी आरएमओ निश्चल आनंद ने बताया कि किसानों को जागरूक कर पंजीयन करा रहे हैं।

### ये संस्थाएं अधिकृत

शाखा विपणन, मंडी परिषद, उप्र सहकारी संघ, उप्र को-आपरेटिव यूनियन, उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित व भारतीय खाद्य निगम।

# 2 अप्रैल से चना, मसूर और सरसों की खरीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्राइस सपोर्ट स्क्रीम के तहत संस्थाएं केंद्रों पर करेंगी खरीद
- भाव में अंतर व बिचौलियों को रोकने के लिए लगेंगे अधिकारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी वर्ष 2024-25 सीजन में किसानों से चना, मसूर व सरसों भी गेहूं व धान की तर्ज पर क्रय केंद्र खोलकर खरीदा जाएगा। दलहन-तिलहन की खरीद 2 अप्रैल से 30 जून तक सहकारिता विभाग के अधीन की जाएगी। खरीद के लिए उप्र कोआपरेटिव फेडरेशन (पीसीएफ), प्रादेशिक को-ऑपरेटिव यूनियन (पीसीयू) व भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) को अधिकृत किया गया है। जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्राइस सपोर्ट स्क्रीम (पीएसएस) यानी मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीद करेंगे। इससे किसानों को उपज के अच्छे दाम मिलेंगे और उत्पादों को बिक्री का बाजार मिलेगा। आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता ने सभी जिलाधिकारी को पीएसएस की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

गाइडलाइन के अनुसार केंद्र संचालित करने की संख्या जिलाधिकारी के अनुमोदन पर निर्धारित की जाएगी। केंद्र मंडी, उप मंडी या एग्री मार्केटिंग हब में खुलेंगे। केंद्र की तरफ से नेफेड को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। खरीद का विवरण पोर्टल पर रखा जाएगा। पोर्टल पर किसानों के पंजीयन के समय खतौनी का विवरण तहसील से सत्यापित कराया जाएगा। खसरा भी पोर्टल पर अपलोड होगा। किसान पंजीयन निर्धारित समय पर मान्य होंगे। इसमें फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर व अन्य अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कर सत्यापन होगा। भाव में अंतर और बिचौलियों को रोकने के लिए केंद्रों पर एक राजपत्रित अधिकारी लगाए जाएंगे।

### लक्ष्य निर्धारित

| | |
|---|---|
| चना | - 2,24,485 |
| मसूर | - 5,16,800 |
| सरसों | - 4,05,088 |

## खेती में दलहन, तिलहन, बाजरा और मक्का की फसल को मिलेगा बढ़ावा

- अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने किया तीन दिवसीय उप्र एग्रोटेक का उद्घाटन

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि कृषि उद्योग में हो रहे नवाचारों से किसानों को जुताई से लेकर फसल की कटाई तक सहयोग मिल रहा है। अलग अलग प्रकार की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा एमएसपी खरीद की जा रही है। विविधीकरण योजना में दलहन, तिलहन, बाजरा व मक्का को शामिल किया जा रहा है। एसीएस, शुक्रवार को इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर द्वारा आयोजित उप्र.एग्रोटेक 2024 का उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुकेश सिंह ने फसलों का निर्यात बढ़ाने, किसानों व बाजार के बीच की दूरी को कम होने के साथ ही फसल का उचित मूल्य मिलने पर किसान उत्पादन बढ़ाने को प्रेरित होंगे। भारतीय गन्ना अनुसन्धान संसथान के निदेशक डॉ. असप्पा विश्वनाथन ने कहा कि प्रदर्शनी में नए उत्पादों एवं टेक्नोलॉजी से परिचित होने का मौका मिलता है। ईसीआईएल के निदेशक डॉ. अनीश कुमार शर्मा ने कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए भूमि की जांच व माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मिट्टी में पोषक तत्वों के स्तर का मूल्यांकन कर उसमें उपयुक्त पोषक तत्वों को बढ़ाया जा सकता है। इंडियन चैंबर तुषार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर और बायो एनर्जी हाइब्रिड ऊर्जा का बढ़ाया जाए उत्पादन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कार्यक्रम में मौजूद आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल व अन्य। अमृत विचार

- आईआईए द्वारा आयोजित ग्रीन एनर्जी बिजनेस कॉन्क्लेव संपन्न
- सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए सब्सिडी देने की मांग

**अमृत विचार :** ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने उद्यमियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर और वायो एनर्जी हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन सयंत्र स्थापित करें। इससे बिजली पर निर्भरता खत्म होने के साथ ही व्यापार में सम्भावनाएं मिलेंगी।

एसीएस, शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित कार्यालय में इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा मरकॉम इण्डिया व यूपीनेडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीन एनर्जी बिजनेस कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि प्रथम चरण में प्रदेश के 15 औद्योगिक क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित किये जायेंगे। इसके लिए उद्यमियों को कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा। कंपनियों को डीकार्बोनाइज बनाने के लिए कार्बन केडिट का लाभ दिलाया जायेगा। उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं की तरह सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी देने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि नई सौर ऊर्जा नीति अंतर्गत मिलने वाले प्रस्तावों में लगभग 16 प्रतिशत प्रस्ताव मूर्तरूप ले चुके हैं। डायरेक्टर यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने कहा कि रेस्को माडल पर भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा रहे है। उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों का भूत व भविष्य दोनो देखा जा रहा है। उद्यमियों द्वारा पूरे गए सवालों का यूपीनेडा के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिये। कॉन्क्लेव में 150 कंपनियों ने प्रदर्शनी लगाई और सौर ऊर्जा के लाभ व आने वाले खर्च की जानकारी दी।

### सात जिलों में स्थापित हो चुके है सौर ऊर्जा संयंत्र

नीरज सिंघल ने कहा कि शामली, कानपुर, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, हापुड व सहारनपुर, सात औद्योगिक क्षेत्र में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। अभी तक 28 मेगावाट के उत्पादन को संयंत्र स्थापित किये जायेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यूपीसीडा के 154 औद्योगिक क्षेत्र हैं। इनकी 46660 एकड़ भूमि के 25 प्रतिशत क्षेत्र पर सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए हमें 11000 एकड़ क्षेत्रफल मिलेगा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 1107/न0पा0परि0सुल0/2023–24 दिनांक – 01–03–2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि मद के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 12/03/24 को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन तक प्राप्त ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 17/03/24 तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ अलग–अलग धरोहर धनराशि एन0एस0सी0 / डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ–साफ शब्दों एवं अंकों में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्रोक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिनां नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियों किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है। 5% जमानत धनराशि टेण्डर के साथ तथा शेष 5% जमानत धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में ) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य+ जी0 एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड ठठेरी बाजार में स्व0 सुयोधन सोनी से स्व0 बैजनाथ खत्री से मकान होते हुए स्व0 शैलेश बरनवाल के मकान श्री गुलाब चन्द्र बरनवाल के मकान से होते हुए स्व0 नवल किशोर तक नाली कबरिंग व रबड़मोल्ड इं0ला0 कार्य। | 634035.00 | 748200.00 | 31,700.00 | 600+108 | 01 माह |
| 2 | वार्ड ठठेरी बाजार मो0 रूद्रनगर में मुकेश अग्रहरि के मकान के पीछे से होते हुए कमल श्रीवास्तव के मकान तक एवं जगराम धर्मशाला के पीछे से रेलवे स्टेशन मार्ग तक नाली निर्माण कार्य। | 435082.00 | 513400.00 | 21,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 3 | वार्ड सिविल लाइन में अनाज मण्डी के पूर्वी गेट से पश्चिमी गेट तक दोंनो तरफ कबर्ड आर0सी0सी0 नाली कार्य। | 688129.00 | 812000.00 | 34,407.00 | 600+108 | 01 माह |
| 4 | वार्ड सिविल लाइन में शिवमंदिर गली व संतोष के मकान होते हुए शोभा भवन तक इंटरलाकिंग व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 736899.07 | 870000.00 | 36,900.00 | 700+126 | 01 माह |
| 5 | वार्ड निरालानगर में बसंत लाल सोनी के मकान से ललित शर्मा के मकान तक नाली, सी0सी0 सड़क व कबरिंग कार्य। | 409636.00 | 483400.00 | 20,500.00 | 500+90 | 01 माह |
| 6 | वार्ड लालडिग्गी चौराहे पर यूरिनल का निर्माण कार्य। | 275515.67 | 325200.00 | 13,800.00 | 500+90 | 01 माह |
| 7 | वार्ड सीताकुण्ड विनोवापुरी में पूनम पाण्डेय के मकान से संतोष तिवारी के मकान के पास, दिनेश यादव से दयाशंकर के मकान तक नाली, रबड़मोल्ड इंटरलाकिंग कार्य। | 836637.00 | 987300.00 | 41,900.00 | 800+144 | 01 माह |
| 8 | वार्ड घासीगंज में स्थित मो0 सुरभिनगर में श्री राजेश पाण्डेय के मकान से हयूम पाइप पुलिया तक रबड़मोल्ड कार्य। | 843658.00 | 995600.00 | 42,200.00 | 800+144 | 01 माह |
| 9 | वार्ड सिविल लाइन में वेदान्ती आश्रय के पास खड़मोल्ड रैम्प तथा देवनाथ तिवारी के पास सीढ़ी तथा रैम्प आदि का कार्य तथा जे0पी0 सिंह की गली में नाली मरम्मत आर0सी0सी0 कबरिंग व रबड़मोल्ड कार्य। | 405130.00 | 478100.00 | 20,300.00 | 500+90 | 01 माह |
| 10 | वार्ड पयागीपुर में धीरेन्द्र यादव की दुकान से विवेक चन्द्र मिश्रा का मकान होते हुए पक्की सड़क तक नाली कार्य। | 621591.00 | 733500.00 | 31,100.00 | 600+108 | 01 माह |
| 11 | वार्ड पयागीपुर में श्री संतोष निगम के मकान से संदीप सिंह सोनू पाठक का मकान होते हुए जोखूराम कनौजिया के मकान तक दोनों तरफ नाली एवं रबड़मोल्ड इं0ला0 कार्य। | 684186.00 | 807400.00 | 34,209.00 | 600+108 | 01 माह |
| 12 | वार्ड घोसियाना में दयाराम गौतम के घर से कलावती देवी के मकान तक इंटरलाकिंग रोड व आर0सी0सी0 नाली कार्य। | 697428.00 | 823000.00 | 36,000.00 | 600+108 | 01 माह |
| 13 | वार्ड घोसियाना में दीन दयाल कसौंधन के मकान से जीनियस कोचिंग तक इंटरलाकिंग रोड व आर0सी0सी0 नाली कार्य। | 624203.00 | 736600.00 | 31,300.00 | 600+108 | 01 माह |
| 14 | वार्ड नरायनपुर में श्री दिनेश मिश्रा के घर से संतोष सोनी का मकान होते हुए पक्की सड़क तक नाली व बड़मोल्ड इंटरलाकिंग कार्य। | 479407.00 | 565700.00 | 25,000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 15 | नवीन पार्किंग स्थल सुलतानपुर में खण्ड़जा निर्माण कार्य। | 811800.00 | 990000.00 | 40,600.00 | 800+144 | 01 माह |
| 16 | केश कुमारी स्कूल के पीछे अवशेष बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 738000.00 | 900000.00 | 37,000.00 | 700+126 | 01 माह |
| 17 | नवीन पार्किंग स्थल सुलतानपुर में ड्रेन क निर्माण कार्य। | 815900.00 | 995000.00 | 40,500.00 | 800+144 | 01 माह |

**लाल चन्द्र सरोज**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर**

**प्रवीन कुमार अग्रवाल**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर**

## एक नजर

### मार्फीन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर और असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को 105 ग्राम मार्फीन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उसके बाद सभी तस्करों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। टिकैतनगर पुलिस ने तकिया पंसारा निवासी इरशाद और मेराज को 70 और असंद्रा पुलिस ने जैदपुर थाने के अली अकबर कटरा निवासी अलाउद्दीन को 35 ग्राम के साथ दबोचा। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएसएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है।

### 505 छात्र-छात्राओं को मिले स्मार्टफोन

सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार : सीतादेवी पीजी कॉलेज पारिजात धाम बरोलिया में महाविद्यालय के सरंक्षक अवधेश शुक्ला ने 505 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित कियो। निदेशक अभिषेक शुक्ला, रामलखन अवस्थी,डॉ. राकेश कुमार यादव सुरेश तिवारी एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना त्रिपाठी द्वारा यह सौगात विद्यार्थियों को दी गई।

### तमंचे के साथ शातिर बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने तमंचे के साथ मसूदपुर मजरे बतिया निवासी बलराम को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### 10 लीटर शराब बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा थाने की पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ नगर पंचायत के महतेली वार्ड निवासी सुरेंद्र को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

# हादसे में पिता-पुत्री समेत तीन की मौत

## छात्राओं को स्कूल छोड़ने जा रहा था युवक, मुख्यमंत्री ने व्यक्त की संवेदना

बनीकोडर, बाराबंकी

अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट के अंतर्गत ब्लॉक बनीकोडर के सामने एक ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी दो छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।


बच्चियों की फाइल फोटो।

पुलिस के अनुसार, सुमेरगंज निवासी पंकज यादव की पुत्री वर्तिका(6) और योगिता (7) पुत्री नीरज आधुनिक इंटर कॉलेज भिटरिया में पढ़ती थी। रोजाना दोनों बच्चियां साथ में स्कूल जाती थी। शुक्रवार सुबह योगिता के पिता नीरज अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे थे। तभी ब्लॉक के सामने पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पीछे बैठी दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका उपचार शुरू हो पाता इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया है। बच्चों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा फैला हुआ है।

### हादसे में किशोर की मौत, एक घायल

बाराबंकी, अमृत विचार : तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शुक्रवार को सतरिख थाना क्षेत्र में तीरगांव मार्ग पर अखियारपुर गांव के पास हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवारालों में कोहराम मच गया। कोठी थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी लायकराम निषाद (17) अपने परिचित अजय रावत (45) के साथ शुक्रवार को बाइक से रिश्तेदारी से वापस आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार लायक राम की मौके पर मौत हो गई। वहीं अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। घायल का इलाज कराया जा रहा है।

# प्रभु राम के आदर्शों का पाठ पढ़ेंगे बच्चे

बदलाव

- कक्षा छह की पुस्तक महान व्यक्तित्व में जोड़े गए अध्याय
- गुरु गोरखनाथ, दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी भी शामिल

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

अमृत विचारः एससीईआरटी की कक्षा छह की पुस्तक महान व्यक्तित्व में कुछ नए अध्याय इस बार जोड़े गए हैं। इसमें बच्चों को श्रीराम के आदर्शों का पाठ पढ़ाया जाएगा, वहीं गुरु गोरखनाथ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, आल्हा-ऊदल के साथ जमशेदजी टाटा के जीवन के बारे में भी बच्चे पढ़ेंगे।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क वितरण के लिए पाठ्य-पुस्तकों की खेप जिले में पहुंच रही है। इसमें कक्षा छह की महान व्यक्तित्व वाली 38 पाठ की पुस्तक में 139 पेज हैं। पुस्तक में पहले पाठ के रूप में प्रभु श्रीराम की जीवनी को शामिल किया गया है। वहीं गोरक्षपीठ के गुरु गोरखनाथ, जमशेदजी टाटा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व आल्हा-ऊदल की वीरता की कहानी भी बच्चे पढ़ेंगे।

### शैक्षिक सत्र के पहले दिन नई किताबों के साथ स्कूल आएंगे बच्चे

बाराबंकी, अमृत विचार : शैक्षिक सत्र के पहले दिन बच्चे नयी किताबों के साथ स्कूल पहुंचेंगे। हालांकि गत वर्ष भी इस बारे में प्रयास हुआ था जो काफी हद तक सफल भी रहा। इस बार पूरी तरह से नौनिहालों को सत्र से ही पहले ही सभी पुस्तकें मिल जाएं, इसे लेकर 50 फीसदी किताबें जिले में पहुंच गयीं जिन्हें बीआरसी पर भेजा जा रहा है। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 2636 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें 1992 प्राथमिक, 475 पूर्व माध्यमिक और 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें कक्षा तीन से आठ तक पंजीकृत साढ़े तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाने वाली किताबों की खेप जिला मुख्यालय के बड़ेल स्थित बीआरसी पर पहुंच रही है। शुक्रवार तक करीब 50 फीसदी किताबें आ गई हैं। उम्मीद है कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र से पहले ही सभी किताबे पहुंच जाएंगी और उनका वितरण कर दिया जाएगा। ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 के पहले दिन हर बच्चे के हाथ में नई किताब हो। बीएसए संतोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि हर बच्चे के हाथ में शैक्षिक सत्र के पहले दिन किताब हो, इसके प्रयास जारी है। अब तक 50 प्रतिशत किताबें आ गई हैं जिनको बीआरसी पर भेजा जा रहा है। पाठ्य-पुस्तकों में नए पाठ जोड़े जाने की जानकारी नहीं है। सिलेबस एससीईआरटी द्वारा तय होता है।

# कुकर्म के बाद किशोर की हत्या करने वाला गिरफ्तार

सीतापुर

अमृत विचार। हरगांव थाना इलाके में तीन दिन पूर्व हुई किशोर की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। परिजनों ने नामजद आरोपी पर कुकर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुकर्म की पुष्टि होने के बाद उपरांत शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती 27 फरवरी की सुबह गन्ने के खेत में किशोर का निर्वस्त्र शव मिला था। बताया जाता है कि गांव में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए वह 26 फरवरी की रात निकला था। सुबह घर न पहुंचने पर परिजनों के काफी तलाश के बाद उसका शव गन्ने के खेत में निर्वस्त्र मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू की। पुलिस ने शुक्रवार को नामजद आरोपी सौरभ को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया।

# कोर्ट के आदेश पर आठ माह बाद तीन पर हत्या का केस

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बबुराई में बैनामा कराने के बाद पैसे मांगने पर एक वृद्ध की हत्या के आरोप में पिता और दो पुत्रों हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आठ माह बाद अदालत के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कमला के अनुसार भदासी के लाला ने उसके जेठ सुखपाल से खेत का बैनामा करवा लिया और उनका डेढ़ लाख रुपया नहीं दिया। बकौल कमला 24 जून 2023 को लाला ने अपने बेटे पंचम और मानू के साथ मिलकर उसके जेठ की हत्या कर दी और खेत में बनी मड़ैया में लटका दिया।

# गैस सिलेंडर फटने से एक की मौत

हरदाई में हादसा

हरपालपुर, हरदोई

अमृत विचार। किसान और उसके घर वाले खेत की सिंचाई कर रहे थे,उसी बीच उसके घर में आग लग गई। इसका पता होते ही उसके पड़ोसी दौड़ पड़े। आग को काबू किया जा रहा था,उसी बीच वहां रखे गैस सिलेंडर में तेज़ आवाज़ के साथ ब्लास्ट हो गया। शुक्रवार की दोपहर हुए हादसे में एक अधेड़ पड़ोसी की मौत हो गई,जबकि 5 लोग बुरी तरह से झुलस गए। जिसमें से एक युवक की हालत नाज़ुक बताई जा रही है। जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।


घर में आग लगने से फटा गैस सिलेंडर।

बताया गया है कि अरवल थाने के अदनिया गांव निवासी ब्रजलाल शुक्रवार को अपने घर वालों के साथ खेत पर सिंचाई कर रहा था। उसी बीच पड़ोसियों ने उसके घर से आग की लपटे निकलती देख उसके पड़ोसी आग पर काबू करने दौड़ पड़े। गांव निवासी गंगाराम (55), जितेंद्र (30), रवि (29), सुआलाल (30), सोनेलाल (58) और जगदीश (56) आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। उसी बीच ब्रजलाल के घर में रखे गैस सिलेंडर में तेज़ धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। इस आग से बुरी तरह झुलसे गंगाराम की वहीं पर मौत हो गई, जबकि जितेंद्र, सुआलाल, रवि, सोनेलाल व जगदीश झुलस गए। इसका पता होते ही गांव में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में झुलसे लोगों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां के डाक्टरों ने जितेंद्र की हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# प्रदेश की पहली टेबल टॉप हवाई पट्टी उद्घाटन को तैयार

चित्रकूट, अमृत विचार : चित्रकूट जिले से लोग जल्द ही प्रदेश की राजधानी के लिए उड़ान भर सकेंगे। इस हफ्ते किसी भी दिन प्रदेश के पहले टेबल टॉप हवाई पट्टी यानी पहाड़ों पर स्थित एयरपोर्ट से हवाई मार्ग की यात्रा करने का अवसर लोगों को मिलेगा। मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोभूमि में बने देवांगना एयरपोर्ट में मार्च के पहले हफ्ते या फिर पखवाडे से यात्री विमान उतरने व उड़ने शुरू हो जाएंगे। पहले एक एयरक्राफ्ट को ट्रायल के रूप में उड़ाया जाएगा। जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

# ताला खोलते समय छात्रा पर गिरा विद्यालय का गेट

हादसा

- औलियापुर की घटना, छात्रा के सिर पर आयी चोट

फतेहपुर,बाराबंकी

अमृत विचारः क्षेत्र के औलियापुर प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार सुबह बच्चे स्कूल खोलने गए थे। इस दौरान अचानक विद्यालय का गेट गिर जाने से छह वर्षीय बालिका नीचे दब कर घायल हो गई। घटना के बाद पहुंचे शिक्षक उसे फतेहपुर निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां उपचार के बाद बालिका को घर भेज दिया गया।

औलियापुर प्राथमिक विद्यालय में इसी गांव के सलीम की छह वर्षीया पुत्री नरगिस कक्षा दो की छात्रा है। स्कूल में हेडमास्टर रंजीता लखनऊ से आती-जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षामित्र द्वारा बच्चों को स्कूल खोलने के लिए चाबी दे दी जाती थी। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे छात्रा नरगिस व अन्य बच्चे गेट खोल रहे थे। अचानक गेट का एक हिस्सा बच्चों पर आ गिरा। इसमें दबकर नरगिस घायल हो गई। इस दौरान वहां पहुंची प्रिंसिपल रंजीता छात्रा को निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचीं। छात्रा के सिर में चोट आयी है। इस संबंध में प्रभारी एबीएसए राम नारायण ने बताया कि मामले की जांच हो रही है।

# 427 ग्राम स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : स्मैक तैयार कर आसपास के जनपदों में तस्करी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को देवा कोतवाली पुलिस की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 427 ग्राम स्मैक बरामद की गयी।

देवा के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय की टीम ने स्मैक तैयार कर आस-पास के जिलों में तस्करी करने वाले गिरोह के जैदपुर थाने के टिकरा उस्मा निवासी इकरार व मो. अंसार, कोठी थाने के चियारा मजरे सुहावा निवासी समर सिंह और सोनू को गिरफ्तार किया। इनके पास से 427 ग्राम स्मैक, एक कार व बाइक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अंसार स्मैक बनाता है।

# सुलह से होगा वादों का निस्तारण

बैठक

- नौ मार्च को किया जाएगा लोक अदालत का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचारः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मार्च जिला न्यायालय में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में न्यायाधीश दिनेश चन्द की अध्यक्षता में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन नवीन प्रशासनिक भवन में किया गया।

उन्होंने बताया कि 5 से 7 मार्च तक पिटी अफेन्स के वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संबंधित वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के माध्यम से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 9 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पिटीशन, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, फौजदारी के कम्पाउन्डेबल समेत विभिन्न वादों का सुलह के आधार पर किया जाएगा। बैठक में अनिल कुमार शुक्ल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।


अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते जिला जज दिनेश चंद्र।

## सार-संक्षेप

### खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं पर्व


शान्ति समिति की बैठक को संबोधित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगतसांई।

फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार : त्योहार हमारे लिये खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं। जिन्हे हमें सादगी के साथ मनाना चाहिये। अराजकतत्वों द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। जिससे समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। ये विचार शुक्रवार को फतेहपुर कोतवाली परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर. जगतसांई ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। इस दौरान सीओ जगतराम कनौजिया ने कहा कि आगामी शिवरात्रि, रमजान व होली शांति के साथ मनाएं। इस मौके पर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, कोतवाल डीके सिंह, डॉ. समर सिंह, मौलाना नजीब कासमी, निजामुद्दीन, बलराज यादव, रविन्द्र वर्मा, राहिल, डॉ. जमाल, शाकिर हसनी बहलीमी, यशवन्त सिंह आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : सीओ

मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार : आगामी त्योहारों को लेकर शुक्रवार को मसौली थाने में शांति समिति की बैठक सीओ आलोक पाठक की अध्यक्षता में हुई। सीओ ने कहा कि त्योहार खुशी व प्रेम के प्रतीक होते हैं। सभी को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने चाहिए। त्योहार पर कोई नई परंपरा न शुरू करें। होली पर निकलने वाले जुलूस में निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करे। शराब का सेवन कर हुडदंग करने वालों पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह, शमसाद अहमद, विभूति कुमार द्विवेदी, कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार, प्रधान रंजीत कुमार, नफीस अंसारी, मनोज कुमार, अनीस, सुरेन्द्र वर्मा, प्रेमनन्द वर्मा, नीरज कुमार, वसीम अंसारी, अफजाल, हाजी वसीम, श्रीकांत, विशाल द्विवेदी, राम सिंह, अली वारिस समेत कस्बे के संभ्रांतजन आदि मौजूद रहे।

### संघर्ष के बिना जीवन में नहीं मिलती सफलता

फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय तहसील में तैनात रजिस्ट्रार कानूनगो अयोध्या प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर तहसील सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर. जगतसांई ने कहा कि जीवन में संघर्ष करना पडता है। संघर्ष करने के साथ साथ अपने दायित्वों का जो निर्वहन करे उसे सफलता अवश्य मिलती है। अपने कार्य व्यवहार में अनुशासित रहकर कार्य करने वाला व्यक्ति कभी असफल नही होता है। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सेवानिवृत्त अयोध्या प्रसाद को अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी के साथ ही तहसील के समस्त कर्मचारियों ने पुष्प भेंटकर उनको विदाई दी। इस मौके पर तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, रामजी द्विवेदी, कानूनगो रेहान अहमद, सुख्मीलाल, बृज किशोर श्रीवास्तव, वेदराम आदि मौजूद थे।

### छात्र के अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : घर से कॉलेज गए छात्र के अपहरण और फिरौती की फोन कॉल आने पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन कॉलेज पहुंचे जहां पर छात्र को सकुशल देख राहत की सांस ली। उसके बाद थाने पहुंचकर परिजनों कॉल करने वाले पर कार्रवाई की मांग की। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र का है। यहां के दुल्लापुर गांव निवासी रामसरन का पौत्र सुभाष क्षेत्र के देवीगंज स्थित एक कॉलेज में आठवीं का छात्र है। रोज की तरह शुक्रवार की सुबह सुभाष घर से स्कूल गया था। उसके बाद घर के नंबर पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने सुभाष के अपहरण के साथ 20 हजार रुपये की फिरौती की मांग की। इसके बाद परिजन परेशान हो गए। अपहरण की खबर से मचे हड़कंप के बीच आनन-फानन परिजन कॉलेज पहुंचे। जहां पर सुभाष को सकुशल देखकर राहत की सांस ली।

### टेंट लगाते समय करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : शादी समारोह में टेंट लगाने का काम कर रहे एक मजदूर की शुक्रवार को करंट लगने से मौत हो गई। वहीं उसको बचाने दौड़ा दूसरा मजूदर झुलस गया। जिसका उपचार किया जा रहा है। मामला असन्द्रा थाना क्षेत्र के अहिरनपुरवा गांव का है। यहां पर मंसूर पुरवा गांव के शिवकेश के टेंट हाउस में काम करने वाले मजदूर सुसवाई निवासी मोतीलाल व पूरे अवस्थी निवासी गोली पहुंचे थे। जहां पर हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर दोनों मजदूर घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी बनीकोडर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मोतीलाल को मृत घोषित कर दिया।

# नदी में छोड़े गए घड़ियाल के 85 बच्चे

रामनगर,बाराबंकी

अमृत विचार : कुकरैल पुनर्वास केंद्र लखनऊ से घड़ियाल के 85 बच्चों को शनिवार को सरयू नदी में छोड़ा गया।


सरयू नदी में घड़ियाल के बच्चे छोड़ते वन विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

घड़ियालों का नाम आते ही कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र की गेरुआ नदी का जिक्र होता है लेकिन अब सरयू नदी में भी घड़ियालों की संख्या बढ़ाने में वन विभाग जुट गया है। घड़ियाल केंद्र प्रभारी निरीक्षक हिमांशु शेखर व वन उपनिरीक्षक बृजमोहन के द्वारा घड़ियालों को शुक्रवार को सरयू नदी के तट पर लाया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी फतेहपुर प्रमोद सिंह, इंस्पेक्टर अवनीश द्विवेदी, उप निरीक्षक तुषार कुमार, वीके जायसवाल की मौजूदगी में विशेष डिब्बों में बंद घड़ियालों को नदी में छोड़ने के लिए डिब्बा खोला गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि घाघरा नदी में घड़ियालों की संख्या में वृद्धि करने के साथ ही नदी के पानी को स्वच्छ रखने के लिए घड़ियाल के 85 बच्चे छोड़े गए हैं।

# आधा दर्जन दरोगा इधर से उधर

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार की रात आधा दर्जन सब इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इसमें सुबेहा थाने के एसएसआई पप्पू सिंह यादव को सफदरगंज, दरियाबाद थाने के एएसआई संतोष सिंह को एसएसआई सुबेहा, जहांगीराबाद थाने के दरोगा मनोज कुमार को मसौली थाने की त्रिलोकपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया।

इसी प्रकार सतरिख थाने के दरोगा चक्रपाल सिंह को जहांगीराबाद में तैनाती दी गयी है। कुर्सी थाने के दरोगा दीनानाथ को दरियाबाद और बड्डूपुर थाने के दरोगा संजय कुमार को असंद्रा थाने भेजा गया है।

# अंग्रेजी दवाएं लिखता मिला होम्योपैथ डॉक्टर

छापेमारी

- सुमन हॉस्पिटल की फार्मेसी से पांच लाख की दवाएं जब्त
- बिना लाइसेंस संचालित एक अन्य क्लीनिक को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : एसीएमओ और औषधि निरीक्षक ने शुक्रवार को सुमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में छापा मारा। यहां बिना पंजीकरण पैथोलॉजी संचालित पायी गयी। होम्योपैथ डॉ. मरीजों को एलोपैथ दवाएं लिखता मिला। टीम ने अस्पताल की फार्मेसी से पांच लाख की दवाएं जब्त कीं।

सुमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का संचालन शैलेंद्र वर्मा द्वारा किया जा रहा है। एसीएमओ डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि सुमन अस्पताल में खामियां मिलीं। होम्योपैथ डॉक्टर एलोपैथ दवाओं से मरीजों का इलाज करते मिला। हास्पिटल संचालक अस्पताल संचालन से संबंधित अभिलेख नहीं दिखा सका है। उसे एक दिन के अंदर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। एसीएमओ ने बताया कि इसके अलावा बड़ेल नहर पर संचालित रुबा क्लीनिक की भी जांच की गई। क्लीनिक का संचालन बिना लाइसेंस के किया जा रहा था। क्लीनिक को नोटिस जारी की गयी है।

व्यवस्था

## आठ ब्लॉकों के दो दर्जन पंचायत भवनों में होगा निर्माण, स्वीकृति के बाद मिला बजट, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

# 1.20 करोड़ से बनेंगे अतिरिक्त कक्ष, स्थापित होगी सीएससी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : ग्राम पंचायतों को विकसित करने के साथ-साथ अब तकनीकी से जोड़ने के लिए भी प्रयास जारी हैं। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना कर ग्रामीणों को योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है।

सीएससी की स्थापना के लिए पंचायत भवन में अलग से एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसी कड़ी में अब जिले के आठ विकास खंडों के 24 ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए पंचायतीराज विभाग को एक करोड़ 20 लाख रुपये की धनराशि मिली है। इसे संबंधित विभाग को आवंटित कर दिया गया है।



पंचायत भवन की सांकेतिक फोटो।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले शासन ने जिले के पंचायतीराज विभाग को चिह्नित दो दर्जन ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना को लेकर अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए 1.20 करोड़ रुपये का बजट बीते 23 फरवरी को भेज दिया है।

इस बजट से प्रत्येक कक्ष के निर्माण पर पांच लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी। वहीं कम्प्यूटर उपकरण, इंटरनेट, फर्नीचर आदि के लिए बजट की व्यवस्था दूसरे मद से कराई जाएगी। पंचायत भवनों में कॉमन सर्विस सेंटर शुरू होने से ग्रामीणों को योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन सहित कई अन्य जरूरी कार्य कराने के लिए ब्लॉक व शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा। बजट मिलने के बाद डीपीआरओ कार्यालय से पांच-पांच लाख रुपये की धनराशि संबंधित ग्राम पंचायतों को भेजी गयी है। मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में प्रभारी जिला पंचायतराज अधिकारी रामआसरे ने बताया कि शासन की ओर से बजट मिल गया है। संबंधित ग्राम पंचायतों को भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने को निर्देशित किया गया है।

### इन ग्राम पंचायतों में बनेंगे अतिरिक्त कक्ष

| ब्लॉक | ग्राम पंचायत |
| --- | --- |
| हैदरगढ़ | कमेला, रोहना मीरापुर, थलवारा, शरीफाबाद, उमरवल किरिसिया, चौबीसी, इस्लामपुर |
| रामनगर | अमोलीकला, त्रिलोकपुर, अनूपगंज, सआदतगंज |
| सिद्धौर | पड़रावां, टेड़वा और ढेड़िया |
| बनीकोडर | छंदलवल, सादुल्लापुर, किठूरी |
| निंदूरा | बहरौली, खिजना, दीनपनाह और बजगहनी |
| सिरौली गौसपुर | शहरी |
| दरियाबाद | कुशफर |
| फतेहपुर | मिठवारा |

# करंट की चपेट में आने से संविदाकर्मी झुलसा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : लालपुर गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलते समय करंट की चपेट मे आने से संविदा कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सीएचसी बनीकोडर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम लालूपुर में शटडाउन लेकर खराब ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य चल रहा था। इसी बीच लाइन को जोड़ दिया गया जिससे करंट की चपेट में आने से पोल पर चढ़कर काम कर रहा संविदा कर्मचारी राम सुमिरन (50) निवासी मोहद्दीपुर थाना सफदरजंग झुलसकर नीचे गिरकर घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन–बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म–नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें ,क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

## संपादकीय

# रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले पर भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा,कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं,बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके,उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए,जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# 'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया,बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए,ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्प्शन एॅक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ,दोनों नजर आए हैं,जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं,जो व्यक्तियों, परिवारों,उत्पादकों,स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र,व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल,मार्केटिंग प्रोफेशनल्स,बैंक,उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है,न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस,बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा,फिर कपड़ा,घर या झुग्गी, दूध,दवा,काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा,बिजली,पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है,प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त

समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी–फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस,बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं,परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं,अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती,भाव और जेब देखकर भी नहीं,बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं,लेकिन लोग भिंडी,शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है,जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है,क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते,बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर,कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग,सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी,सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला,आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी,प्याज,अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर,देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों,पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं,इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है,बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया,बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए,ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाईश नहीं होती। मसलन,फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है,क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी,ज्यादातर के पास लैपटॉप्स,कार,महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं,यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों,हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र,स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा,उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा,यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है,लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है,क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम,लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

## प्रसंगवश

# बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी,लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है,ये झगड़े आदि काल से हैं।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली'(लिंकन का विषाद)में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं,'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?' अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि,"सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं,किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका,दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है,ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं,किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे,क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

# भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं,बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं,कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैं: निरंतरता,परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती,'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं,अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी है: संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है,पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है,उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है ( सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं,जो उदार चरित्र का है,उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं,जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।

तुलसी ने यही कहा था,'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैं: जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है,जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले,वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध,विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए,वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था,'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं,'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं,'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं,'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं,उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है,पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए,यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

## सोशल फोरम

# खुला आसमान चुनौती तो लाता है

आप जहां फिट हैं,इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं,उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं,जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता,जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।



हफीज किदवई
लेखक

घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था,जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है,उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है,लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ,अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।


भाई,हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे,फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद,तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता,मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है,जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं,जहां हमारा आकार तो आ जाता है,मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा,शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है,पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य,अच्छी शिक्षा,अच्छा रोजगार,अच्छा वातावरण,अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए,विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है,वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने–बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है,उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है,साथ ही उपलब्ध जल,जंगल,जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना,संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव,कस्बों,शहरों,मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था,वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय,योजना बनाते समय,उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों,शहरों,राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है,पर कहीं कम और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।


भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए,विकसित राष्ट्र बनाने के लिए,श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है,वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं,परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं,महंगाई बढ़ रही है,रहन-सहन,खान-पान,शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन,देख-रेख,शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

# देह और आत्मा

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं,उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है,जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था,उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं,

आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है,जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत,सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है,उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनाम नुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है,जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत,सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।

## एक नजर

### आज रामलला का दर्शन करेगी गुजरात कैबिनेट

**अयोध्या, अमृत विचार** : रामलला के दर्शन-पूजन के लिए शनिवार को गुजरात कैबिनेट रामनगरी पहुंचेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेगा। जहां उनका स्वागत सरकार की तरफ से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ शैलेंद्र कोरी करेंगे। वहीं चार मार्च को मध्य प्रदेश की कैबिनेट भी रामनगरी पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेगी।

### घर में पंखे से लटका मिला युवती का शव

**मसौधा, अयोध्या** : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के महावां गाव में शुक्रवार को युवती का शव घर के अंदर छत के पंखे के सहारे लटका मिला। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि खुशी (22) पुत्री पुत्तीलाल का शव उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### उन्नाव में फर्जीवाड़ा मामले में सचिव किए गए निलंबित

**संवाददाता उन्नाव** : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुये फर्जीवाड़ा के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। मामले में शादीशुदा जोड़े का विवाह कराने के मामले में सचिव रजनीश यादव को निलंबित कर दिया गया है। जांच के लिए ग्राम विकास अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी को नामित किया गया है। आरोप है कि सचिव ने जांच के बाद भी अपात्र जोड़े को पात्र बनाकर सामूहिक विवाह कराया था। बता दें कि बीघापुर ब्लाक परिसर में बीती 17 फरवरी को सुमेरपुर क्षेत्र के गांव जगतपुर निवासी विवाहित जोड़े का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपये नकद व 10 हजार के सामान के लालच में दोबारा कराया गया था।

# गोंडा सीट पर 25 साल तक रहा बाहर के लोगों का दबदबा

## वर्ष 1971 में गोंडा के छत्रपों का हुआ प्रवेश, अब उठ रही मांग जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी ही भागीदारी

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के समीप आते-आते कई समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। लेकिन इतिहास के आइने में गोंडा लोकसभा सीट पर शुरुआती दौर से लेकर अब तक 25 साल तक जिले के बाहर के प्रत्याशी मैदान मार चुके हैं। 1971 में जब गोंडा के रहने वाले छत्रप के हाथ में सीट आई तब से लड़ाई अधिकांश चुनाव में दो छत्रपों के बीच ही रही। अब मांग उठ रही है कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उतनी उसकी भागीदारी होनी चाहिए।

1952 से लेकर 2024 तक राजनीति के कई परिदृश्य बदले। करिश्माई नेताओं की इंट्री हुई और समीकरण बदल गए। कांग्रेस को हिंदू महासभा और जनसंघ से टक्कर मिलती रही लेकिन अधिकांश समय तक कांग्रेस के हाथ में सीट रही। वर्ष 1952 में हुए पहले चुनाव में हिंदू महासभा से शकुंतला नायर चुनाव जीतीं। इसके बाद 1957 में कांग्रेस से दिनेश प्रताप सिंह, कानपुर के रहने वाले रामरतन गुप्ता 1962 में कांगेस से सांसद बने। 1967 में एक बार कांग्रेस के टिकट पर सुचेता कृपलानी को मैदान में उतारा गया और वह जीत गईं। इसके पहले 1964 में स्वतंत्र पार्टी से एन दांडेकर चुनाव जीते। लगातार जिले के बाहर के लोगों को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। वर्ष 1971 में गोंडा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने मनकापुर राज घराने के कुंवर आनंद सिंह को मैदान में उतारा और पहले जिले के वासी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। मूलतः सुल्तानपुर के रहने वाले सत्यदेव सिंह जनता पार्टी से 1977 में गोंडा आए और चुनाव जीतने के बाद वह यहीं बस गए। लेकिन 1980 में इस सीट पर आनंद सिंह पुनः जीतने में कामयाब रहे और वह 1989 तक लगातार कांग्रेस से सांसद चुने जाते रहे। लेकिन 1991 में परिदृश्य बदला और राममंदिर की लहर ने राजघराने के किले को भेदकर बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से विजई हुए। लेकिन इसी बीच उनके ऊपर आरोप लगे और भाजपा ने बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह को 1996 में मैदान में उतार दिया और वह जीतने में कामयाब रहीं। 1999 में कुंवर आनंद सिंह के बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति संभाली और पिता की कसौटी पर खरा उतरे और समाजवादी पार्टी के टिकट पर सांसद बने। लेकिन 2001 में बृजभूषण शरण सिंह एक बार फिर बीजेपी का भगवाध्वज लहराने में कामयाब रहे। 2005 में बृजभूषण शरण सिंह को बलरामपुर भेज दिया गया और भाजपा से घनश्याम शुक्ला को मैदान में उतारा गया। लेकिन मतदान के दिन ही शाम को घनश्याम शुक्ला की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। लेकिन समाजवादी पार्टी से कीर्तिवर्धन सिंह विजई हो गए। कैसरगंज सीट से कई बार रहनुमाई कर चुके सपा नेता बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस में चले गए और 2009 में उन्होंने गोंडा सीट को चुना। इसमें वह जीतने में कामयाब रहे। बेनी प्रसाद वर्मा भी गोंडा जिले के बाहर के थे। उधर 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी पाला बदल लिया और समाजवादी पार्टी से बेनी की जगह कैसरगंज से मैदान में आ गए और वह वहां से भी चुनाव जीत गए। 2014 में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा में शामिल हो गए। इसका खामियाजा उनके पिता को उठाना पड़ा। वह प्रदेश की सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद 2019 में कीर्तिवर्धन सिंह पुनः भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत गए।

### परिसीमन के बाद 2009 में बदल गया क्षेत्रीय परिदृश्य

2009 के पहले गोंडा लोकसभा में करनैलगंज, कटरा बाजार, गोंडा सदर, मुजेहना, मनकापुर और सादुल्लानगर विधानसभा के क्षेत्र समाहित थे। लेकिन 2009 में गोंडा लोकसभा में कटरा बाजार, करनैलगंज व बस्ती लोकसभा क्षेत्र में शामिल डिक्सिर (अब तरबगंज) को कैसरगंज लोकसभा में जोड़ दिया गया। वहीं गोंडा लोकसभा में उतरौला और सादुल्लानगर (अब गौरा) को गोंडा में समाहित कर दिया गया। गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 19 प्रतिशत ब्राह्मण मतदाता हैं। लेकिन 1952 से लेकर उनकी रहनुमाई नहीं हो पाई। ब्राह्मण नेता संजय पाठक, राजेश तिवारी सहित अन्य नेताओं का कहना है कि गोंडा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों को भी मौका मिलना चाहिए। 90 के दशक में जातीय समीकरण चलाने वाले अभियानों का हवाला देते हैं। इनका कहना है कि समाज में जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी ही भागीदारी होनी चाहिए। मांग अपनी जगह पर है पर 1952 से लेकर 2024 तक कई समीकरण व आंकलन बदले हैं। मौजूदा समय कांग्रेस अगर हांसिए पर दिख रही है तो सपा के साथ गठबंधन कर उसे जरूर खुशी मिल रही है। बसपा से अभी तक किसी लड़ने वाले का चेहरा सामने नहीं आया है जबकि सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा उधेड़बुन में लगी है। एक सप्ताह में भाजपा भी उम्मीदवार घोषित कर देगी।

# शहर ही नहीं, गांव भी हों स्मार्ट

## नितिन गडकरी ने रायबरेली को 4100 करोड़ की आठ परियोजनाओं की दी सौगात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार** : केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को रायबरेली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 41 सौ करोड़ की आठ बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मोदी सरकार से पहले 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई 7643 किमी थी, लेकिन अब यह लम्बाई 13 हजार किलोमीटर की हो गई है। गडकरी ने कहा कि देश का पहला एक्सप्रेस-वे उन्होने मुंबई और पूना के मध्य बनवाया था। इस बात की



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी।

जानकारी जब देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी को हुई तो उन्होंने कहा कि शहरों में तो अच्छे रोड है, लेकिन हिंदुस्तान की आबादी गांवों में रहती है और गांव के लोगों के लिए अच्छी सड़कें तक नहीं है। इस काम के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली थी और मैंने मंथन कर छह माह के अंदर अपनी रिपोर्ट दी थी। 15 दिनों के भीतर देश के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने प्रस्ताव पास किया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, स्मार्ट विलेज भी होने चाहिए। गांव समृद्ध होंगे तो युवा बाहर पलायन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश का किसान अब ऊर्जा पैदा करेगा। इससे पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जिले को मिली सौगात से चमक बढ़ेगी। गडकरी ने जौनपुर में बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में 10 हजार करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए जोर देकर कहा कि स्मार्ट शहर की तर्ज पर स्मार्ट गांव भी बनाये जाने चाहिए। गडकरी ने कहा कि किसान कर्ज मुक्त होना चाहिए।

### 400 एथेनाल पंप होंगे शुरू

नितिन गडकरी ने कहा इंडियन आयल देश में 400 एथेनाल पम्प शुरू करेगा। देश का किसान अब अन्नदाता नहीं, ऊर्जादाता बन गया है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने जौनपुर जिले में बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में भी 19 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

# काशी और मथुरा में बनेगा भव्य मंदिर : उमा भारती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है। अब काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण का इंतजार भी जल्द खत्म होगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी उमा भारती ने कहीं।

वे शुक्रवार को यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। उन्होंने रामजन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी व कनक भवन में भी दर्शन किया। काशी और मथुरा के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी सुनवाई कोर्ट में है। मेरी आस्था मेरे दिल में है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभाई है। विपक्ष का काम आलोचना करना ही नहीं बल्कि देश के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी होती है। विपक्ष को जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे, उसे नहीं उठाया। उन पर बोलना अपना अपमान समझते थे। इसलिए अब वोट उन लोगों के खिलाफ पड़ना है।



रामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन कर लौटतीं उमा भारती का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# रजिस्ट्रार व शाखा प्रबंधकों समेत सात पर दर्ज हो केस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : पीएनबी के शाखा प्रबंधक गोसाईगंज, नपं के रजिस्ट्रार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक और हेड कैशियर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश हुआ है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अतुल पाल की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता केके सिंह ने बताया कि अरविंद उपाध्याय निवासी कटरा थाना गोसाईगंज के पिता राम यश उपाध्याय व्यवसाय करते थे। माता-पिता के नाम से संयुक्त खाता पंजाब नेशनल

▸▸ **बैंक से 30 लाख रुपये निकाल लेने का मामला**

बैंक शाखा गोसाईगंज व सेंट्रल बैंक शाखा गोसाईगंज में खोला गया। राम यश उपाध्याय की मृत्यु हो जाने के बाद खातों का संचालन उनकी पत्नी के द्वारा किया जाता था। सेंट्रल बैंक में माता-पिता के द्वारा अरविंद उपाध्याय को नॉमिनी नियुक्त किया गया था। अरविंद के भाई प्रवीण उपाध्याय, बहन वंदना उपाध्याय द्वारा शाखा गोसाईगंज के प्रबंधक और हेड कैशियर तथा सेंट्रल बैंक के प्रबंधक और हेड कैशियर की मिली भगत से 30 लाख रुपये 14 मार्च 2022 को वंदना के खाते में ट्रांसफर करा लिए।

# भारत-नेपाल एकता का आधार है संस्कृति

## अतीत से वर्तमान तक विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार शुरू

गोरखपुर

**अमृत विचार।** भारत और नेपाल की एकता का मूल आधार दोनों देशों की साझा अध्यात्म-संस्कृति है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, महात्मा बुद्ध और शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ भारत-नेपाल एकता के मूल सूत्र हैं। यह बातें नेपाल के पूर्व गृह राज्यमंत्री देवेंद्र राज कंडेल ने कही।

शुक्रवार को वह महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।



अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद भारत और नेपाल के प्रतिनिधि। अमृत विचार

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस सेमिनार में कंडेल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और धर्म के लिए राजनीति छोड़ने भी पड़े तो छोड़ देना चाहिए। 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में बने भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई तो उसे नेपाल में भी पर्व के रूप में मनाया गया।

श्रीराम व सीता के चलते भारत नेपाल के आवागमन की परंपरा आज तक चली आ रही है। आज भी बिना पासपोर्ट और वीजा के लोग भारत और नेपाल की सीमाओं को पार करते हैं। यह हमारे आपसी मजबूत संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने नेपाल पर गुरु गोरखनाथ के प्रभाव की चर्चा करते हुए बताया कि नाथ संप्रदाय के नेपाल में जगह-जगह मंदिर है।

## सार-संक्षेप

### रामलला के गर्भगृह में पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल



वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट (लाल घेरे में पक्षी)।

**अयोध्या कार्यालय** : रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर इसके वायरल होते ही लोग इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। परिक्रमा कर रहे पक्षी को लोग गरुण देव बता वायरल कर रहे हैं। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद कई ऐसे दृश्य सामने आ रहे हैं, जिसे देख लोग आश्चर्य मानने के साथ ही उसे वायरल भी कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले हनुमान जी के स्वरूप माने जाने वाले बंदर के रामलला के दर्शन का वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने खुद वायरल किया था। अब इस पक्षी के वीडियो ने तहलका मचा दिया है। वीडियो में परिक्रमा के बाद पक्षी रामलला के मुकुट पर जाकर बैठता भी दिखाई दे रहा है। रामलला के सहायक पुजारी संतोष कुमार ने बताया कि यह पक्षी स्वत: गर्भगृह में आ गया था। सीआरपीएफ के जवानों ने इसे बाहर करने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

### पत्नी की हत्या करने वाले को उम्रकैद

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव** : फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत दहेज की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा पत्नी की हत्याकर शव नहर में फेंकने के केस की सुनवाई पूरी होने के बाद एफटीसी कोर्ट ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर जुर्माना भी लगाया। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के निवहरी कल्यानपुर गांव निवासी बालेंद्र सिंह पुत्र रामपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसने अपनी बेटी की शादी फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सुक्खा खेड़ा मतलबपुर गांव निवासी नरेंद्र सिंह से 10 फरवरी-2019 को की थी। दहेज देने के बाद भी दामाद पांच लाख रुपये की मांग कर रहा था। इसके लिए वह बेटी को आएदिन प्रताड़ित करता था। उसने बताया कि 7 मई-2020 को बेटी की चचेरी ननद शालिनी ने उसे बेटी के साथ पति द्वारा मारपीट की जानकारी दी।

### छेड़छाड़ का आरोप लगा कर महिला बनी 'वीरू'

**संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव** : फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत क्षेत्र में बनी कान्हा गोशाला में भूसा आपूर्ति करने वाले युवक की पत्नी ने नगर पंचायत के एक अफसर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। अफसर पर कारवाई की मांग को लेकर महिला पानी की टंकी पर चढ़ गई थी। पुलिस को दिये शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि उसके पति गोशाला में देखरेख का कार्य करने के साथ भूसा आपूर्ति करने का काम करते हैं। अधिक कमीशन की मांग न पूरी करने के कारण बीते कई महीनों से उनका भुगतान नहीं किया गया है। जिसकी जानकारी लेने को वह नगर पंचायत कार्यालय पहुंची थी। पीड़िता का आरोप है कि रात करीब 8 बजे कार्यालय के अफसर ने उसे जान बूझकर अपने कमरे में बुलाया। आरोप है कि अफसर ने अर्धनग्न अवस्था में उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर रौब दिखाते हुए उसका घर गिरवाने की धमकी भी दी। साथ ही उसे रुपये का लालच भी दिया। घटना ने आहत महिला आत्महत्या के इरादे से पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिसकी सूचना पर पुलिस पहुंची और आश्वासन देकर उसे नीचे उतारा।

### युवाओं के हाथ में देश का भविष्य: दिनेश शर्मा



कार्यक्रम की शुरुआत करते पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा। अमृत विचार

**संवाददाता, चौबेपुर** : युवा देश का भविष्य है। उनके द्वारा किए गए मतदान से देश की दिशा व दशा बदलेगी। नए मतदाताओं को चाहिए कि वह आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। यह बातें शुक्रवार को अमिलिहा गांव के पं आरके शुक्ला कॉलेज ऑफ लॉ में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यसभा सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नमो ऐप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। नमो नव मतदाता सम्मेलन में दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। अच्छी शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे युवा ही देश की दिशा व दशा तय करते हैं।

# इरफान मामले में 14 को आ सकता फैसला

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर:** सपा विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में बहस पूरी हो गई है।

अब मामले में 14 मार्च को फैसला आ सकता है। बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद शुक्रवार को अभियोजन ने जवाब दाखिल किया। अभियोजन पक्ष से 18 गवाह पेश किए गए। आगजनी कांड में सपा विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान, शौकत अली, इजरायल आटेवाला समेत पांच आरोपी हैं।

# बिल्हौर और चौबेपुर में गंगा घाटों से हो रहा बालू खनन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** भाजपा विधायक मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा ने बिल्हौर विस क्षेत्र के गंगा घाट पर अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक से शिकायत की है। उन्होंने एमएम 11 दिए बगैर बालू की निकासी कराने, सरकार को राजस्व नुकसान और बालू का भंडारण कराने का आरोप लगाया है।

विधायक ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विधानसभा बिल्हौर के तरीपाठकपुर गांव, विकास खंड चौबेपुर में बालू घाट संचालित है। बालू घाट का पट्टा गोमतीनगर, लखनऊ निवासी अंकित सचान के नाम पर है। पट्टा धारक अंकित बालू खनन के लिए निर्धारित गाटा सहित अन्य गाटों और नियम विरुद्ध खनन करा रहे है। बीती जुलाई माह में खनन बंद होने के बाद भी बालू खनन किया जा रहा है। अलग-अलग गाटों में अवैध खनन करके प्रदेश सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। पट्टा धारक ने बारिश में गंगा की गाद का समतलीकरण होने का भी लाभ उठाया है। इसके अलावा पट्टाधारक बालू का भंडारण भी समीप में ही करा रहे हैं।

# कारों पर स्टंट में चार युवक गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर:** चमनगंज थानाक्षेत्र में गेट खोलकर कार को लहराते हुए दौड़ाने का स्टंट कर दहशत फैलाना चार युवकों को भारी पड़ गया। गश्त कर रही पुलिस ने इन युवकों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकले। इसके बाद अफसरों के निर्देश पर बनाई गई चार थानाक्षेत्रों की टीमों ने चार युवकों के साथ स्टंट में इस्तेमाल की गई पांच कारें बरामद कर लीं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश करके सभी को जेल भेज दिया। डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने बताया कि 28 फरवरी को चार कार चालक अपनी-अपनी कारों के गेट पर लटककर कार लहराते हुए स्टंट कर दहशत फैला रहे थे।

# कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं दर्ज की गई रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के सहारे एक लाख 59 हजार रुपये हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न करना थाना तारून पुलिस को महंगा पड़ गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बलराम दास ने पीड़ित पक्ष की अर्जी को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष से आख्या तलब किया है। अगली तिथि 5 मार्च को नियत किया गया है। वादी मुस्ताक अहमद के अधिवक्ता मोहम्मद अहसान ने अदालत में आवेदन दिया था। प्रार्थना पत्र में

▸▸ **विदेश भेजने के नाम पर एक लाख 59 हजार ठगी का मामला**

कहा है कि न्यायालय के द्वारा 25 जनवरी को थाना तारुन की पुलिस को मामले में 7 दिन के अंदर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। आरोप है कि आगागंज निवासी मुस्ताक अहमद ने पासपोर्ट बनवाया था। इसी बीच उसका संपर्क पंकज निषाद अंबेडकर नगर से हुआ और पंकज निषाद घर आया और कहने लगा कि यदि तुम्हें विदेश जाना हो तो मेरी बुआ के लड़के पंकज कुमार उर्फ गोलू निवासी आजमगढ़ लोगों को विदेश भिजवाता है तुम्हारा संपर्क उससे करवा दूंगा।

# पुरानी बीमारी है पेपर लीक कराना ठीक किया जा रहा है : सांसद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** पेपर लीक कराने की बीमारी बहुत पुरानी है। पिछली सरकारों में पेपर लीक होते थे। धीरे-धीरे पुरानी आदतों को सुधारा जा रहा है। योगी सरकार इस मामले में गंभीर है। धरने पर बैठने वाले किसान नहीं हैं। यह बातें उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने कहीं। अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहने वाले उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज शुक्रवार को कृषि विभाग व नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में कृषि सूचना तल के सुदृढ़ीकरण योजनांतर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन के तीन दिवसीय विराट किसान मेला प्रदर्शनी व नाबार्ड शरद मेला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।

वहां पत्रकारों के पेपर लीक मामले के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये बीमारी बहुत पुरानी है। पिछली सरकारों में इसी प्रकार से पेपर लीक होते थे। नकल माफिया नकल कराकर पैसा कमाते थे। इतनी पुरानी आदत को धीरे-धीरे सही किया जा रहा है। इसे लेकर योगी सरकार गंभीर है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# उन्नाव में कार ने चार कांवड़ियों को रौंदा, एक की गयी जान

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत पक्षी विहार के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से जलाभिषेक को जा रहे चार कांवड़िए घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची सभी को सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने एक कांवड़िये को मृत घोषित कर दिया। जबकि, तीन का इलाज चल रहा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव इकघरा सिकंदरपुर निवासी 35 कांवड़ियों का जत्था लोधेश्वर (बाराबंकी) में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिये गुरुवार शाम



संतोष कुमार।

- **पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

गांव से निकला था। वहां से सभी जाजमऊ स्थित गंगातट पहुंचे। जहां स्नान के बाद गंगाजल लेकर सभी लोधेश्वर महादेव मंदिर जा रहे थे। अजगैन कोतवाली अंतर्गत पक्षी विहार के सामने हाईवे पर देररात एक बजे अनियंत्रित कार ने जत्थे में चल रहे दिव्यांग मनीष पुत्र श्याम कुमार निवासी गौरी सलोनेपुर हसनगंज कोतवाली, संतोष (45) पुत्र कल्लू निवासी इकघरा सिकंदरपुर कोतवाली अजगैन, अनीश पुत्र बबलू व धनलाल पुत्र मन्नू को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। जहां डाक्टर ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अन्य तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी में इलाज न होने पर कांवड़ियों ने जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने किसी हंगामे से बचने के लिये रात में ही शव को मोर्चरी भेज दिया।

# थानाध्यक्ष समेत नौ लोगों को नोटिस

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर:** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अहदा गांव में मानवाधिकारों का उल्लंघन, मारपीट, हमला और जबरदस्ती भूमि कब्जा करने के मामले में मानवाधिकार की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष समेत नौ लोगों पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। अहदा निवासी ओमप्रकाश यादव ने अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव के जरिए शुक्रवार को विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बीती 19 जनवरी को गांव के लक्ष्मीकांत पांडेय परिवार के आठ सदस्यों के साथ जबरदस्ती भूमि पर कब्जा करने लगे।

## एक नजर

### सफाई के दौरान दम घुटने से तीन लोगों की मौत

हैदराबाद : तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार को एक सीवर के मेनहोल की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शहर के कुलसुमपुरा में मैनहोल में प्रवेश करने वाला 40 वर्षीय एक कर्मचारी गिर गया और उसे बचाने की कोशिश करने वाले दो अन्य लोग भी बेहोश हो गए। पुलिस ने बताया कि तीन मजदूरों में से एक को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसने बताया कि इसके बाद ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आपदा प्रतिक्रिया बल (डीआरएफ) के कर्मियों ने दो अन्य श्रमिकों के शव बरामद किए।

### सीतारमण ने 1,000 करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं

नयी दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सात बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कीं। सीतारमण ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं को बिना किसी देरी के पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों।

### भाजपा बीजद के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी: सामल

भुवनेश्वर : भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी राज्य में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए बीजू जनता दल (बीजद) सहित किसी भी राजनीतिक दल के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। राष्ट्रीय राजधानी से लौटने के बाद सामल ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ओडिशा की सभी 21 लोकसभा सीट और 147 विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# 39,125 करोड़ के रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर

## समझौतों में मिग-29 जेट के लिए ब्रह्मोस मिसाइलों, रडार, हथियार प्रणालियों और हवाई-इंजन की खरीद भी शामिल

एजेंसी, नयी दिल्ली

भारत ने सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच प्रमुख रक्षा अधिग्रहण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

इन समझौतों में मिग-29 जेट के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, रडार, हथियार प्रणालियों और हवाई-इंजन की खरीद भी शामिल है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत के काफी समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच यह व्यापक खरीद समझौते किए गए हैं और इन्हें घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीति के व्यापक ढांचे के तहत लागू किया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंधों का आदान-प्रदान किया गया। इसमें कहा गया कि ये सौदे रक्षा बलों की स्वदेशी क्षमताओं को और सुदृढ़ बनाएंगे, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भविष्य में विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी। ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग अनुबंध किए गए। पहला समझौता 19,518.65 करोड़ रुपये की लागत से बीएपीएल से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय नौसेना की लड़ाकू और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। दूसरा अनुबंध 988 करोड़ रुपये की लागत से बीएपीएल से जहाज द्वारा संचालित ब्रह्मोस प्रणाली की खरीद के लिए है। यह प्रणाली विभिन्न अग्रिम मोर्चे के युद्धपोतों पर लगाए जाएंगे और हमले के लिए भारतीय नौसेना का प्राथमिक हथियार होगा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद अधिकारियों को दस्तावेज सौंपते हुए। :एजेंसी

▸▸ ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग अनुबंध किए गए

मंत्रालय ने कहा कि यह प्रणाली सुपरसोनिक गति पर सटीकता के साथ विस्तारित रेंज से भूमि या समुद्री लक्ष्यों पर प्रहार करने में सक्षम है। मिग-29 विमानों के लिए आरडी-33 हवाई इंजन के वास्ते एचएएल) के साथ 5,249.72 करोड़ रुपये की लागत का अनुबंध किया गया है। इन एयरोइंजनों का उत्पादन एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। इन इंजनों से पुराने हो रहे मिग-29 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए वायु सेना की आवश्यकताएं पूरा होने की उम्मीद है।

# समाज के लिए उच्च मानक स्थापित करें संघ कार्यकर्ता

एजेंसी, पटना

▸▸ संघ प्रमुख ने पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को संगठन के कार्यकर्ताओं से समाज के लिए उच्च मानक स्थापित करने का आग्रह किया।

भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन पर जोर दिया, जो पांच मूल तत्वों पर आधारित सामाजिक परिवर्तन का दृष्टिकोण है। सरसंघचालक ने कहा कि आरएसएस कार्यकर्ताओं को सामाजिक समरसता और कुटुंब भाव की भावना को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को अपने जीवन में सामाजिक सद्भाव और पूरे समाज को अपने परिवार के रूप में देखने की भावना का प्रदर्शन करना चाहिए। भागवत ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के महत्व पर भी जोर दिया और स्वयंसेवकों से प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने और दूसरों को इसके उपयोग से रोकने के लिए कहा। उन्होंने आरएसएस कार्यकर्ताओं से पेड़ लगाने और उनकी रक्षा करने तथा पानी की बर्बादी के खिलाफ जागरुकता पैदा करने के लिए भी कहा।

# बलात्कारियों को नपुंसक बनाने का लाया जाए कानून

एजेंसी, ग्वालियर

▸▸ कांग्रेस की महिला नेता अलका लंबा ने उठाई मांग

कांग्रेस की महिला शाखा की प्रमुख अलका लांबा ने शुक्रवार को बलात्कारियों को नपुंसक बनाने वाले कानून की वकालत की। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि महिलाओं, विशेषकर लड़कियों के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं और ये अनियंत्रित हो रहे हैं क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े नेता, मंत्री और सांसद इनमें शामिल हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें उन्हें बचा रही हैं। इन सरकारों को दो से तीन महीने में नाबालिग पीड़ितों से जुड़े बलात्कार के मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक और विशेष अदालतें स्थापित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोषियों को फांसी दी जानी चाहिए। उन्हें नपुंसक बनाने के लिए एक कानून बनाया जाना चाहिए। जब तक अपराधियों में भय पैदा नहीं होगा, अपराध होते रहेंगे। कांग्रेस बलात्कार पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करेगी, जबकि भाजपा महिलाओं के लिए घड़ियाली आंसू बहाती है।

# बिहार को पुलिस राज्य बनाना चाहता है राजग : भट्टाचार्य

**पटना :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शुक्रवार को दावा किया कि एक दिन पहले विधानसभा में पारित किये गए कठोरतम अपराध नियंत्रण विधानों को लागू कर बिहार को एक पुलिस राज्य में तब्दील कर दिया जाएगा। भट्टाचार्य ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक और जन सुरक्षा प्रवर्तन विधेयक का लक्ष्य पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के बुलडोजर न्याय मॉडल का अनुकरण करना है। हम बिहार पर बुलडोजर न्याय मॉडल थोपने के खिलाफ हैं।

# यूपी में दलित विरोधी अपराधों में वृद्धि हुई

एजेंसी, नयी दिल्ली



▸▸ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक दलित किशोर की हत्या की घटना को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में दलितों के खिलाफ अपराध के मामले बढ़ गए हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि योगी सरकार के जंगल राज में उत्तर प्रदेश अराजकता और दलितों के ख़िलाफ़ नफ़रत से भरे अपराधों का गढ़ बन गया है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को रामपुर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास करने पर सुमेश नामक एक 17-वर्षीय दलित किशोर की हत्या कर दी गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर गुज़रते दिन के साथ अराजकता और नफ़रत से भरे नये-नये और भयावह मामले सामने आ रहे हैं। इन अपराधों के प्रति प्रशासन की निष्क्रियता और जवाबदेही तय न होना, इस डबल-अन्याय सरकार के असली, दलित-विरोधी चेहरे को दिखाता है।

उन्होंने दावा किया कि इस अन्याय-काल में भाजपा का एक ही नारा है- सबका शोषण, सबका उत्पीड़न! कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस, भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार के घृणित कृत्य की कड़ी निंदा करती है, जिसने अपने राज्य पुलिस बल को रामपुर उत्तर प्रदेश के सिलाइबारा गांव में एक पार्क में बाबासाहेब अम्बेडकर के बोर्ड की स्थापना करने के बीच दलितों पर गोलियां चलाने की अनुमति दी। उन्होंने दावा किया कि 17-वर्षीय दलित युवक सुमेश की पुलिस द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। कहा कि हम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से इस मामले में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की मांग करते हैं।

# बैंक घोटाले से जुड़े अजीत पवार के मामले को बंद करना चाहती है पुलिस

मुंबई : पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक में 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित एक मामले को शुक्रवार को बंद करने की मांग की। इस मामले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी आरोपियों में शामिल हैं। विशेष लोक अभियोजक राजा ठाकरे ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ इस कथित घोटाले से जुड़े मामलों के विशेष न्यायाधीश आर एन रोकाडे के समक्ष एक 'सी सारांश' रिपोर्ट दायर की। अदालत इस मामले पर 15 मार्च को सुनवाई करेगा। अदालत अब यह तय करेगी कि रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं।

# प. बंगाल पहुंचीं केंद्रीय बलों की 100 कंपनियां

एजेंसी, कोलकाता

▸▸ 7 मार्च तक 50 और कंपनिंया पहुंचेंगी पश्चिम बंगाल

निर्वाचन आयोग एक एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कम से कम 100 कंपनी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंची। उन्होंने बताया कि 50 और कंपनी के राज्य में सात मार्च तक पहुंचने की संभावना है।

अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सात मार्च तक अन्य 50 कंपनियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शहर में सीएपीएफ की दस कंपनी तैनात की जाएंगी। उत्तर 24 परगना जिले में 21 और दक्षिण 24 परगना में नौ कंपनी तैनात की जा रही हैं। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों की आठ कंपनी नादिया जिले में तैनात की जाएंगी जबकि नौ कंपनी हावड़ा और हुगली जिलों में तैनात की जाएंगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा होने के बाद और केंद्रीय बल राज्य में आएंगे। एक कंपनी में औसतन 100 जवान होते हैं।





हिमाचल प्रदेश के मनाली में स्थित अटल सुरंग के दक्षिणी द्वार पर बर्फबारी का आनंद लेते पर्यटक। :एजेंसी

# शांति होने पर ही हो सकता है विकास : मुर्मू

एजेंसी, कटक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विकास तभी हो सकता है जब शांति का माहौल हो, और कई धार्मिक संस्थान देश में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करने के लिए काम कर रहे हैं।

मुर्मू यहां जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में ब्रह्म कुमारी के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुईं और कहा कि हम असली खुशी तभी हासिल कर सकते हैं जब हम अपनी भौतिक इच्छाओं को सीमित कर दें। उन्होंने कहा कि विकास तभी हो सकता है जब शांति मौजूद हो...ब्रह्म कुमारी लोगों को उनके जीवन के उद्देश्य का एहसास कराने का प्रयास कर रही हैं और उन्हें शांति और सद्भाव के साथ जीवन जीने में मदद कर रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रह्म कुमारी अहिंसा, भाईचारा और सहिष्णुता के भारतीय मूल्यों का भी देश-विदेश में प्रसार कर रही हैं। मुर्मू 28 फरवरी से राज्य के चार दिवसीय दौरे पर हैं।



ओडिशा के कटक में शुक्रवार को ब्रह्म कुमारी के स्वर्ण जयंती समारोह का दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरुआत करतीं राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू। :एजेंसी

## उत्तराखंड

# बनभूलपुरा हिंसा में शामिल 5 महिलाएं हुईं गिरफ्तार



बनभूलपुरा हिंसा में गिरफ्तार महिलाएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा में पुलिस ने उपद्रव में शामिल महिलाओं की पहली बार गिरफ्तारी की है। पुलिस ने पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी कैंप कार्यालय में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने गिरफ्तारियों का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार बनभूलपुरा हिंसा में शुरू से ही महिलाओं के शामिल होने के भी सबूत मिल रहे थे। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने महिलाओं से भी पूछताछ जारी रखी। इस बीच पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करती रही। शुक्रवार को पुलिस ने हिंसा में शामिल पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पास पूरे सबूत हैं कि आठ फरवरी को हिंसा के दौरान इन महिलाओं ने भी हिंसा, आगजनी, वाहनों को नुकसान पहुंचाने से लेकर हत्या करने का प्रयास तक किया। इस मामले में अभी और भी महिलाओं की गिरफ्तारी हो सकती है, पूछताछ जारी है। पुलिस ने अभी तक इन पांच महिलाओं समेत 89 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नामजद सभी आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में हैं।

### 25 से 50 साल तक की महिलाएं शामिल

हिंसा करने में 25 से 50 साल तक की महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने इन महिलाओं पर 147, 148, 159, 307, 332, 353, 335, 427 और 3/4 की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बेस अस्पताल में सभी महिलाओं का मेडिकल कराने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### गिरफ्तार महिलाएं

- शहनाज पत्नी स्व. जमील अहमद (45) निवासी बनभूलपुरा देखरेख चौकी से तीसरी बंद गली।
- सोनी पत्नी नाजिम मिकरानी (33) निवासी मलिक का बगीचा।
- शमशीर पुत्री स्व. जमील अहमद (25) निवासी तीसरी गली मलिक का बगीचा।
- सलमा पत्नी नफीस अहमद (50) निवासी बनभूलपुरा देखरेख चौकी के पास मलिक का बगीचा।
- रेशमा पत्नी मो. यामीन (45) निवासी इन्द्रानगर मोहम्मदी मस्जिद के सामने।

बनभूलपुरा हिंसा में शामिल पांच महिलाओं को पकड़ा गया है। हमारे पास पूरे साक्ष्य मौजूद हैं कि इन महिलाओं ने उपद्रव के दिन हिंसा करने में भाग लिया था। –प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी, नैनीताल

# घर के बाहर से युवती को उठा ले गया गुलदार

**नैनीताल।** पंगोट के बगड़ तल्ला तोक तोला निवासी गोधन सिंह महरा की 22 वर्षीय पुत्री सुमन महरा पर घर के बाहर शुक्रवार शाम करीब 5:20 बजे एक गुलदार ने हमला कर दिया।

अचानक आया गुलदार युवती को घसीटता हुआ जंगल की ओर ले गया। युवती के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब तक परिजन बाहर आए तब तक गुलदार उसे वहां से जंगल की ओर ले जा चुका था। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में युवती की खोजबीन शुरू कर दी। रात 10 बजे तक वन टीम व ग्रामीणों ने करीब 5 से 7 किमी में सघन अभियान चलाया। लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चला। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में खून के धब्बे और कपड़ों के टुकड़े मिले हैं।

# एमबीबीएस के छात्रों ने जूनियर को पीटा

संवाददाता, हल्द्वानी





**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एक बार फिर रैगिंग का मामला सामने आया है। एमबीबीएस के पांच सीनियर छात्रों ने एक जूनियर छात्र के साथ मारपीट की है। अनुशासन समिति की बैठक के बाद मामला एंटी रैगिंग कमेटी को सौंप दिया गया है।

मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस सीनियर 2019 का बैच पासआउट होने वाला है। इसके लिए बीते गुरुवार को 2020 बैच के जूनियर छात्रों ने रामपुर रोड एक होटल में फेयरवेल पार्टी आयोजित की थी। इस पार्टी में एक जूनियर छात्र ने सीनियर (इंटर्नशिप) छात्र की महिला मित्र (कॉलेज की छात्र नहीं थी) पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। जिसके बाद सीनियर और जूनियर छात्र के बीच गहमा-गहमी हो गई। रात लगभग 9 बजे सभी छात्र हॉस्टल में लौट आए। बताया जाता है कि करीब 1 बजे एक पीजी जेआर, दो इंटर्न छात्र, वर्ष 2020 बैच का एक छात्र व एक नर्सिंग का छात्र पार्टी में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले छात्र के हॉस्टल पहुंचे और उसकी धुनाई लगा दी। हंगामे की सूचना पर सुरक्षा कर्मी हॉस्टल पहुंचे और बीच-बचाव कर छात्रों को शांत कराया। सूचना पर कॉलेज प्रबंधन भी मौके पर पहुंच गया। तब तक मामला शांत हो चुका है। शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने मारपीट करने वाले सभी सीनियर पांचों छात्रों व पीड़ित छात्र को बुलाया और जमकर लताड़ लगाई। पीड़ित छात्र के लिखित शिकायत देने के बाद तुरंत अनुशासन समिति की बैठक बुलाई गई। जिसमें मामले को एंटी रैगिंग कमेटी को सौंपने का निर्णय लिया गया।

### छात्रों पर कार्रवाई का फैसला आज

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने आज शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बैठक में जूनियर छात्र के साथ मारपीट करने वाले पांचों सीनियर छात्रों पर कार्रवाई का निर्णय तय होगा।



छात्रों के बीच आपसी विवाद हुआ है। कॉलेज स्तर पर बैठक के बाद एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई है। बैठक में जो भी तय हुआ उसके आधार पर दोषी छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी। – **डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

# बाइक सवार युवक खाई में गिरे दोनों की मौत

**नैनीताल, अमृत विचार :** अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रहे बाइक सवार खाई में जा गिरे। इसमें बाइक सवार दोनों युवक की मौके मौत हो गई। बताया जा रहा है दोनों मृतक रिश्ते के भाई थे।

जानकारी के अनुसार राजेन्द्र सिंह रावल (25) व पुष्कर सिंह (26) बाइक से हल्द्वानी की तरफ जा रहे थे। भवाली ज्योलीकोट के बीच खुपी में बाइक अनियंत्रित होकर 50 फ़ीट नीचे गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा लेकिन दोनों की रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

**प्रशासन की सख्ती** — ऊधमसिंह नगर में पीसीबी से सहमति नहीं लेने पर विभाग ने भेजे नोटिस

# 90 उद्योगों पर लटकी बंदी की तलवार

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ नोटिस के बाद भी आवेदन नहीं करने पर हो सकती है बंदी की कार्रवाई



**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जिले में 90 उद्योगों पर बंदी की तलवार लटक रही है। इन उद्योगों ने पीसीबी से सहमति लेने की अवधि खत्म होने के बाद भी आवेदन नहीं किया है। ऐसे में पीसीबी ने इन्हें नोटिस भेज आवेदन करने को कहा है। यदि इसके बाद भी यह उद्योग आवेदन नहीं करते हैं, तो इनके खिलाफ पीसीबी बंदी की कार्रवाई कर सकता है।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर जिले में छोटे-बड़े उद्योग मिलाकर इनकी संख्या 1490 के करीब है। उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के नियमानुसार उद्योग चलाने के लिए उद्योग प्रबंधन को पीसीबी से सहमति लेना अनिवार्य है। पहले उद्योग चलाने के लिए सहमति की अवधि कम थी।

इस कारण उद्योगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन पीसीबी ने उद्योगों को तीन कैटेगरी में विभाजित कर सहमति लेने की अवधि को भी बढ़ा दिया। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक ग्रीन कैटेगरी में आने वाले उद्योगों को अधिकतम 15 साल, ऑरेंज कैटेगरी के उद्योगों को 10 साल तो रेड कैटेगरी के उद्योगों को अधिकतम पांच साल की अवधि के लिए सहमति प्रदान की जाती है।

ऐसे में जिले के 90 उद्योग ऐसे हैं, जिनकी सहमति समाप्त हो चुकी है और उन्होंने 2 मार्च 2023 से सहमति के लिए आवेदन नहीं किया है। इस पर पीसीबी ने इन उद्योगों को नोटिस जारी कर सहमति के लिए आवेदन करने को कहा है।

जिले के 90 उद्योगों ने सहमति लेने के लिए आवेदन नहीं किया है। उन्हें नोटिस भेजकर विभाग में सहमति के लिए आवेदन करने को कहा गया है। यदि इसके बाद भी यह उद्योग आवेदन नहीं करते हैं तो इनके खिलाफ बंदी की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।
–**नरेश गोस्वामी,** क्षेत्रीय अधिकारी, पीसीबी काशीपुर

# राज्य में हो सकती है भारी बर्फबारी, ऑरेंज अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने राज्य में ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसकी वजह पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना बताया जा रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य के उत्तराकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं 3500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है। राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि के साथ ही 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ तीन मार्च तक सक्रिय रह सकता है। एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, हिमपात से संभावित क्षति, मार्ग बाधा, संवदेनशील नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में घटनाओं से निपटने के लिए सभी अधिकारी अलर्ट पर रहेंगे।

जनपद में हिमपात, ओलावृष्टि, पेड़ों के गिरने से यातायात बाधित होने की दृष्टिगत पेड़ों के त्वरित निस्तारण व सतर्कता बनाए रखने के लिए अलर्ट रहेंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सभी संबंधित खंडों को उक्त अवधि में जेसीबी, गैंग की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर

### धर्मांतरण के लिए दबाव डालने का आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र : जिले की राबर्टसगंज कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपनी असली पहचान छिपाकर एक महिला से दोस्ती करने और उससे शादी करने के बाद उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि महिला ने राबट्‌र्सगंज कोतवाली में लिखित शिकायत दी कि रिजवान हुसैन के बेटे शाहजेब उर्फ रोहन राय ने अपनी असली पहचान और धर्म छिपाकर फेसबुक पर उससे दोस्ती की और बाद में उससे शादी कर ली। पुलिस के अनुसार महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि शादी के बाद वह उस पर दहेज और धर्म बदलने के लिए दबाव बनाने लगा और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को आजीवन कारावास

मथुरा : जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता (पॉक्सो अधिनियम) अलका उपमन्यु ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) राम किशोर ने गुरुवार को आरोपी नेहना उर्फ लोकेश को आजीवन कारावास के साथ 32 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। उपमन्यु के मुताबिक, आरोपी ने 23 मई 2023 को 16 वर्षीय एक नाबालिग लड़की से उस समय छेड़छाड़ की जब वह अपने घर के बाहर खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी के दो नाबालिग साथियों ने घटना का वीडियो बनाने और उसे वायरल करने की धमकी भी दी थी। मथुरा के जमुना पार थाने में 26 मई 2023 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# आस्था ही नहीं रोजगार के भी बड़े केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी और मथुरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- 48 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का होगा निवेश
- 14 हजार लोगों को मिल सकेगा रोजगार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में हिंदु समाज के आस्था के सबसे बड़े केंद्र अयोध्या, काशी और मथुरा अब रोजगार के भी बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरुआत हो चुकी है।

इस निवेश के जरिए व्यापक स्तर पर यहां रोजगार के द्वार खुल रहे हैं। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं, अकेले उनके माध्यम से यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरुआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी।

### अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ की योजनाएं

अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होने जा रही है। इसी तरह वाराणसी की बात करें तो करीब 19250 करोड़ की निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। वहीं, मथुरा में करीब 16,600 करोड़ रुपए से 415 प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हुई है। यहां टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 11 हजार से अधिक नौकरियां मिलने की संभावना है।

### बरेली में भी उतरेंगे करोड़ों के प्रोजेक्ट्स

अन्य धार्मिक स्थलों (प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिषारण्य (सीतापुर), बरेली) के जरिए भी 77,312 करोड़ रुपए के कुल 902 प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतर रहे हैं। इसके माध्यम से हजारों रोजगार मिलने की संभावना है। इन चारों धार्मिक स्थलों में होने जा रहे टॉप-5 प्रोजेक्ट्स के जरिए यहां 12,500 से ज्यादा रोजगार प्रदान करेंगे। इस कड़ी में बरेली में इफ्को (638 करोड़ रुपए), सिंह एंटरप्राइजेज (605 करोड़ रुपए), रिंकू डेयर प्रोप (490 करोड़ रुपए), रियलप्लाई प्लाइवुड्स एलएलपी (408 करोड़ रुपए) और धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लि. (350 करोड़ रुपए) मिलकर करीब 3000 लोगों को सेवायोजन के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

# पहले दिन खुले 3266 केंद्र, गेहूं खरीद शून्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2024-25 सरकारी गेहूं खरीद के लिए 1 मार्च से अधिकांश जिलों पर 3266 क्रय केंद्र संचालित हो गए। लेकिन, गेहूं की कटाई न होने के कारण खरीद नहीं हुई। हालांकि गेहूं खरीद की तैयारी करने के लिए पहले से केंद्र संचालित किए गए हैं। इसकी किसानों को जानकारी हो सके और पंजीयन से लेकर अन्य प्रक्रिया कर सकें। ताकि खरीद शुरू होने के दौरान किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पिछले वर्ष बाजार भाव अधिक होने के कारण खरीद बेहद कम हुई थी। जो लक्ष्य के अनुसार पूर्ति करने के लिए पहले से तैयारी की गई है। इस बार भी प्रदेश में 6500 केंद्रों पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 15 जून तक खरीद की जाएगी। पहले दिन शुक्रवार शाम तक 1,10,759 किसानों ने पंजीयन कराया।

### 15 मार्च से बुंदेलखंड में शुरू होती कटाई

बुंदेलखंड में सबसे पहले गेहूं तैयार होता है। जो 15 मार्च से कटना शुरू होता है और किसान तैयार कर 1 अप्रैल से क्रय केंद्रों पर बेचना शुरू करते हैं। जबकि अन्य क्षेत्रों में 1 अप्रैल से कटाई शुरू होती है और 15-20 अप्रैल के आसपास बेचने लगते हैं। इस कारण पिछले वर्षों में क्रय केंद्र 1 अप्रैल से ही खुलते आए हैं।

- 6500 केंद्रों पर 60 लाख एमटी गेहूं खरीदने का लक्ष्य
- कटाई से पहले केंद्र खुलने के चलते पसरा रहा सन्नाटा

**लखनऊ में खुले 45 केंद्र**

क्रय नीति के अनुसार लखनऊ में 45 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। इसमें शाखा विपणन के 11, पीसीएफ 31 व एफसीआई के तीन केंद्र शामिल हैं। हालांकि केंद्रों पर आवक न होने के कारण सन्नाटा रहा और खरीद की तैयारी की गई। डिप्टी आरएमओ निश्चल आनंद ने बताया कि किसानों को जागरूक कर पंजीयन करा रहे हैं।

### खरीद के लिए यह संस्थाएं अधिकृत


शाखा विपणन, मंडी परिषद, उप्र सहकारी संघ, उप्र को-आपरेटिव यूनियन, उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित व भारतीय खाद्य निगम।

# 50 साल चला 1200 रुपये गबन का मामला, कोर्ट ने किया बरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बिसौली की साधन सहकारी समिति लिमिटेड पर सचिव रहे पोशाकी लाल पर 1200 रुपये के गबन में लगभग 50 साल पहले रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम रिचा शर्मा ने मुकदमा का निस्तारण किया। साक्ष्य व संदेह के आधार पर तत्कालीन सचिव को दोषमुक्त कर दिया गया है। न्याय पाने के लिए सचिव को 50 साल की लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 1974 में बिसौली की साधन सहकारी समिति के एडीओ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। कहा कि उन्होंने 22 जून 1973 को पूर्वी साधन सहकारी समिति लिमिटेड जाकर जांच की थी। उस दौरान कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी पोशाकी लाल समिति के सचिव थे। समिति के राजस्व अंकन में 1200 रुपये कम मिले थे। जांच के दौरान बताया गया कि 1200 रुपये 22 जून 1973 को सहकारी बैंक की बिसौली शाखा में जमा कराए गए हैं लेकिन समिति के पास बैंक की रसीद या बाउचर नहीं था। बैंक जाकर जांच की तो पता लगा कि रुपये जमा नहीं कराए गए थे। जांच में पाया गया कि समिति के सचिव पोशाकी लाल ने समिति के 1200 रुपये का गबन कर लिया है। कोतवाली बिसौली पुलिस ने विवेचना करने के बाद आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाई। जिसके बाद लगभग 50 साल से मामला कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। कोर्ट ने 14 गवाहों के बयान दर्ज किए। लंबी बहस चली। अभियोजन पक्ष मुकदमा साबित नहीं कर सका।


पोशाकी लाल

- बिसौली के साधन सहकारी समिति का मामला, 1974 में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

### कदाचार के आरोपी कांस्टेबल की याचिका खारिज

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कांस्टेबल द्वारा सेवा से उसकी बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि कांस्टेबल होने के नाते याची अनुशासित बल का सदस्य है। याची ने पुलिस की वर्दी में हापुड़ बस स्टैंड पर नशे की हालत में खड़े होकर घोर कदाचार का उदाहरण दिया है। उसने अपने दुष्कृत्य से पुलिस विभाग की छवि धूमिल की है। ऐसे अनुशासनहीन व्यवहार पर उसकी सेवा से बर्खास्तगी न्यायोचित है। अनुशासनात्मक प्राधिकरण के आदेश भी कानून के अनुसार हैं, जिसमें हस्तक्षेप का कोई प्रश्न नहीं उठता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने नूर अहमद की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें याची ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आईजी और डीआईजी,मेरठ द्वारा पारित आदेशों को चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मामले की जांच में कोई प्रक्रियात्मक दोष नहीं है।

# गबन के आरोपियों की ईडी जांच के आदेश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अदालत से**

- हाई कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा में लोटस 300 परियोजना के फ्लैट खरीदारों को धोखा देने के लिए मैसर्स हैसिएन्डा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड व मैसर्स श्री सी यूनिवर्सल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों/निदेशकों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज को दोषी माना है। इन पर धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रवर्तन निदेशालय को उन सभी निदेशकों/अधिकारियों तथा अन्य संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया है, जिनमें हैसिएन्डा प्रोजेक्ट्स ने गबन का पैसा लगाया है।

कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे बैंक ने हैसिएन्डा प्रोजेक्ट्स को 33 करोड़ रुपए का ऋण दे दिया? साथ ही कंपनी के खिलाफ दिवालिया याचिका दाखिल करने से पहले बैंक द्वारा निदेशकों की व्यक्तिगत गारंटी का उपयोग क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर को एक विशेष रियायत दी थी, क्योंकि भूमि का आवंटन करते समय कोई अग्रिम राशि नहीं ली गई थी। अग्रिम राशि घर खरीदारों द्वारा जमा की गई बुकिंग राशि से भुगतान की जानी थी। तीनों निदेशकों ने 236 करोड़ रुपए और 636 करोड़ रुपए के कुल कोष में से 190 करोड़ रुपए का गबन करके सभी को धोखा देने की बड़ी साजिश के एक हिस्से के रूप में इस्तीफा दे दिया। देनदारी से बचने के लिए छोटे कर्मचारी को कंपनी का कठपुतली निदेशक बना दिया। दरअसल, हेसिएन्डा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने स्टोर कीपर आनंद राम को निदेशक के रूप में नियुक्त कर दिया। यह धोखाधड़ी स्पष्ट रूप से बैंक और जनता के साथ-साथ राज्य के साथ की गई है। कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया, क्योंकि चूक का अंदाज़ा होने के बावजूद 2014 से पट्टे को रद करने या डिफॉल्ट राशि की वसूली के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। नोएडा प्राधिकरण ने प्रमोटरों को कंपनी के सभी फंडों को हड़पने और कंपनी को पूरी तरह से दिवालिया स्थिति में छोड़ने के लिए पर्याप्त समय दिया। अंत में कोर्ट ने प्राधिकरण को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट/पार्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और एक महीने के भीतर फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय समझौते और पंजीकृत डीड को निष्पादित करने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने पारित किया।

# पार्टी से गद्दारी करने वालों पर ठोस कार्रवाई जरूरी

एजेंसी, वाराणसी

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग पर कार्रवाई को जायज बताया

**हिमाचल** प्रदेश में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर कार्रवाई को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सही बताया है। उन्होंने कहा कि व्हिप का उल्लंघन करने वालों की सदस्यता रद करना नियम संगत है।

राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता रद करने की कार्रवाई को यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सही बताया है। उनका कहना है कि पार्टी के साथ गद्दारी करने वालों पर इसी तरह की ठोस कार्रवाई जरूरी है। राय ने विधायकों पर कार्रवाई को बड़ी नजीर बताया। अजय राय ने कहा कि व्हिप का उल्लंघन करने वालों की सदस्यता रद करना नियम संगत है। स्पीकर के पास यह अधिकार होता है कि जो कोई भी पार्टी के साथ गद्दारी करे, उसके साथ हिमाचल प्रदेश जैसी कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे कि मिसाल बने। कहा कि उत्तर प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में कुल 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इन पर भी हिमाचल प्रदेश जैसी कार्रवाई होनी जरूरी है।

# पुलिस विभाग में प्रमोशन-पोस्टिंग में मनमानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियमों को दरकिनार कर जिले के सशत्र पुलिस को भेजा गया पीएसी में
- प्रमोशन में नियम विरूद्ध हुई कार्रवाई पर पुलिसकर्मी उठा रहे सवाल

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग में प्रमोशन और पोस्टिंग में मनमानी किए जाने का मामला सामने आया है। एक तरफ जहां नियमों को दरकिनार कर जिले के सशत्र पुलिस को पीएसी में स्थानान्तरित किया गया है, वहीं प्रमोशन में नियम विरूद्ध कार्यवाही हुई हैं। इसको लेकर पुलिसकर्मियों की ओर से सवाल भी उठाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिनियम की धारा 2 के अंतर्गत भर्ती और उप्र पुलिस मुख्य आरक्षी पदोन्नति स्थानांतरण नियमावली 2008 के अंतर्गत परीक्षा देकर 429 जनपदीय सशस्त्र पुलिस के जवान, मुख्य आरक्षी बने थे। शासनादेश के तहत वर्ष 2015 में सभी मुख्य आरक्षियों को नागरिक पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस को जनपद में ग्रेड पे 2800 देकर एक साथ एक स्टार (सहायक उप निरीक्षक) लगाया गया और हेड कांस्टेबल प्रोन्नत वेतनमान पद दिया गया, लेकिन 2016 नवंबर में नियमावली को दरकिनार कर नागरिक पुलिस के सभी 1600 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति और ग्रेड पे 4200 दे दिया गया। लेकिन इसमें सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षियों को न तो पद दिया गया और न ही ग्रेड पे 4200 दिया गया।

बाद में दिसंबर 2022 को 315 सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षियों को पदोन्नति कर दिसंबर से 4200 ग्रेड पे दिया गया, जबकि इन्हें यह ग्रेड पे 2016 से ही मिल जाना चाहिए।

वहीं, नियमावली का उल्लघंन कर दिसंबर 2022 में पदोन्नति जनपदीय सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस को पीएसी में स्थानांतरित किया गया। पुलिसकर्मियों का कहना है कि इसके पहले कभी ऐसा नहीं किया गया।


## वर्ग पहेली-359

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर,जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।



### वर्ग पहेली - 358 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

## सुडोकू -76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

# कैंसर रोगियों को खोजेगी मोबाइल कैंसर डिटेक्शन यूनिट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अन्य व्यय के बजाए सर्वाइकल कैंसर निवारण वैक्सीनेशन में व्यय करना बहुत जरूरी है। क्योंकि एक महिला की मृत्यु हो जाने से उसका परिवार बर्बाद हो जाता है। केन्द्र सरकार ने इस साल के बजट में सर्वाइकल कैंसर से बचाव में वैक्सीनेशन के लिए बजट दिया है।

राज्यपाल, शुक्रवार को राजभवन से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की 'मोबाइल कैंसर डिटेक्शन यूनिट' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद बोल रही थी। उन्होंने बताया कि सी-डेक द्वारा तकनीकि रूप से तैयार की गई भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की बस में हर प्रकार के कैंसर की जांच संभव है, इसके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि महिलाओं में कैंसर रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन हेतु लोहिया संस्थान में एक अकाउंट भी बनवाया हुआ है, जिसमें प्राप्त डोनेशन से बालिकाओं का वैक्सीनेशन भी किया गया।




- केजीएमयू से चलेगी मोबाइल कैंसर डिटेक्शन यूनिट बस

### गांव में ही मिलेगी कैंसर जांच व इलाज की सुविधा

केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि अर्ली डिटेक्शन से कैंसर की प्रभावी इलाज संभव है, ये मोबाइल यूनिट सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि इसमें इलेक्ट्रानिक मेडिकल रिकार्ड सिस्टम और डैशबोर्ड शामिल है। साथ ही डिजिटल एक्स-रे, कैंसर का आकलन, विभिन्न बायोमार्कर और ट्यूमर मार्करों की माप, कैंसर का डिटेक्शन, अल्ट्रासाउण्ड स्कैन से स्तन, पेट, प्रजनन अंगों में ट्यूमर की पहचान, ईसीजी सुविधा, क्रायोथेरेपी उपचार, कोल्पोस्कोप से सर्वाइकल कैंसर की जाँच और बायोप्सी में मदद मिलेगी। यूनिट में टेली मेडिसिन और टेली परामर्श से विशेषज्ञ की सलाह ली जा सकती है।

### कार पर गिरा ओवरलोड ट्रक, बैंक प्रबंधक की मौत

अमृत विचार, अमृत विचार : रामपुर की ओर से आ रहा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर गिर गया। जिससे बैंक प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पुलिस के मुताबिक हेमंत सिंह राणा रामपुर के बोहत कस्बे में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में शाखा प्रबंधक थे। बैंक का कार्य समाप्त करके घर डिफेंस कॉलोनी थाना इज्जतनगर कार से आ रहे थे। बिलवा पुल के पास उन्होंने जौ लेकर जा रहे ट्रक को ओवर टेक करते करते सकमय बेकाबू होकर कार के ऊपर गिर गया। राणा को कार की खिड़की काटकर निकाला गया और तुरंत राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा भेज दिया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च,शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** – आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

**वृष** – आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**मिथुन** – आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

**कर्क** – आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**सिंह** – आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

**कन्या** – आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।


**धनु** – आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

**मकर** – आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**कुंभ** – आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

**मीन** – आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जुआरी – सुबह : 09 .26
अनाड़ी – शाम : 04 .29

**SONY PIX**
सीजे 7 – सुबह : 10 .33
इट – रात : 09 .00

**SONY MAX**
झुंड – सुबह : 11 .34
डायल 100 – रात : 07 .55

**ZEE CINEMA**
करन अर्जुन – दोपहर : 01 .30
ए टेबल फार टू – रात : 10 .00

**colors CINEPLEX**
जुगजुग जियो – सुबह : 09 .37
हैलो ब्रदर – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

# कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

## पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।



कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

### खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराए। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार के साथ इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में



मैक्सिको ओपन

एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

### सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप

### अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

काठमांडू, एजेंसी। अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता



टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी। आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।

# हैरिस के अर्धशतक से यूपी ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

## गुजरात को 142 रन पर रोका, 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर पाया लक्ष्य

बेंगलुरु, एजेंसी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 60 | रन* | 9 | चौके |
| 33 | गेंद | 2 | छक्के |




सोफी एकलेस्टन (20 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी से यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में शुक्रवार को गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से मात दी। यूपी ने गुजरात को 5 विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में 4 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया।

यूपी की यह दूसरी जीत और गुजरात की यह तीसरी हार है। प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने 9 चौके और 2 छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (नाबाद 17) के साथ 53 रन की साझेदारी की। उन्होंने श्रीलंका की चमारी अटापट्टू (17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 7 चौके की मदद से 33 रन बनाए। गुजरात के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर 2 विकेट लिए। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी से गुजरात 140 रन को पार करने में सफल रहा। लिचफील्ड ने 26 गेंद में 4 चौके और 1 छक्का लगाया। गार्डनर ने 17 गेंद में इतने ही चौके और छक्का जड़ा। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन यूपी ने कसी हुई गेंदबाजी कर रन बनाने का मौका नहीं दिया। यूपी के लिए सोफी एकलेस्टन ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड को 1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 4 चौके जड़े। पांचवें ओवर में तनुजा ने किरण नवगिरे की 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके से खाता खोला। कैथरीन ब्राइस ने हीली को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलाई। हैरिस ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़ दबाव कम किया। उन्होंने मन्नत कश्यप के ओवर में 2 चौके और छक्का जड़ा। तनुजा ने अटापट्टू से 2 चौका खाने के बाद इस बल्लेबाज को चलता किया। हैरिस ने 14वें ओवर में गार्डनर की गेंद पर छक्का जड़ा। दीप्ति ने आखिरी दो गेंदों पर दो चौके लगाए। हैरिस ने 15वें ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 2 चौके जड़ 30 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 142/5, लॉरा वुलफार्ट 28, बेथ मूनी 16, हरलीन देओल 18, फीबी लिचफील्ड 35, एश्ली गार्डनर 20। **विकेट:** राजेश्वरी गायकवाड़ 1, सोफी एकल्सटन 3।

**यूपी वॉरियर्स:** 143/4, अलिसा हीली 33, किरण नवगिरे 12, चमारी अटापट्टू 17, ग्रेस हैरिस नाबाद 60, दीप्ति शर्मा नाबाद 17। **विकेट:** मेघना सिंह 1, कैथरीन ब्राइस 1, तनुजा कंवर 2।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

वेलिंगटन,एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला



पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

# वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

लंदन, एजेंसी




इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

# मुंबई-तमिलनाडु रणजी सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

मुंबई, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं।

### टीम में श्रेयस की मौजूदगी शानदार

मुंबई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को छोड़कर शनिवार से तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल में टीम के लिए प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों अपनी टीम के लिए रणजी में नहीं खेले थे।



# बॉलीवुड हलचल

## पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



मुंबई, एजेंसी। प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

### सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



मुंबई, एजेंसी। गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

## फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

**अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्डा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।**



पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्डा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

● यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, इंईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

# राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।





**14** प्रतिशत अरबपति सांसद 19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

**28** कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज

### इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

### 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

### राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति



राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87 .12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

## एक नजर



### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल: बिल गेट्स

**एकता नगर।** दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स गुजरात के मेहमान बन गए हैं। वह सरदार पटेल को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने के लिए वडोदरा हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर द्वारा केवडिया पहुंचे। उन्होंने 182 मीटर ऊंची प्रतिमा को देखकर इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल बताई। गुजरात प्रोटोकॉल मंत्री जगदीश विश्वकर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

### दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता



**दुबई।** यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

### सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष देश के कई पेट्रोल पंप बंद

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

### अमेरिका: फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई।

# बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

## 22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।





ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

### प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

## 5 साल बाद रिहा हुए सुल्तान कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाने की पुलिस ने बुलाया और रैनावाड़ी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा किया गया था।

# नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।



### इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

**पेशावर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

### इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...



सैम कुरेन



रिहाना



मार्क जुकरबर्ग



मध्य में इवांका ट्रंप

**जामनगर :** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, इनके अलावा, इंग्लैंड के क्रिकेटर सैम कुरेन, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

# आतंकवाद -नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

● रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव



गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

## पुतिन विरोधी नारों के बीच लोगों ने नवलनी को दी अंतिम विदाई

**मॉस्को।** क्रेमलिन की चेतावनी के बाद भी शुक्रवार को हजारों की संख्या में समर्थक एलेक्सी नवलनी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वे नवलनी-नवलनी के नारे लगा रहे थे। कुछ समर्थकों ने पुतिन विरोधी नारे लगाए। इस दौरान आसपास कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। उन्हें मॉस्को में बोरिसोव्स्की कब्रिस्तान में दफनाया गया। अंतिम यात्रा में उनकी मां ल्यूडमिला और पिता अनातोली शामिल हुए। रूस से बाहर होने के कारण उनकी पत्नी और बच्चे इसमें शामिल नहीं हुए। अमेरिका समेत कई देशों के राजदूत भी शामिल हुए।



## अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस का धरती से टूटा संपर्क

**वाशिंगटन।** करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था।

नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, कुछ दिन पहले कुछ चंद्रमा की तस्वीरे भी साझा की गई थी। अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया। बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली।

**विज्ञान** एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

# एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।



इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

### भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश । क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

## ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए 59 हजार केंद्रों पर हुआ मतदान

**दुबई।** हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। शुक्रवार को लोगों ने देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान किया। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।

# संघ को समझने के लिए दिमाग से अधिक दिल जरूरी: होसबाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● सरकार्यवाह बोले- डॉ. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त, उन्होंने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझने के लिए दिमाग से ज्यादा दिल की जरूरत है। यह कहना है कि आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का। उन्होंने संगठन के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के योगदान और समाज के लिए दिए गए उनके संदेश को समझाया। होसबले शुक्रवार को संसद परिसर में स्थित जीएमसी बालयोगी सभागार में मैन ऑफ द मिलेनिया डॉ. हेडगेवार पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे थे।

विमोचन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार एक जन्मजात देशभक्त थे। वे ब्रिटिश शासन के कारण देशभक्त नहीं थे। वह देशभक्त इसलिए थे क्योंकि उन्हें लगता था कि इस देश में जन्म लेना देशभक्त होना उनका कर्तव्य और उनकी जिम्मेदारी है। हेडगेवार एक अप्रतिबद्ध और सक्रिय देशभक्त थे। वह देश के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया।



उन्हें दो बार जेल भेजा गया। होसबाले ने कहा कि हमेशा कहता हूं संघ को दूर से न समझें। संघ के करीब आएं और उसे देखें। अगर आपको पसंद न आए तो चले जाएं। संघ को समझने के लिए दिमाग की जरूरत है। लेकिन दिमाग से ज्यादा दिल की जरूरत है।